


हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

धनबाद, मंगलवार, 17 सितंबर, 2024 वर्ष : 33 अंक : 167 मूल्य : 2 रुपए

धनबाद व रांची से एक साथ प्रकाशित


**अवकाश**

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर प्रेस और कार्यालय 17 सितंबर 2024 को बंद रहने के कारण कोयलांचल संवाद का अगला प्रकाशन 19 सितंबर 2024 को होगा।

प्रबंधक

**शुभकामना**

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कोयलांचल संवाद परिवार की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं व हॉकरों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई।

संपादक

# लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से डैम लबालब , नदियां उफान पर

### पूरे झारखंड में तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश, रेड अलर्ट जारी

### राजधानी रांची समेत इन जिलों में येलो अलर्ट जारी

**रांचीः** बंगाल की खाड़ी से उठा डिप्रेशन डीप डिप्रेशन में तब्दील होकर झारखंड पहुंच चुका है. इसके असर से पूरे झारखंड में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है. झारखंड के कई जिलों में विश्वकर्मा पूजा के दिन भी भारी बारिश होगी. मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी कर तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी है. बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण रविवार से ही कई जिलों में भारी बारिश हो रही है.

वहीं सोमवार को भी लोगों को बारिश से राहत नहीं मिली. लगातार हो रही बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है. मौसम केंद्र ने पलामू प्रमंडल में रेड अलर्ट जारी कर भारी बारिश से बचने की सलाह दी है. इस दौरान तापमान में भी कोई बदलाव न होने की संभावना है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने कहा है कि 17 सितंबर को पलामू और गढ़वा जिले में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. चतरा और लातेहार में भारी बारिश होगी. रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद में मंगलवार को भारी बारिश होगी. मौसम केंद्र ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी कर लोगों को सावधान रहने को कहा है. इस दौरान इन इलाकों में 7-11 सेमी बारिश होने की संभावना है.

### लगातार बारिश से सुग्गा बांध



### फॉल का दृश्य हुआ विकराल

जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण लगभग सभी नदियां उफान पर हैं. सुग्गा फॉल ने विकराल रूप धारण कर लिया है. फॉल से पहले ही चट्टानों से नदी के पानी के टकराने से लहरों का जो भयंकर शोर उठ रहा है, उस कारण डर के मारे लोगों के रोंगटे खड़े हो जा रहे हैं. दरअसल सुग्गा बांध फॉल लातेहार जिले के गारू प्रखंड में पड़ता है. यह लातेहार जिले का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जहां देश के कोने-कोने से लोग पहुंचते हैं. पिछले तीन दिनों से हो रहे बारिश के कारण नदी उफान पर है. नदी की तेज धार जब चट्टानों से टकरा रही है तो जो भयंकर शोर उठ रहा है, वह काफी दूर तक सुना जा सकता है.

### स्वर्णरेखा और खरकई नदी में बढ़ा जलस्तर

लगातार हो रही बारिश से स्वर्णरेखा और खरकई नदी भी उफान पर हैं. दोनों नदियों में जलस्तर काफी बढ़ गया है. नदियों के किनारे रहने वालों से सर्तक रहने की अपील की गई है. साथ ही नदी की ओर नहीं जाने का भी आग्रह किया गया है.

### कैबिनेट मंत्री ने किया आगाह

कैबिनेट मंत्री बन्ना गुप्ता ने नदियों के बढ़ते जल स्तर को लेकर आगाह किया है. उन्होंने सोशल मीडिया में पोस्ट कर जमशेदपुर डीसी से राहत एवं बचाव कार्य में जुटने का किया आह्वान किया है. कहा है कि लगातार तीन दिन से हो रही बारिश के कारण स्वर्णरिखा एवं खरकई नदी का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और खतरे के निशान के करीब है, नदी तट पर रहने वाले लोगों से अनुरोध है कि सतर्क रहें. डीसी को कहा है कि मामले में सतर्कता बरतते हुए ऐसे पीड़ितों को चिन्हित करते हुए सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने का उपाय करें साथ ही उनके दवाइयों, रहने और खाने का भी इंतजाम सुनिश्चित करें.

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार में 1000 नए टीकाकरण कॉर्नर का उद्घाटन

फुलवारी शरीफ (ईएमएस)। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने फुलवारी शरीफ के कुरकुरी गांव से हर प्रखंड के दो-दो हेल्थ एंड वेलनस सेंटरों में बने 1000 नए टीकाकरण कॉर्नर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी व सीएम नीतीश के मार्गदर्शन में राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो रही है। बच्चों और गर्भवती महिलाओं के 95 प्रतिशत टीकाकरण के लिए राज्य में जल्द ही 1000 और नए टीकाकरण कॉर्नर शुरू किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने ऐलान किया कि राज्य में पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित कर स्वस्थ समाज और राष्ट्र का स्वप्न साकार करने के लिए जल्द ही 12 हजार नर्सें और अन्य चिकित्साकर्मियों की नियुक्ति होगी। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में सभी के नियमित टीकाकरण की नीतिश जी की सोच साकार हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री पांड़ेय ने कहा कि संक्रामक रोगों के नियंत्रण व उन्मूलन के लिए छह माह में प्रतिरक्षण को 87 प्रतिशत से बढ़ाकर 95 प्रतिशत किया जाएगा। इसके लिए मॉडल टीकाकरण केंद्रों का संचालन, मुख्यमंत्री सघन टीकाकरण अभियान, समय-समय पर मिशन इंद्रधनुष अभियान चलाए जा रहे हैं। हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों पर टीकाकरण के साथ-साथ 12 प्रकार की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

### डेंगू का प्रकोप जारी, पटना में अब तक 796 मरीज मिले

पटना (ईएमएस)। पटना समेत बिहार डेंगू का प्रकोप जारी है। सबसे अधिक डेंगू के मरीज पटना में ही मिल रहे हैं। अब तक राज्य में 1726 तो पटना में 796 डेंगू के मरीज मिल चुके हैं। राज्य में डेंगू के 89 नए मरीज भी मिले हैं। इसमें पटना के 40 मरीज हैं। कंकड़बाग, अजीमाबाद इलाके डेंगू के हॉट स्पॉट हैं। इन इलाकों में अधिक मरीज मिल रहे हैं। स्टेट प्रोग्राम आफिसर डॉ अशोक का कहना है कि अभी जो स्थिति है उसमें घर में या आसपास में पानी जमा नहीं होने दें। साफ पानी में ही डेंगू के मच्छर पनपते हैं। डेंगू से बचाव के लिए सभी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिये जा चुके हैं। डेंगू के मच्छर दिन में काटते हैं।

### बिहार के 6 जिलों में भारी बरसात की चेतावनी, वज्रपात का भी अलर्ट जारी

पटना, (ईएमएस)। बिहार में मानसून सक्रिय रहने वाला है। दक्षिण बिहार के ज्यादातर जिलों में झमाझम बारिश के संकेत हैं। पटना मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण बिहार के कई जिलों में मूसलाधार बरसात की संभावना है। दक्षिण बिहार के छह जिलों में भारी बारिश के साथ आकाशीय बिजली चमकने और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की गई है। इन छह जिलों में रोहतास, कैमूर और औरंगाबाद के कुछ-कुछ स्थानों पर बहुत ज्यादा भारी बारिश की चेतावनी दी गई है जबकि गया, नवादा, अरवल में भारी बारिश के साथ वज्रपात की संभावना है। राजधानी पटना और उसके आसपास के जिलों में भी मानसून सक्रिय रहेगा। रुक-रुक कर वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, मानसून की अक्षीय रेखा समुद्र तल पर फिरोजपुर, पटियाला, शाहजहांपुर, बलिया और गंगीय पश्चिम बंगाल के गहरे दबाव के केंद्र से दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर बंगाल की खाड़ी से गुजर रही है। इसके चलते आज दक्षिण बिहार के 19 जिलों में मानसून सक्रिय रहने का पूर्वानुमान है। सभी जिलों में हल्की या मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की जा सकती है। उत्तर बिहार के सारण, वैशाली और गोपालगंज में भी हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा का पूर्वानुमान है। उत्तर बिहार के ही अन्य जिलों में बादल छाए रहने के साथ हल्की वर्षा दर्ज की जा सकती है। तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट का पूर्वानुमान है। बिहार में मानसून की सक्रियता पिछले तीन दिनों से देखी जा रही है। हालांकि आज दिनांक 17 सितंबर के बाद से राज्य का मानसून फिर कमजोर पड़ सकता है।

### दिल्ली का सीएम कौन होगा यह आज हो जाएगा तय : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा देने के ऐलान के बाद नया सीएम कौन होगा इसको लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। अब इसको लेकर आम आदमी पार्टी (आप) नेता सौरभ भारद्वाज ने अटकलों पर विराम लगा दिया है। भारद्वाज ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि आज सोमवार ईद मिलादुन्नबी की छुट्टी है। कल यानी मंगलावर को सीएम अरविंद केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा देंगे। केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को दिल्ली का सीएम बनाया जा सकता है। वहीं, दावा यह भी किया जा रहा है कि आप सरकार में एक दर्जन से ज्यादा विभाग संभाल रही मंत्री आतिशी भी सीएम बन सकती हैं। इन्हीं सब अटकलों के बीच सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा मंजूर होते ही पार्टी विधायक दल की बैठक बुलाएगी। हमारे पास 60 विधायक हैं। विधायक दल की बैठक में जिस नाम पर सहमति बनेगी। वही दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री होगा। दिल्ली में कामकाज, नए मुख्यमंत्री के मुताबिक ही होगा। भारद्वाज ने बताया कि सोमवार की छुट्टी की वजह से मंगलवार को तय हो जाएगा कि सीएम कौन बनेगा। अभी मैं यह नहीं कह सकता हूं कि सीएम कौन बनेगा।

### देश में कुछ भी गलत होता है, तो इसका असर हिंदू समाज पर पड़ता हैः भागवत

अलवर,(ईएमएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने राजस्थान के अलवर में एक कार्यक्रम में कहा कि हिंदू होने का मतलब उदार होना और सभी के प्रति सद्भावना दिखाना है, भले ही उनकी धार्मिक मान्यताएं, जाति, आहार संबंधी प्रथाएं कुछ भी हों। उन्होंने हिंदू समाज को देश का कर्ता-धर्ता बताया। भागवत ने कहा कि अगर इस देश में कुछ भी गलत होता है, तो इसका असर हिंदू समाज पर ही पड़ता है क्योंकि हिंदू समाज देश का कर्ता-धर्ता है, लेकिन अगर कुछ अच्छा होता है, तो इससे हिंदुओं का गौरव बढ़ता है। भागवत ने कहा कि जिसे हिंदू धर्म कहा जाता है, वह संक्षेप में एक सार्वभौमिक मानव धर्म है। उन्होंने कहा कि हिंदू सबकी भलाई चाहता है। हिंदू होने का मतलब दुनिया का सबसे उदार व्यक्ति होना है, जो सभी को गले लगाता है, सभी के प्रति सद्भावना दिखाता है और उसे यह संस्कार उसके पूर्वजों से मिले हैं। वह शिक्षा का उपयोग किसी को नीचा दिखाने के लिए नहीं बल्कि ज्ञान बांटने के लिए करता है, धन का उपयोग भोग-विलास के लिए नहीं बल्कि दान के लिए करता है और शक्ति का उपयोग कमजोर लोगों की रक्षा के लिए करता है. उन्होंने कहा कि जो इन मूल्यों और संस्कृति के साथ रहता है, वह हिंदू है। चाहे वह किसी की भी पूजा करता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, उसकी जाति, क्षेत्र या आहार-व्यवहार कुछ भी हो। भागवत ने कहा कि एक समय संघ को बहुत से लोग नहीं जानते थे, लेकिन अब इसे व्यापक मान्यता और सम्मान प्राप्त है।

### शाह की दो टूक, आंतकवाद को इतना नीचे दफन किया जाएगा.....फिर से कभी लौटकर नहीं आएगा

## अब्दुल्ला और गांधी परिवार आंतकवाद के पोषक

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में रैली के दौरान कहा कि हमारी सरकार ने आतंकवाद को उस स्तर तक दफनाने का संकल्प लिया है, जहां से वहां फिर न लौट सके। केंद्रीय मंत्री शाह ने नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पर अपने परिवार की सरकार' बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाकर कहा कि वे जम्मू कश्मीर में सत्ता में नहीं आ सकते। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 इतिहास बन गया है, वापस नहीं आ सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर को फिर से आतंकवाद की ओर धकेलना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि हमने विभाजन के दिन देखें, 1990 में आतंकवाद के दिन देखें। चंद्रिका शर्मा हों या परिहार बंधु हों...



सभी ने कुर्बानियां दीं। उन्होंने कहा कि मैं आज इस क्षेत्र सहित जम्मू-कश्मीर की जनता से वादा करता हूं कि हम आतंकवाद को इतना नीचे दफन करने वाले हैं कि कभी बाहर नहीं आ पाएगा। उन्होंने कहा कि 1990 की तरह आज भी प्रयास हो रहे है, यहां आतंकवाद को फिर से मजबूत करने के प्रयास है। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने यहां कुछ वादें किए हैं कि उनकी सरकार आएगी तब आतंकवादियों को छोड़ा जाएगा। मैं आज आप लोगों को कहता हूं कि ये नरेन्द्र मोदी सरकार है, किसी की हिम्मत नहीं है, भारत की भूमि पर आतंकवाद फैलाए।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का ये चुनाव स्पष्ट रूप से दो ताकतों के बीच है। एक ओर परिवारवादी नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस है और दूसरी ओर भाजपा है। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि अगर हमारी सरकार बनी तब धारा-370 को वापस लाएंगे। पहाड़ियों और गुर्जर भाइयों को जो आज आरक्षण मिला है, वहां आरक्षण धारा-370 के रहते नहीं मिल सकता था। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जो धारा-370 हटाई, वहां अब इतिहास का पन्ना हो गई है। भारत के संविधान में अब धारा-370 के लिए कोई जगह नहीं रह गई है। जम्मू कश्मीर में अब दो विधान, दो प्रधान और दो झंडे कभी नहीं हो सकते हैं। झंडा सिर्फ हमारा प्यारा तिरंगा होगा।

भाजपा के चाणक्य ने कहा कि एक ओर वे लोग (नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस) आतंक से लैस जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं, दूसरी ओर मोदी जी विकसित कश्मीर बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि धारा-370 हटने के बाद यहां की महिलाओं को जो आरक्षण मिला है, इस आरक्षण को नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस समाप्त करना चाहती हैं, वहीं मोदी जी महिलाओं के साथ गुर्जर, पहाड़ी, दलित और ओबीसी को भी आरक्षण का अधिकार देना चाहते हैं।

शाह ने कहा कि एनसी और कांग्रेस का गठबंधन हमेशा से आतंकवाद का पोषक रहा है।

### सीएम ममता का प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को अंतिम निमंत्रण

कोलकाता,(ईएमएस)। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए जघन्य हत्याकांत के बाद पूरे देश में बवाल मच गया इसको लेकर अभी भी विरोध प्रदर्शन जारी है। डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर विरोध कर रहे हैं। इसी बीच पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को फिर से अपने आवास पर बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। सीएम ममता ने कहा कि यह पांचवां और अंतिम निमंत्रण है। बंगाल के मुख्य सचिव ने डॉक्टरों से खुले दिमाग के साथ बातचीत के लिए सीएम ममता से उनके कालीघाट आवास पर मिलने का आग्रह किया है। इससे पहले, डॉक्टर ने आरोप लगाया था कि उन्होंने राज्य सरकार द्वारा तय सभी शर्तों को स्वीकार कर लिया था, लेकिन अंतिम समय में सरकार ने उन्हें ठुकरा दिया। इस बीच, सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने जो जवाब दिए वह पॉलीग्राफ टेस्ट और स्तरित आवाज विश्लेषण के दौरान भ्रामक पाए गए। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। वहीं, प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों का राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन के बाहर आठवें दिन भी धरना जारी था और लगातार 36वें दिन उन्होंने काम बंद रखा। बता दें सीएम ममता बनर्जी शनिवार को धरनास्थल पर अचानक पहुंची और उन्हें उनकी मांगों पर गौर करने और दोषी पाए जाने वाले हर व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन गतिरोध को दूर करने के लिए प्रस्तावित बातचीत विफल होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि सीएम आवास पर तीन घंटे तक इंतजार करने के बाद उन्हें कार्यक्रम स्थल से चले जाने को कहा गया।

## भारत के 17 शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा : पीएम मोदी

### पीएम सूर्य घर योजना से करीब 20 लाख नौकरियों का सृजन होगा, 3 लाख युवाओं को हुनरमंद बनाएंगे

गांधीनगर (ईएमएस)| गुजरता की राजधानी गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट और एक्सपो का उद्घाटन किया और इस कार्यक्रम को इसे ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और नीति निर्माण के भविष्य पर चिंतन का उत्सव बताया| साथ ही कहा कि एक-दूसरे के अनुभव पर आधारित यह विचार-मंथन वैश्विक मानवता के कल्याण के लिए फायदेमंद होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 60 साल बाद जनता ने लगातार तीसरी बार किसी सरकार को सत्ता की कमान सौंपी है, जो दिखाता है कि 140 करोड़ नागरिकों को सरकार पर भरोसा है| केंद्र सरकार के पिछले 10 वर्षों के सुशासन में देश के युवाओं और महिलाओं की आकांक्षाओं को जो पंख लगे हैं, उससे नई दिशा में उड़ान भरने की प्रेरणा मिलेगी। देश के गरीबों, दलितों, शोषितों, पीड़ितों और वंचितों को उम्मीद है कि उनके सम्मानपूर्ण जीवन की नींव बनेगी। पूरा देश आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के संकल्प के साथ काम कर रहा है। आज का आयोजन 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण की ओर बढ़ने का दृढ़ संकल्प है, जो सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में परिलक्षित होता है। जिसमें देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण सभी क्षेत्रों और कारकों को प्राथमिकता दी गई है, जो कि सिर्फ एक ट्रेलर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि देश के हर परिवार को छत मिले और इसके लिए केंद्र सरकार ने 7 करोड़ आवास निर्माण का लक्ष्य रखा है| जिनमें से चार करोड़ घर पिछले 10 वर्षों के दौरान बनाए गए हैं और इस तीसरे कार्यकाल में तीन करोड़ और घर बनाने जा रहे हैं| केंद्र सरकार के पहले 100 दिनों में 12 नए औद्योगिक शहर, 8 हाई स्पीड रोड कॉरिडोर, 15 से अधिक सेमी हाई स्पीड मेड इन इंडिया वंदे भारत ट्रेनें शुरू की गई हैं। इसके अलावा, हाइपर परफॉर्मेंस बायो-मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए एक ट्रिलियन रुपये का अनुसंधान कोष निर्धारित किया गया है।

## शिंदे गुट के विधायक का विवादित बयान राहुल गांधी की जीभ काटकर लाओ......11 लाख का इनाम पाओ

मुंबई (ईएमएस)। शिवसेना(शिंदे गुट) विधायक संजय गायकवाड ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के लिए विवादित बयान दिया। आरक्षण के मुद्दे पर शिंदे गुट के विधायक गायकवाड ने राहुल गांधी का जीभ काटने वाले को 11 लाख इनाम देने का ऐलान किया है। शिवसेना विधायक ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में संविधान खतरे में है का ऐसा फेक नरेटिव फैलाकर वोट हासिल किया था। अब खुद राहुल गांधी देश से आरक्षण खत्म करने की वकालत कर रहे हैं। वह पिछड़े, आदिवासियों को दिए जा रहे आरक्षण को 100 प्रतिशत खत्म करना चाहते हैं। सभा में गायकवाड ने कहा कि मैं कहता हूं जो राहुल गांधी की जीभ काटेगा मैं उस शख्स को 11 लाख दूंगा। शिवसेना नेता के इस बयान के बाद





राजनीतिक माहौल गरमा गया है। शिवसेना विधायक ने कहा कि वे राहुल गांधी के लिए यह बयान लोकप्रियता हासिल करने के लिए नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़े और ओबीसी समाज की दुर्दशा को देखकर उन्होंने यह बयान दिया है। उन्होंने दावा किया राहुल गांधी की ओर से आरक्षण खत्म करने की बात से उनके मन में गुस्सा है और इस कारण यह बात जुबान पर आ गई। उन्होंने कहा कि अमेरिका में राहुल गांधी ने कांग्रेस का असली चेहरा उजागर किया है। कांग्रेस ने बयान की आलोचना कर राहुल गांधी के लिए खतरनाक बताया है। बता दें कि दो दिन पहले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने भी राहुल गांधी पर हमला किया था। उन्होंने बिहार के भागलपुर में राहुल गांधी को बम बनाने वाला और नंबर वन आतंकवादी बताया था। इसके जवाब में कांग्रेस ने कहा कि राहुल गांधी के लिए बीजेपी नेताओं के दिल में नफरत है, इसलिए वह गंदी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## 22 को कांग्रेस करेगी सीएम हेमंत सोरेन को सम्मानित, मंईयां सम्मान सम्मेलन का आयोजन

रांचीः कांग्रेस झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सम्मान करेगी. इसके लिए एक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की 22 सितंबर को मंईयां सम्मलन का आयोजन करने जा रहे हैं.

रांची के आईटीआई जतरा मैदान में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में सरकार की प्रमुख योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और महागठबंधन सरकार द्वारा शुरू की गई अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सम्मानित किया जाएगा. प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बंधु तिर्की ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा कई नई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं. इससे राज्य के लोगों का जीवन बेहतर हो रहा है. समाज के आदिवासी, मूलवासी, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है. मंईयां योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, ज्योतिबा फुले छात्रवृत्ति योजना, विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति योजना समेत कई योजनाएं हैं, जिनका लाभ आम लोगों को मिल रहा है. इसके लिए मुख्यमंत्री के सम्मान में 22 सितंबर को मंईयां सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में रांची समेत अन्य जिलों के 15 विधानसभा क्षेत्रों की महिलाएं भाग लेंगी. इस कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से कम से कम एक हजार महिलाओं के भाग लेने की योजना है. बंधु तिर्की ने बताया कि लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची और कोडरमा जिले के 15 विधानसभा क्षेत्रों की महिलाएं इसमें भाग लेंगी. इस सम्मान सम्मेलन में कांग्रेस के एससी-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक अध्यक्ष के राजू और महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एन डिसूजा भी शामिल होंगी. इस कार्यक्रम में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो, कमलेश और सीएलपी नेता रामेश्वर उरांव भी भाग लेंगे. बंधु तिर्की ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के भी भाग लेने की संभावना है. मंईयां सम्मेलन में लातेहार, मनिका, लोहरदगा, गुमला, बिशनपुर, सिसई, सिमडेगा, कोलेबिरा, खूंटी, मांडर, रांची, कांके, हटिया, खिजरी, कोलेबिरा, तोरपा और कोडरमा विधानसभा से महिलाएं भाग लेंगी. प्रदेश महिला कांग्रेस और अन्य सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाएं भी मंईयां सम्मेलन में शामिल होंगी. इस सम्मेलन के माध्यम से विधानसभा स्तर पर जो महिलाएं कार्य कर रही हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा.

### ठेकेदार और कोयला कारोबारियों से लेवी वसूलने जा रहे एरिया कमांडर समेत तीन उग्रवादी गिरफ्तार



लातेहार(ईएमएस)।लातेहार पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ एसडीपीओ के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई है। सोमवार को लातेहार पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में पीएलएफआई का कमांडर राकेश जी उर्फ राम विजय लोहरा, सक्रिय सदस्य रूपेश राम और धर्मेंद्र लोहरा शामिल हैं।तीनों की गिरफ्तारी जिले के हेरहंज से हुई है।गौरतलब है कि पीएलएफआई का कमांडर राकेश लोहरा बीते दिनों से लातेहार जिले के कुछ इलाकों में सक्रिय था। ठेकेदार और कोयला कारोबारियों को फोन कर लेवी की मांग कर रहा था।

पुलिस टीम गठित कर उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गयी। इसी बीच लातेहार एसपी को सूचना मिली कि राकेश अपने कुछ साथियों के साथ मोटरसाइकिल से लेवी वसूलने हेरहंज की ओर जा रहा है।सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम गठित कर उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गयी। जिसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया। उसके पास से पीएलएफआई के पर्चे बरामद हुए। राम विजय लोहरा इचाक बालूमाथ का रहने वाला है। रूपेश राम हेरहंज व धर्मेंद्र लोहरा चंदवा का रहने वाला है।

# सरकारी कार्यक्रम आपके हुए तो उसे पार्टी के साथ संलग्न न करें : सुप्रियो भट्टाचार्य

रांची(ईएमएस)। झामुमो ने केंद्र सरकार और भाजपा को आगाह किया है कि आगामी दिनों में अगर कोई सरकारी कार्यक्रम आपके हुए तो उसे पार्टी के साथ संलग्न न करें।राजनीतिक दल का कार्यक्रम एकदम अलग है और सरकारी कार्यक्रम अलग होता है। कभी देखे हैं कि कोई प्रधानमंत्री चुनावी सभा के लिए 130 किमी भागता हो। मतलब सत्ता के लिए सबकुछ करेंगे।घर तोड़ेगे, पार्टी तोड़ेंगे, विधायक दल तोड़ेंगे नहीं तो खरीद लेंगे, इसमें सफल नहीं होंगे, तो जेल भेजेंगे, झूठे केस डालेंगे। जमशेदपुर की सभा अगर बहरागोड़ा में होती तो पीएम मोदी 210 किमी भी पैदल चले जाते।हम किसी के आने-जाने पर सवाल नहीं उठा रहे हैं, मगर वे देश की पीएम हैं, उनके काफिले को सुरक्षा मिलती है।इसलिए एनएच -33 को लगभग 9 घंटे तक कैद कर लिया गया था।उसे राजनीतिक लाभ के लिए ब्लॉक कर देना संभावित हार का डर है। ये बातें झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। भट्टाचार्य ने कहा कि राजनीतिक कार्यक्रम के पहले सरकारी कार्यक्रम किए जाते हैं।जमशेदपुर कार्यक्रम के पहले ही रांची में सरकारी कार्यक्रम किया गया।वह भी मौसम के कारण।पहले बताया गया था यह रेल मंत्रालय का कार्यक्रम था, बाकी सब पहुंच गए, मगर रेल मंत्री नहीं आए। प्रोटोकॉल के तहत प्रदेश और देश के मंत्री, स्थानीय सांसद, विधायक, राज्यसभा सदस्य इनकी उपस्थिति होती है क्षेत्रवार।लेकिन सरकारी कार्यक्रम पार्टी कार्यक्रम में तब्दील हो गया।टाटा नगर के कार्यक्रम में कई ऐसे लोग थे, जो जमशेदपुर के जनप्रतिनिधि नहीं थे। लेकिन चूंकि वे भाजपा के नेता हैं, गठबंधन के नेता हैं उनको प्रमुखता दी गई। टाटा नगर के स्थानीय विधायक उपेक्षित किए गए, क्योंकि वे हमारे दल के हैं. राज्य सरकार के मंत्रियों की उपेक्षा की गई। उसी जिले से झारखंड सरकार में दो-दो मंत्री को स्थान नहीं दिया गया। सरकारी कार्यक्रम में भाजपा नेताओं का आना प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अब हेमंत सोरेन से डरने लगी है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने करमा पर्व की शुभकामनाएं दीं।करमा पर्व के बारे में बताया गया, मगर यह नहीं बताया कि यह किनका पर्व है।यह पर्व मूल रूप से सरना धर्मावालंबियों का है। हमलोग बार-बार इस बात को कहते हैं कि भाजपा के लोग सरना धर्म के ऊपर अपनी स्थिति साफ करें।केंद्र सरकार जो बैशाखी पर टिकी हुई है, यह बैशाखी नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू सहित कई लोग हैं।इन सबने प्रत्यक्ष तौर पर पब्लिक डोमेन में ऑफिशियल वेबसाइट से जातिगत जनगणना की बातें की है।लेकिन सरना कोड की बात नहीं की गई है।सरना धर्म को लेकर अब तक केंद्र सरकार ने अब तक अपनी स्थिति साफ नहीं की है।



## संक्षिप्त खबरें

### परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप ने की बैठक

सिमडेगा(ईएमएस)।भाजपा की परिवर्त्तन संकल्प रथयात्रा के कार्यक्रम के मद्देनजर छत्तीसगढ़ के वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप सोमवार को सिमडेगा पहुंचे। उन्होंने परिसदन में भाजपा के पदधारियों के साथ बैठक कर आयोजन को सफल बनाने पर चर्चा की।मंत्री केदार कश्यप के सिमडेगा परिसदन पहुँचने पर भाजपा के पदधारियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बताया गया कि यात्रा 24 सितम्बर को सिमडेगा पहुँचेगा। इस अवसर पर जनसभा का आयोजन होगा,जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित होंगे।मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि झारखंड में हेमन्त सरकार के खिलाफ वातावरण है। राज्य में परिवर्तन संकल्प रथयात्रा का आयोजन कर इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित की जाएगी।

### हजारीबाग में घर में घुसकर जेवरात चोरी करनेवाले 5 गिरफ्तार



हजारीबाग(ईएमएस)।पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने वाले चोर गिरोह और चोरों से जेवरात खरीदने वाले दुकानदार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान ब्राम्बे हाउस जबरा निवासी इरशाद अंसारी उर्फ रोमियो, मो जफर हुसैन, फुरकान साह, कमल प्रसाद मेहता, रामगढ़ के गोला निवासी दीपक कुमार स्वर्णकार के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस ने कोर्रा थाने केस दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि 29 अगस्त को वादिनी विकासनगर दिपुगढ़ा निवासी प्रभावती देवी पति स्व नंद जी गुप्ता के मकान में चोरी होने के संबंध में प्राप्त लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। चोरों से वीवो कंपनी का मोबाइल, रियल मी नारजो कंपनी का मोबाइल, पायल 1 जोड़ी, लोहे का रड़ (ताला तोड़ने में प्रयुक्त), एक्साइड कंपनी का बैट्री, मैक्रोटेक कंपनी का इंफ्रा आदि बरामद किया गया।

### हमारे पुरखाम विद्वान व वैज्ञानिक थेः सुखदेव भगत

लोहरदगा(ईएमएस)।कोको टोली पड़हा टांड़ में पहली बार करमा पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत थे। सांसद का आयोजन समिति ने पारंपरिक ढंग से स्वागत एवं आदिवासी संस्कृति के तहत महिलाओं ने सांसद की गोड़ धोवाई किया।मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि हमारे पुरखामन उस समय स्कूल देखे होंगे या नहीं देखे होंगे, लेकिन वे विद्वान व वैज्ञानिक थे।उन्हें पता था कि करम पेड़ 24 घंटा ऑक्सीजन देता है। इसलिए उन्होंने इसे धार्मिक कार्यक्रम से जोड़कर प्रकृति के प्रति लोगों को जागृत करने का काम किया है।सांसद ने कहा कि आदिवासी होने का हम सबो को गर्व करना चाहिए, क्योंकि आदिवासी समाज के कारण ही पूरे विश्व में पर्यावरण संरक्षित हो रहा है।उन्होंने कहा कि अखड़ा, नगड़ा, मांदर, नृत्य यह सब आदिवासियों की पहचान एवं पुरखामन की देन है। इसे हमें बचा कर रखना है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को करमा पर्व की हार्दिक बधाई दी।कार्यक्रम के दौरान सांसद सुखदेव भगत ने आदिवासी नृत्य कार्यक्रम में भाग लेकर खोड़हा दलों के लोगों को उत्साहित किया।मौके पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू, फूलदेव उरांव, बेल सतीश उरांव, दिवान सुनित उरांव, बैगा तेतरू उरांव, पुजार सतीश उरांव, महात्मा उरांव, मनमैत उरांव, समरित उरांव, जसिंता उरांव, सारिंद्र उरांव, सीमा चट्टा, बुद्धिमान उरांव, रिजु जी, कमला उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### चक्रधरपुर में धूमधाम से निकाला जुलूस ए मोहम्मदी



पश्चिमी सिंहभूम(ईएमएस)।पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद के यौम-ए-पैदाइश पर चक्रधरपुर में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा जश्ने ईद मिलादुन नबी की जुलूस-ए-मोहम्मदी धुमधाम से निकाला गया। चक्रधरपुर के बांग्लाटांड, दंदासाई, मुजाहिद नगर, वार्ड नंबर 10, पापड़हाता, चांदमारी, देवगांव समेत अन्य जगहों से निकाले गए जुलूस ए मोहम्मदी में लोग शामिल हुए। सभी भ्रमण करते हुए पवन चौक होते हुए असलम चौक पहुंच कर एकत्रित हुए। वहीं असलम चौक में चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाज सेवी डॉ. विजय सिंह गागराई समेत अन्य शामिल हुए।इस अंजुमन इस्लामिया के सचिव बैरम खान के नेतृत्व में लोगों के बीच शरबत और मिठाइयां भी बांटे गए। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# डॉ. अजय के जन कल्याण रथ से 10599 लोग हुए लाभान्वित



पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही उन योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से शहर में घूम रहे जन कल्याण रथ का हजारो लोगों ने लाभ उठाया।दो महीने में 10599 लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए।जिसमें 3050 लोगों ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन, 2552 परिवार ने राशन कार्ड, 459 लोगों ने वोटर कार्ड, 105 लोगों ने पीएम विश्वकर्मा योजना और 1583 लोगो ने आयुष्मान कार्ड बनवाया है। वहीं 2850 लोगों को मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिला।मौके पर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों के दरवाजे पर जाकर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। हम सुरक्षित और बेहतर जमशेदपुर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए हर स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। बेहतर जमशेदपुर बेहतर झारखंड बनाना हमारा लक्ष्य है।

सरकारी जनकल्याण रथ प्रतिदिन सुबह और शाम को अलग अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरुक व सहयोग कर रहा है। यह लगातार जारी रहेगा।गौरतलब है कि 9 जुलाई को डॉ. अजय कुमार ने बारीडीह चौक से जनकल्याण रथ (वाहन) का फीता काट कर रवाना किया था।तब से यह जनकल्याण रथ जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं ( वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना) की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही योजनाओं से संबंधित ऑनलाईन आवेदन भरवा रहा है।

# रांची महानगर जगरनाथ नगरीय दुर्गा पूजा समिति का गठन, इंदरजीत सिंह फिर बने अध्यक्ष



रांची(ईएमएस)।रांची महानगर जगरनाथ नगरीय दुर्गा पूजा समिति 2024 की वार्षिक बैठक धुर्वा के मेफेयर बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई। धुर्वा थाना, जगन्नाथपुर थाना और तुपुदाना थाना के अंतर्गत 28 पूजा समितियों ने मिलकर समिति का गठन किया।समिति के द्वारा इंदरजीत सिंह को पुनः अध्यक्ष एवं मनोज यादव को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया।

महिला विंग में सुमन देवी को संरक्षक एवं शुलेखा सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। रवि सिंह को युवा दस्ता का अध्यक्ष बनाया गया।मौके पर सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधिमंडल का माला व चुनरी पहना कर स्वागत किया गया।समिति के संस्थापक स्व कृष्णमोहन सिंह, मुख्य संरक्षक रहे स्व. राणा संग्राम सिंह एवं औद्योगिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रहे स्व. वेद प्रकाश सिंह की याद में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी।

बैठक के मुख्य अतिथि रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक जय सिंह यादव, महावीर मंडल के महामंत्री दीपक ओझा,धर्मेंद्र गिरी, महानगर सह संयोजक रमेश सिंह, संजय मनोचा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू, महामंत्री रविंदर वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष राणा रणधीर, उपाध्यक्ष अशोक यादव, युवा रामनवमी अध्यक्ष नंद किशोर चंदेल जी उपस्थित थे. विशिष्ट अतिथि पी.एन सिंह, अवधेश सिंह, अनिल सिंह, अखिलेश सिंह, ललन पांडेय, जुगेश सिंह सोलंकी, चुन्नू सिंह, शैलेन्द्र सिंह चौहान, हरेंद्र सिंह, विकास सिंह मौजूद रहे।

### सीएमपीडीआई में निदेशक ने कर्मियों को दिलाई सफाई की शपथ



रांची(ईएमएस)।सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने संस्थान के कर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) -2024 अभियान की शुरुआत की। इस वर्ष एसएचएस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, मुख्यालय-रांची और क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने स्वच्छता शपथ ली। मौके पर कर्मियों ने उत्साहपूर्वक एसएचएस सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीरें खिचवाईं। इस अभियान के दौरान सीएमपीडीआई स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान और वॉकथान जैसे जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला, नारा, निबंध लेखन और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा व स्वास्थ्य, स्वच्छता कार्य और स्वच्छता मित्रों के लिए पोषण शिविर और 6 राज्यों में फैले अपने कार्यक्षेत्र में बैनर, सेल्फी प्वाइंट डिजिटल डिस्प्ले आदि के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाएगा।

### गोंदा डैम फिर हुआ लबालब, तीनों फाटक खोले गये

रांची(ईएमएस)।पिछले 24 घंटे से जारी झमाझम बारिश के बीच रांची के तीनों डैम में पानी के भंडारण की स्थिति काफी अच्छी हो गयी है। कांके का गोंदा डैम फिर लबालब हो चुका है।डैम अपनी क्षमता के अनुसार, 28 फीट पर पहुंच गया है। डैम के तीनों फाटक खोलकर वाटर लेवल को नियंत्रित रखा जा रहा है।अगर रूक्का डैम की बात करें तो रूक्का डैम भी अपनी क्षमता से पांच फीट नीचे है, डैम का लेवल 32.04 फीट पर पहुंच चुका है।वहीं हटिया डैम की बात करें तो इसका लेवल भी 31 फीट तक पहुंच चुका है। अगर पूरी रात इसी तरह बारिश होती रही तो मंगलवार की सुबह तक जलस्तर में और बढ़ोतरी हो सकती है।पिछले साल की तुलना में 16 सितंबर को अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गयी है।

### गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है गढ़वा : मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा(ईएमएस)।जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार जिले भर में अकीदत व मसर्रत के साथ मनाया गया।जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर गढ़वा में आयोजित जुलूस-ए-मोहम्मदी में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से जलपान का स्टॉल लगाया गया था। स्टॉल पर मंत्री ठाकुर ने जुलूस में शामिल लोगों के बीच मिठाई व पानी का वितरण किया। साथ ही गुलाब का फूल दे कर मुबारकबाद दी।तत्पश्चात मंत्री खुद भी जुलूस में शामिल हुए।मंत्री ठाकुर ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि गढ़वा गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है।यहां सभी जाति, धर्म के लोग आपस में मिल कर एक दूसरे का पर्व त्यौहार मनाते हैं।सभी पर्व त्योहारों में हर समुदाय के लोग एक दूसरे को सहयोग करते हैं।उन्होंने कहा कि होली, दशहरा, मोहर्रम, ईद, ईद मिलादुन्नबी, क्रिसमस सभी पर्व के मौके पर हिंदू, मुस्लिम सभी समुदाय के लोग आपसी सहयोग के लिए जलपान आदि का स्टॉल लगते हैं।

उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा, एकता एवं सद्भावना गढ़वा में बहुत ही बेहतर ढंग का देखने को मिलता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी सभी लोग आपसी प्रेम एवं भाईचारा के साथ रहें एवं आपस में मिल जुल कर एक दूसरे के पर्व, त्यौहार, सुख-दुख सभी में सहयोग करें। मंत्री ने कहा कि भारत विविधताओं में एकता का देश है।इसका जीता जागता उदाहरण गढ़वा से पूरे हिंदुस्तान में देखने को मिलता है।मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, कंचन साहू, मदनी खान, नीलू खान, संतोष केशरी, दिव्य प्रकाश केशरी, शमीम अंसारी, आशीष अग्रवाल, मासूम खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा, पिडित रविदास परिवार के साथ खड़ा हूंः संजय सेठ

रांची(ईएमएस)।डोरंडा के रविदास मोहल्ले के इंजीनियरिंग के छात्र अभिषेक रवि की ओड़िशा के भुवनेश्वर में मौत हो गई। पिड़ीत परिवार से सोमवार को रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने डोरंडा रविदास मुहल्ला स्थित निवास पर जाकर मुलाकात की।मृतक अभिषेक रवि के पिता अनुपचंद राम ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि अभिषेक की मौत आइटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज में सीढ़ी से गिरने हुई है।

लेकिन मेरे बेटे की रैगिंग कर उसकी हत्या की गई है और कालेज प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन मिलिभगत से हत्या को दूर्घटना में बदलने की कोशिश में लगी हुई है।सारी बातों को सुनने के बाद रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने तत्काल भुनेश्वर में संपर्क कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया साथ ही जरूरत पड़ने पर पिड़ीत परिवार के साथ भुनेश्वर (उड़ीसा) तक जाने की बात कही।पिड़ित परिवार से मिलने पुर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, रविदास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार रवि उपाध्यक्ष दशरथ राम, उपाध्यक्ष संतोष रवि महासचिव दीपक राम महासचिव प्रदीप रवि चौधरी गजेन्द्र राम, सन्नी शरद ,राजेश राम, नागेश्वर राम सहित रविदास महासभा के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण सम्मिलित हुए।

# फैक्ट और तथ्यात्मक लेखनी ही सकारात्मक पत्रकारिता

## विकासात्मक पत्रकारिता से व्यक्ति के चेहरे पर आती है मुस्कानः राघवेन्द्र




पलामू(ईएमएस)।पत्रकारिता में तथ्यपरक और तथ्यात्मक लेखनी ही सकारात्मक पत्रकारिता की पहचान है। सकारात्मक और विकासात्मक पत्रकारिता से व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आती है। लेखन कार्य के दौरान प्राप्त सूचनाओं की गहन जांच-पड़ताल आवश्यक है। जल्दबाजी, तेज गति और समय के दबाव में सावधानी अवश्य बरती जानी चाहिए, अन्यथा गलतियां होने की संभावना रहती है। लेखन विद्या के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद करना ही सकारात्मक और विकासात्मक पत्रकारिता है। यह बातें नक्षत्र टीवी क प्रधान संपादक और झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार राघवेन्द्र ने कही। वे आज समाज में विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता के उद्देश्य पर चर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे।प्रमंडलीय जनसंपर्क ईकाई, पलामू की ओर से कार्यक्रम का आयोजन लातेहार जिले के बेतला स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित किया गया था।राघवेन्द्र ने कहा कि एआई और बढ़ती तकनीक के इस दौर में पत्रकारिता की चुनौतियां भी बढ़ी हैं। ऐसे में सावधानी अत्यंत आवश्यक है। जीवन की जद्दोजहद के बीच जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें खुशहाल बनाना ही सकारात्मक पत्रकारिता है। पत्रकार राणा अरुण सिंह ने कहा कि आज का यह अवसर मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम सभी पत्रकारिता के उस पहलू पर विचार करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जो समाज की उन्नति और प्रगति से सीधा संबंध रखता है—विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता। जैसा कि सब जानते हैं, आज के दौर में पत्रकारिता का दायित्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। सूचनाओं की दुनिया में हम पत्रकार समाज के मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल खबरें देना नहीं है, बल्कि ऐसी खबरें देना है जो समाज के हित में हों, समाज को जागरूक करें, और विकास की दिशा में प्रेरित करें।विकासात्मक पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रगति और उन्नति के नए मार्ग प्रशस्त करना है। हमारे देश और हमारे क्षेत्र में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, आधारभूत ढांचा, रोजगार—ये सभी हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। जब हम इन मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं, तो हम न केवल समस्याओं को उजागर करते हैं, बल्कि उनके समाधान की दिशा में भी सोचने के लिए समाज को प्रेरित करते हैं।विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता समाज की मांग है। सकारात्मक और विकासात्मक पत्रकारिता से समाज में उन्नति होती है। हम सभी पत्रकार अपनी लेखनी से ऐसा उदाहरण पेश करें, जिससे समाज की उन्नति हो। पत्रकार संजय पाण्डेय ने कहा कि उत्तम लेख, ज्ञानवर्धक एवं अन्य सारगर्भित लेखनी से समाज को सही दिशा देना ही विकासात्मक एवं सकारात्मक पत्रकारिता है। सकारात्मक सोच के साथ लेखन कार्य से समाज में सकारात्मक संदेश का प्रवाह होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में फेक न्यूज और सूचना की पहचान करनी जरूरी है। प्राप्त सूचनाओं की सत्यता की जांच करना जरूरी हो गया है। साथ ही समय के साथ हम सभी को अपडेट होना भी जरूरी है।प्रमंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क इकाई, पलामू के उपनिदेशक संजीव कुजूर ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता समाज की जरूरत है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग करना ही विकासात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपनी लेखनी के माध्यम से समाज का उत्थान और विकास करना है।सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लातेहार के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन ने दार्शनिक अरस्तू के उस सिद्धांत का उदाहरण दिया, जिसमें मनुष्य को एक सामाजिक प्राणी बताया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी सामाजिक प्राणी हैं और समाज का उत्थान और विकास हम सभी की जिम्मेदारी है। समाज को आगे बढ़ाना और लोकतंत्र की सफलता में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। पत्रकारिता के मौलिक उद्देश्य को समझना आवश्यक है। सूचना का संप्रेषण और आदान-प्रदान भी पत्रकारिता का एक अंग है। सरकार के नियम, कानून, और जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक करना और उन्हें लाभ पहुंचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका है। सशक्त समाज में मीडिया की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर का इस चर्चा कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन संदेश प्राप्त हुआ था।

## संक्षिप्त खबरें

### सोना 73,650 रुपए, चांदी फिर 90 हजार के पार

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस सप्ताह के पहले दिन सोने-चांदी के वायदा भाव में सोमवार को तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव दो माह के उच्च स्तर पर पहुंच गए। सोने के वायदा भाव 73,650 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 90,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 85 रुपये की तेजी के साथ 73,600 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 130 रुपये की तेजी के साथ 73,645 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 813 रुपये की तेजी के साथ 89,893 रुपये पर खुला। इस समय यह 860 रुपये की तेजी के साथ 90,040 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। हालांकि बाद में इसके भाव सुधर गए। चांदी के वायदा भाव पिछले बंद भाव पर ही खुले। कॉमेक्स पर सोना 2,608 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,610.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 2.70 डॉलर की तेजी के साथ 2,613.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.07 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.07 डॉलर था। इस समय यह 0.25 डॉलर की तेजी के साथ 31.32 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### बैंक मित्र शाखा का उद्घाटन



रांचीः इंडियन बैंक, ब्राह्मबे शाखा के अंतर्गत ठाकुरगांव में एक बैंक मित्र शाखा का उद्धघाटन किया गया है। इसका उद्धघाटन संजय कुमार सिंह,मुख्य प्रबंधक के कर कमलों से किया गया। इस समारोह में पंकज कुमार, शाखा प्रबंधक, बैंक प्रतिनिधि चंद्रहन्स भारती एवं रमेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक शामिल रहे। बैंक मित्र जकिर हुसैन द्वारा बैंक मित्र पॉइट के कार्यों निष्पादन किया जाएगा। इस नए बैंक मित्र पॉइंट की शुरुआत से ठाकुरगांव के आम जनता को बैंकिंग कार्यों को करने हेतु अत्यंत सुविधा प्राप्त होगी। इंडियन बैंक इसी तरह कई बैंक मित्र पॉइंट की शुरुआत कर वित्तीय समावेशन में काफी योगदान दे रहा है।

### ईद मिलादुन्नबी पर मदरसा के बच्चों को मिठाइयां बांटी



रांची । भारतीय एकता कमिटी की ओर से ईद मिलादुन नबी के मौके पर गरीब असहाय लोगों की मदद की । संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि कई बार भीगा कई बार कपड़ा बदला लेकिन आज हम भी हार नहीं माने वैसे स्कूल में भी गए , मदरसा में भी गए , जहां गरीब असहाय बच्चे पढ़ते हैं । उन लोगों की कुछ ज़रूरतो को पूरा किया । गरीबों को भी खाना खिलाया मोहल्ले में कई जगह मिठाइयां बांटी । बच्चों को भी मिठाइयां बांटी सभी को ईद मिलादुन्नबी का मुबारकबाद दिया । आज इस शुभ कार्य में श्रीमान जाय गुप्ता जी रामेश्वर राम जी मोहम्मद यूनुस जी और फिरोज जी भी साथ-साथ रहे पानी के वजह कर बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ा लेकिन फिर भी बहुत अच्छा समाज सेवा का कार्य हुआ और काफी लोग प्रसन्न हुए । उन्होंने जॉय गुप्ता का शुक्रिया अदा किया। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि मानवता इंसानियत को बनाए रखें एकता भाईचारा अमन शांति को हमेशा बनाए रखें । यही हम सभी के दिल से दुआ है प्रार्थना करता हूं।

### ओरमांझी ब्लॉक चौक पर पानी जमाव

ओरमांझी(मोहसीनआलम):ओरमांझी ब्लॉक चौक के पास रांची रामगढ़ मुख्य मार्ग पर NHAI के घोर लापरवाही के चलते लगातार चार दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश का पानी 2 से 3 फीट बीच रोड़ में ही जम गया हैं,जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है.छोटी गाड़ियां पानी में आधा डूब जा रही है,मोटरसाइकिल व पैदल रोड पर करना से ज्यादा दिक्कत हो रही है, आसपास यह दुकान पानी जमाव से प्रभावित हो गए हैं,ब्लॉक चौक में फ्लाईओवर निर्माण होना है,ओवर ब्रिज निर्माण के चलते दो साल पहले रोड किनारे बनाए गए नाली क़ो ध्वस्त किया गया,उसके चलते पानी खेतों तक नहीं पहुंच रही है,कुछ नाली जाम रहने के कारण मूसलाधार बारिश का पानी सड़क पर ही जम जा रही है.इसके अलावा क्षेत्र में हो रहे आंधी तूफान से बड़े बड़े पेड़ के गिरने से सड़क मार्ग आरोध हो गया हैं बिजली व्यवस्था भी बाधित है। क्षेत्र के चार जनों मिट्टी के घर आंधी तूफान से गिर गए हैं. जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद मिलाद उन नबी का पर्व





बरकट्ठ(हज़ारीबाग)।ईद मिलाद उन नबी का पर्व बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में अक़ीदत व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बरकट्ठा के विभिन्न क्षेत्रों से भारी बारिश के बावजूद भी गाजे बाजे के साथ जुलूस मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बरकट्ठा, कोनहराखुर्द मजार शरीफ, बरकट्ठा डीह, बरवां के लोग एक साथ शामिल होकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया।जिसमें शामिल लोग अपने अपने हाथों में इस्लामिक झंडा और बैनर लेकर नारा लगाते चल रहे थे। पर्व को लेकर बरकट्ठा रजा जामा मस्जिद और कोनहराखुर्द मस्जिद को रंग बिरंगे लाईट व फुलझड़ियों से काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया।कार्यक्रम के अंत में बरकट्ठा चौक पर जुलूस में शामिल लोग एकत्रित होकर दुआ में शरीक हुए।इमाम अताउल रहमान ने क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।लोगों से हुजूर सल्ला वसल्लम के नक्शे कदम पर चलकर आप जिंदगी और आखिरत में कामयाबी पा सकते हैं। इस मौके पर यासीन खान, मो कलीम खान, मौलवी मो मेराज खान,सराज खान,मो जसीम, जाहिद खान, मो सत्तार , मो गफ्फार, बबलू खान, फहीम खान, सन्नी खान, सुल्तान अंसारी, अब्दुल शकूर अंसारी, खलील अंसारी, सहबाज खान, नाजा खान, जया अहमद, समीर अहमद, अयान अहमद, गोलू खान, नाजिस खान समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहें।बरकट्ठा के अलावा ईद मिलादुन्नबी का पर्व को लेकर ग्राम सक्रेज, घंघरी, तरबेचवा, कोनहराकला, शिलाडीह, जमुआ, बेडोकला, कलहाबाद, बसरामो, गोरहर में मोहम्मदी जुलूस निकाला गया।

## पीएम को महागठबंधन सरकार पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : कैलाश यादव



रांची : राजद कार्यालय झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड आगमन के दौरान राजद,कांग्रेस और जेएमएम पर दिए गए ब्यान का विरोध कर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है ! श्री यादव ने कहा कि देश में तीन बार से लगातार सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजद का जीन (वोटर/सुपोर्टर) से परेशानी और सदैव भय बना रहता है ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह सहित बीजेपी एवं RSS के तमाम बड़े नेताओं के सभी तरह के हथकंडा अपनाने और अथक प्रयास के बावजूद राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और पार्टी को नुकसान नहीं पहुंचा सके ! बिहार हो या झारखंड राजद से सर्वमान्य नेता एवं बिहार सरकार में विरोधी दल के युवा लोकप्रिय नेता तेजस्वी यादव के जनाधार को सांप्रदायिक शक्तियां बिगाड़ नही सकी लालू यादव का विचारधार एवं राजद का नीति सिद्धांत जन जन तक एक मजबूत पीलड़ की तरह खड़ा है ! श्री यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए हैं लेकिन झारखंड हो या बिहार दोनो प्रदेशों में एक सुई का कारखाना स्थापित कर न सके उल्टा एशिया के सबसे बड़ा मातृ उद्योग कारखाना एचईसी बंद के कगार पर है,लगभग 30 महीनो से कर्मचारियों का नियमित वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है ! देशभर में PSU की हालत बीमारू उद्योग हो गई है आर्थिक स्थिति बेहद खराब है उसके बावजूद पीएम मोदी झारखंड में चल रही मजबूत जेएमएम कांग्रेस और राजद की संयुक्त महागठबंधन सरकार पर नकारात्मक सोच के साथ कटाक्ष कर रहे हैं ! पीएम मोदी को झारखंडवासियों और राजनीतिक दलों पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है ! बीजेपी राज्य में 5 पूर्व मुख्यमंत्री और 3 केंद्रीय मंत्रियों के साथ राज्य में पसीना बहा रही है लेकिन झारखंड की जनता भाजपा के जुमले और झूठी आश्वासन और लोकलुभावन बातो के जाल में फंसना नही चाह रही है,यहां तक कि आदिवासी समाज के नेताओं और लोगो को धन का लालच देकर बहकाने का कार्य कर रही है उसके बावजूद राज्यवासी बीजेपी के बहकावे में नहीं जा रही ,इसलिए भाजपा लाख प्रयास कर ले फिर भी महागठबंधन सरकार पुनः सरकार बनाएगी ! देश में आजादी के बात प्रचंड बेरोजगारी और बेतहाशा महंगाई से जूझ रही है और बीजेपी एवं पीएम मोदी प्रशंसा में झूठी पीठ थपथपा रहे हैं !

### प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कर्मा पूजा धूमधाम से मनाई गई



रांचीः प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी न्यू युवा कर्मा पूजा समिति,मधुकम रूगड़ीगढ़ा,रांची के तत्वावधान मे कर्मा पूजा महोत्सव मधुकम रूगड़ीगढ़ा मे धूम धाम से पूजा अर्चना एवं नृत्य गान के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्यअतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, श्री रामनवमी पूजा एवं दशहरा पूजा आयोजन कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी मुनचुन राय,छात्र ग्रुप के राष्ट्रीय संरक्षक सुमित कुमार संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार सहित समाजसेवी, नंदकिशोर सिंह चंदेल,सुजीत सिंह,निशांत यादव आदि मौजूद थे। पंडित जी ने विधि विधान से सभी बहनों को कर्मा पूजा कराई साथ ही पूजा की कथा भी सुनाई। मौके पर राज्य सभा सांसद महुआ माजी ने कहा यह पर्व भाई बहन के अटूट स्नेह एवं सम्मान का पर्व है।यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाए साथ ही आप सभी स्वस्थ एवं सुखी रहें। मुनचुन राय ने पूजा की शुभकामनाएं दी एवं कहा यह पर्व झारखंड के संस्कृति की पहचान है भाईचारे के साथ सभी लोगों को इस कर्मा पर्व को मनाना चाहिए।सुमित कुमार ने कहा यह पर्व समृद्ध संस्कृति एवं सभ्यता का प्रतीक है इस पर्व मे बहनें भाई के लंबी उम्र एवं उनकी उन्नति,तरक्की के लिए की प्रार्थना करती है बहनों को हमेशा सम्मान देनी चाहिए,अन्य अतिथियों ने कर्मा पूजा आयोजन कमिटी को पूजा की बधाई दी।पूजन कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरुप अध्यक्ष आकाश वर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष सुमित कुमार,मीडिया प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा सहित सूरज उरॉव,बल्लू कुमार,करण वर्मा,विकास उरांव,रोहित लोहरा,अनिल एक्का,पिंकी टोप्पो,सुनीता उरांव,पप्पू वर्मा आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गांगुटोली में धूमधाम से किया गया इंद्र पूजा

ओरमांझी(मोहसीनआलम): मूसलाधार बारिश के बीच उत्साह व उमंग के साथ इंद्र पूजा समिति गांगुटोली ओरमांझी द्वारा भगवान इंद्र की पूजा धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर इंद्र टोपर खड़ा कर भगवान इंद्र की पूजा व आरती कर अच्छी वर्षा व प्रकृति आपदा से बचाएं रखने के की प्रार्थना की गई। पुजारी निरज पांडेय, विजय पंडित व उपासक अषोक नारायण तिवारी के द्वारा विधिवत पूजा कराई गई। मौके पर समिति के मुख्य संक्षरक्ष पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू,वार्ड संघ के अध्यक्ष सत्यमराज कुषवाहा,वार्ड सदस्य मनी देवी,वरिष्ट समाज सेवी सीताराम लाल गुप्ता,ओमप्रकाष राव, शंकरलाल गुप्ता, उमाषंकर साहू,शंकर गुप्ता,सतुधन साहू,षिवा गुप्ता,दिवाकर साहू,समिति के अध्यक्ष शिव नारायण साहू,सचिव नोना पाहन,कोषाध्यक्ष दषरथ मुंडा,अर्जुन साहू,राजु मुंडा,सुनील मुंडा, कृष्णा पाहन,अषोक साहू,गणेष महतो, जती मुंडा,षिवा मुंडा,रामकुमार मुंडा, हरिचंद्र साहू, संतोष साााहू, महेष मुंडा, गोपाल मुंडा,अरूण साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपथित थें।

## ईद मिलादुन्नबी पर जश्न मीलाद का आयोजन




रांचीः जश्ने ईद मिलादुन्नबी (स0) पूरे शान व शौकत के साथ मनाया गया। ईद मिलादुन्नबी पर कई जगह जश्न मीलाद का योजन किया गया। जगह जगह लंगर बांटे गए।

जश्न मीलाद पर एदारे शरिया झारखण्ड व सुन्नी बरेलवी सेण्ट्रल कमिटी के सरपरस्त मो सईद के आवास मधुबन मार्केट मेन रोड में जश्ने मिलाद की धूम रही। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे अकीद्त व एहतराम के साथ पैगम्बर मोहम्मद(स) की आमद का जशन मनाया गया। इस मौके पर मदरसा इस्लामी मरकज़ के छात्रों द्वारा कुरान पाक की तिलावत की गई। उलेमा ए एकरम, पंचयात, तंज़ीम के ओहदेदार जश्न मीलाद में शामिल हुए और मोहम्मद (स0) के सीरत पर खूब चर्चा की गई। नारे रिसालत का नारा बुलंद किया गया। जलसे का आयोजन मो सईद के बेटे मो महजूद खलीफा, मो मकसूद, मो तौहीद ने किया। एम सईद ने कहा की हमारे यहां जश्न मीलाद 1984 से पहले मेरे पिता स्वर्गीय अब्दुर रऊफ करते थे। इस मीलाद में जितने लोग भी आते है उनका खाना पीना, लंगर का व्यवस्था रहता है। ज्ञात हो कि अभी कुछ माह पहले 22 जुलाई 2024 को एम सईद की पत्नी सैरुन निशा का निधन हो गया था। जिसकी मिट्टी मंजिल 23 जुलाई 2024 को रातु रोड कब्रिस्तान में अदा की गई थी। इस जश्न मीलाद में उनका इसाल ए सवाब किया गया। जश्न मीलाद में मुख्य रूप से क़री अयूब रिज़वी, मुफ़्ती जमील, मुफ़्ती ऐजाज हसन मिस्बाही, मौलाना नूर मोहमद, मौलना नेजाम, हाफिज मोजीबुर्रहमान, सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमिटी के सदर डॉ मौलाना ताजुद्दीन रिज़वी, महा सचिव अकीलुर्रहमान, मौलाना जसमुद्दीन, मौलाना अब्दुल्लाह रिज़वी, मुफ़्ती आकिब, मौलाना शमशाद, मौलाना कलीम रिज़वी, हाफिज शमसाद, हाफिज रेहान, मौलाना शेर मोहमद, मौलाना रिज़वान, एकराम पपु, हाजी इस्लाम अशरफी, मो महजूद खलीफा, मो मकसूद, अफताब आलम, मंसूर चिश्ती, मेराज अशरफी, मो इकबाल अशरफी, मो नौशाद, मो सरफ़राज़, साजिद उमर, मंजूर आलम, मो परवेज़,मो गुलज़ार, मो जाकिर, मो जहाँगीर, सहित बड़ी तादात आशिकाने रसूल इस बा बरकत महफ़िल में शामिल हुए।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जुलूस ए मोहम्मदी धूमधाम के साथ निकला



रांचीः झमाझम बारिश में जश्ने ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जुलूस ए मोहम्मदी बड़ी धूमधाम के साथ रांची शहर में निकल गया। जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला से भव्य तरीके से जुलूस निकाला गया कांटा टोली क्षेत्र के कुरैशी मोहल्ला जमा मस्जिद के इमाम मंजूर हसन बरकाती और,मोआज्जीन शाहीद रजा अफताब ने संबोधित किया। मौके पर एसडीएम उत्कर्ष कुमार,एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद , नगर डीएसपी के वी रमन , झामुमो नेता जितेंद्र गुप्ता, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैशी के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, महासचिव परवेज कुरैशी, वरिष्ठ सदस्य नौशाद कुरैशी, आदिल कुरैशी,अवेश कुरैशी मुन्ना, मुमताज कुरैशी, फरहाद कुरैशी, सोनू,बशीर, जुल्फी, युनूस कुरैशी सहित कांटा टोली के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक

रांची। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। बैठक सोमवार को रांची स्थित सीपीआई कार्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में अडानी इंटरप्राइजेज को गोंदलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द करने, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा 23 लाख हेक्टेयर जमीन को लैंड बैंक में अधिकृत करने के आदेश को रद्द करने, गैर मजरूआ जमीन की रसीद काटने और जमीन के अधिग्रहण करने पर रैयत की तरह मान्यता देकर मुआवजा एवं अन्य सुविधा देने पर विचार विमर्श हुआ। भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा 23 लाख हेक्टेयर जमीन लैंड बैंक में जमा कराया गया है, जिसमें आधे से अधिक जमीन पर गरीब दलित आदिवासियों का कब्जा है। इस पर घर बना हुआ है, और यही जीविका का साधन है, लेकिन अभी तक मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोई पहल नहीं की है। हजारीबाग जिले के गोंदलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन अडानी एंटरप्राइजेज को दिया गया है। इसे रद्द करने के सवाल पर 12 अप्रैल 2023 से पांच गांव के किसान धरना पर बैठे हैं। लगभग 17 महीना हो चुका है अभी तक राज्य सरकार ने ध्यान नहीं दिया। उल्टे किसानों को झूठे मुकदमे में फसाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी अडानी को सहयोग कर रहा है। इसी प्रकार चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के इचाक खुर्द में 22 अप्रैल 2023 से किस गैर मजरूवा जमीन का भुगतान जिस पर घर बना हुआ है खेत बना हुआ है 80से 90 साल से किसानों के दखल कब्जे में है। उसका मुआवजा का भुगतान करने के लिए धरना पर बैठे हैं। यहभी 16 महीने से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। इन बातों को लेकर आज के बैठक में तय हुआ कि दोनों आंदोलन पर अगर सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो इस आंदोलन को पूरे झारखंड के पैमाने पर ले जाया जाएगा। इन विषयों को लेकर के अक्टूबर महीने में रांची में एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, आगे की आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। इसमें निर्णय लिया जाएगा।

## 2दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त



बरकट्ठा।पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से बरकट्ठा प्रखंड में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रविवार की सुबह से लगातार हो रही बारिश से कई मिट्टी के मकान गिर गया।जबकि बिजली संकट उत्पन्न होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश की वजह से लोग अपने अपने घरों में दुबके रहे। बरकट्ठा में सोमवार को लगने वाली साप्ताहिक हाट नहीं लगी बाजारों में सन्नाटा पसरा है। अधिक जरूरत पड़ने पर ही लोग मुश्किल से घर से बाहर निकल रहे हैं।बारिश से ग्राम चेचकप्पी निवासी केदार सिंह पिता स्व चरक सिंह का मिट्टी का मकान गिर गया।मकान गिरने से पूरे परिवार के लोग बाल बाल बच गये. पूरा परिवार बेघर हो गया। जिसकी सूचना मुखिया रीता देवी और मुखिया पति डेगलाल साव को दी। जिसके बाद मुखिया ने तुरंत पीड़ित परिवार के रहने के लिए पंचायत भवन में रहने को कहा।साथ ही इसकी जानकारी बरकट्ठा बीडीओ रोशमा डुंगडुंग को दी। इसके अलावा ग्राम चेचकप्पी निवासी जसवा देवी पति मथुरा सिंह, उपेंद्र मेहता पिता काशी सिंह का मिट्टी का भी मकान ध्वस्त हो गया।शिलाडीह के ग्राम तेतरिया टोला में बिजली का पोल सड़क पर गिर गया है।बारिश की वजह से पूरे प्रखंड क्षेत्र में 18 घंटे से बिजली आपूर्ति सेवा पूरी तरह बाधित है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पति ने की पत्नी की हत्या

मधेपुरा, (ईएमएस)। बिहार के मधेपुरा में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी. घटना मधेपुरा के श्रीनगर थाना क्षेत्र के पोखरिया टोला की है. बताया गया है कि सोमवार तड़के पति ने धारदार हथियार से इस घटना को अंजाम दिया है. घटना के बारे में आसपास के लोगों को पता चला तो सनसनी फैल गई. सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची. आरोपित पति अर्जुन शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. मृतक महिला की पहचान पोखरिया टोला निवासी अर्जुन शर्मा की पत्नी पूजा देवी (35) के रूप में की गई है. फ़िलहाल हत्या के पीछे की वजह सामने नहीं आई है. हालांकि इसके पीछे अवैध संबंध की चर्चा है. कहा जा रहा है कि पूजा देवी का गांव के ही किसी व्यक्ति से पिछले तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था. पूजा के पति अर्जुन शर्मा को यह बात पता थी. कई बार इसको लेकर विवाद हो चुका था. ऐसे में इस बात की आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद को लेकर अर्जुन शर्मा ने अपने पत्नी पूजा देवी की गला रेत कर हत्या की है.

## खेत में करंट लगने से युवक की मौत

नालंदा (ईएमएस)। नालंदा के पावापुरी ओपी थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब वह अपने खेत में खाद डाल रहा था। परिजन शव को ले पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल पहुँचे। मृतक की पहचान निरंजन कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के भाई ने कहा कि निरंजन धान के खेत में खाद देने गया था। दुर्भाग्यवश वहां पहले से 440 वोल्ट का बिजली का तार टूटकर गिरा था। जिसकी चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। घटना का पता तब चला जब काफी देर तक निरंजन के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। उन्होंने खेत में पहुंचकर देखा कि निरंजन करंट की चपेट में आ गया है। तुरंत उसे महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पवापुरी मेडिकल कॉलेज ले गये। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पावापुरी ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची। ओपी प्रभारी नारद मुनि सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई करेंगे। यह घटना बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर करती है। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए बिजली के ढांचे का नियमित रखरखाव और निरीक्षण जरूरी है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

## जेपीयू में ऑन स्पॉट एडमिशन की तैयारी

छपरा (ईएमएस)। यहां के जय प्रकाश विश्वविद्यालय (जेपीयू) में रिक्त सीटों पर स्पॉट एडमिशन को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है। एडमिशन 2 में 19 और 20 सितंबर को विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेज में नामांकन लिया जाएगा। इस पर विश्वविद्यालय ने नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इसमें सभी कॉलेजों में विषयवार ऑन स्पॉट एडमिशन की प्रकिया बताई है।डीएसडब्ल्यू प्रो राणा विक्रम सिंह ने कहा कि सभी कॉलेजों में पहले चरण में हुए स्पॉट एडमिशन के बाद बची हुई सीटों की संख्या मांगी गई थी। जिन कॉलेजों में पहले चरण में स्पॉट एडमिशन के बाद भी सीटें बची हैं। उसमें स्पॉट एडमिशन-टू के तहत दाखिला होगा। इस बार स्पॉट एडमिशन-2 के लिए छात्रों को विश्वविद्यालय में आवेदन देने की कोई जरूरत नहीं है। वेबसाइट से आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर उसे भरने के बाद जिस कॉलेज में सीट खाली रहेगी। वहां छात्र-छात्राएं निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन करा सकेंगे। मालूम हो कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय के सभी आंगीभूत कॉलेजों में 36 हजार सीटों पर ग्रेजुएशन सत्र 2024-28 का नामांकन होना है। इसमें अभी तक 27 हजार सीटों पर ही नामांकन है। विवि की ओर से ऑन स्पॉट एडमिशन प्रक्रिया करते हुए 28 अगस्त को फॉर्म और आवेदन लिए थे। 10 सितंबर तक नामांकन किया। बाकी बचे सभी सीटों पर ऑन स्पॉट नामांकन के तहत 19 और 20 सितंबर को नामांकन लिया जाएगा।

## पोस्टर में फोटो नहीं, मंत्री नाराज

पटना (ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना में आज जदयू की बैठक हो रही है। कर्पूरी सभागार में हुई इस मीटिंग में पार्टी के सभी सीनियर लीडर मौजूद हैं। बैठक में पहुंचने पर मंत्री बिजेंद्र यादव की नाराजगी की खबर आई। बताया गया कि पोस्टर में फोटो नहीं होने से मंत्री नाराज हो गए। उनकी नाराजगी इस बात पर भी थी कि इस बैठक की पहले से कोई सूचना नहीं दी थी। गुस्से में उन्होंने पत्रकारों से ये तक कहा कि मैं जदयू में नहीं हूं। हालांकि बैठक में वो शामिल हुए।मीटिंग के बीच जब वो बाहर निकले तो मीडिया ने उनसे नाराजगी पर सवाल किया। तब जदयू के वरिष्ठ नेता ने कहा कि कोई नाराजगी नहीं है। यह तो मजाक में कहा था। नाराज होता तो मीटिंग में क्यों आता। इधर जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने विजेंद्र यादव की नाराजगी पर कहा कि वो पार्टी के सीनियर लीडर हैं। यदि वो किसी बात से नाराज हैं तो उस पर बात होगी। हालाकि यह ठीक नहीं है। पार्टी में कहीं कोई नाराजगी नहीं है।

## यूपी के युवक की बिहार में संदिग्ध मौत

मुजफ्फरपुर (ईएमएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर में यूपी के एक युवक की संदिग्ध मौत हो गई। मृतक की पहचान दिलीप के रूप में हुई है। वो बलिया का रहने वाला था। उसे सीने में दाहिने साइड गोली लगी है। घटनास्थल से एक देसी कट्टा, पॉकेट से कारतूस और यूपी नंबर की बाइक मिली है। लोग आशंका जता रहे हैं कि किसी ने उसे गोली मारी है। पुलिस मामले को प्रेम-प्रसंग और आत्महत्या से जोड़कर देख रही है।उसकी गोली मारकर हत्या की गई या उसने खुद गोली मारकर आत्महत्या की इसका पता अभी नहीं चल पाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को एसकेएमसीएच पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की टीम जांच में जुटी हुई है। यह घटना रामपुर हरी थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव की है। जानकारी के मुताबिक दिलीप का परिवार मुंबई में है। 5 दिन पहले कहीं जाने की बात कहकर वह मुंबई से निकला था। दिलीप की मौत की खबर मिलने के बाद परिजन मुंबई से मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हो गए हैं। एएसपी सहियार अख्तर ने कहा कि युवक शव के पास एक देसी कट्टा व पॉकेट से एक गोली बरामद हुई है। घटना स्थल पर यूपी नंबर बाइक खड़ी थी। उसके पास मोबाइल था। जिससे उसके परिजन से संपर्क किया है। परिजन ने बताया कि 5 दिन पहले वह मुंबई से निकला था। प्रेम-प्रसंग का मामला भी हो सकता है।

## एसएनसीयू से नवजात की चोरी कर बेचा!

बेगूसराय (ईएमएस)। बिहार में बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती एक नवजात की चोरी हो गई। रात साढ़े 10 बजे उसका जन्म हुआ था। अगले दिन एक महिला एसएनसीयू से उठाकर ले गई और 60 हजार रुपए में बेच दिया। 2 घंटे के बाद 8 बजे दूध पिलाने के लिए मां को बच्चे को लेने गई तो बच्चा नहीं मिला। सीसीटीवी की जांच हुई तो एक महिला बच्चे को ले जाती दिखी। पुलिस ने अस्पताल से 10 किमी दूर बच्चे को बरामद किया। जिसने बच्चे को खरीदा उसी के घर नवजात मिला। पुलिस ने महिला सहित 4 लोगों को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है। दरअसल मुंगेर के रामनगर सूफियाबाद निवासी करण कुमार की पत्नी नंदनी गर्भवती होने के बाद अपने मायके बेगूसराय के लोहिया नगर झोपड़पट्टी में थी। प्रसव पीड़ा होने के बाद रात वो आशा के साथ बेगूसराय सदर अस्पताल पहुंची। जहां उसने एक बेटे को जन्म दिया। बच्चे की स्थिति गंभीर थी जिस कारण सदर अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती कराया। बच्चा चोरी होने की जानकारी के बाद सिविल सर्जन भी सदर अस्पताल पहुंचे। फिर उन्होंने नगर थाना को इसकी सूचना दी।

## 10 किलो चरस के साथ सरकारी शिक्षक गिरफ्तार

पटना, (ईएमएस)। एक सरकारी शिक्षक तथा उसके एक सहयोगी को 10 किलो 144 ग्राम चरस के साथ रक्सौल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर रक्सौल के डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने एक पुलिस टीम बनाई जिसमें दंडाधिकारी के रूप में रवि कुमार, रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा, एएसआई प्रभात कुमार और संजीवन पासवान को निर्देश देते हुए कार्रवाई करने के लिए कहा। इसके बाद रक्सौल-बाईपास रोड में इन दोनों को पकड़ा गया। ये दोनों आईसीपी बाईपास रोड होते हुए रामगढ़वा रोड में तेजी से झोला लेकर जा रहे थे। इनकी तलाशी ली गई तो झोला में से 10 किलो 144 ग्राम चरस को बरामद किया गया।

# हाजीपुर रेल मुख्यालय में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

पटना/हाजीपुर, (ईएमएस)। पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सभी आमंत्रित अतिथियों व रेल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी माल्यार्पण किया। हिंदी दिवस के इस विशेष अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महाप्रबंधक श्री सिंह ने अपने हिंदी दिवस संदेश के माध्यम से कहा कि भारतीय संविधान सभा ने गंभीर विचार-विमर्श के बाद हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा दिया तथा हिंदी से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों को 14 सितंबर, 1949 को अंगीकार किया। इसी उपलक्ष्य में हम प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था- 'कोई भी देश सच्चे अर्थों में तब तक स्वतंत्र नहीं है जब तक वह अपनी भाषा में नहीं बोलता'। यह कथन गंभीर अर्थ रखता है। वास्तव में भाषा किसी देश व समाज के



लिए सर्वाधिक महत्व रखती है। महाप्रबंधक ने अपने संदेश में कहा कि हिंदी भाषा स्वतंत्रता आंदोलन की भाषा रही है जिसके बल पर हमने ब्रिटिश साम्राज्य की गुलामी से मुक्ति पाई। यही भाषा हमारे संघर्ष और सुख-दुख की भाषा रही है और इसी के बल पर हम महान भारत के स्वप्न को साकार होते देख सकते हैं। इसीलिए जो शक्तियाँ हिंदी को मात्र एक भाषा समझती हैं वो इसके ऐतिहासिक महत्व को अस्वीकार करती हैं। हिंदी की लड़ाई अंग्रेजी या किसी अन्य भाषा के विरूद्ध नहीं है बल्कि हिंदी इस विशाल देश को सांस्कृतिक रूप से एकजुट करने का कार्य कर रही है।इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बी.के.सिंह ने कहा कि आप सभी को ज्ञात होगा कि हर वर्ष हम गरिमापूर्ण तरीके से हिंदी दिवस मनाते हैं। इस वर्ष 14 सितंबर को शनिवार का दिन था इसी लिए आज हिंदी दिवस मना रहे हैं। मुख्यालय में 2 सितंबर से 25 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान हिन्दी कार्यशाला का आयोजन, हिन्दी निबंध, वाक, टिप्पण-आलेखन तथा अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए हिन्दी क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा चुका है। आप सभी को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि मंडलों आदि में भी उत्साहपूर्वक हिंदी सप्ताह/पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल क क्षेत्र में स्थित है, इसलिए यहां अधिकांश कार्य स्वाभाविक रूप से हिंदी में ही होते हैं फिर भी ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिनमें और अधिक प्रयास करके हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। आज के कार्यक्रम का संचालन करते हुए उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (आई.आर) नीरज कुमार ने महाप्रबंधक सहित आगत अतिथियों और विभिन्न अधिकारियों का स्वागत करते हुए दि. 02.09.24 से 25.09.24 तक चलने वाली राजभाषा पखवाड़ा-2024 के आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी.राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित "पूर्व मध्य रेल दर्पण" राजभाषा बुलेटिन का विमोचन महाप्रबंधक ने किया. हिंदी दिवस का मुख्य आकर्षण "हिंदी के प्रचार-प्रसार में भारतीय रेल का योगदान" "विषय पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया. इस गोष्ठी में अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. के. की. कृष्ण व डॉ. संजय पंकज, वरि. साहित्यकार ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए. वरि.साहित्यकार डॉ. के की कृष्ण ने कहा कि हिंदी का क्षितिज पूर्व मध्य रेल पर निरंतर विस्तृत हो रहा है. हिंदी अपने समक्ष तमाम चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते आगे बढ़ रही है. हिंदी आज के केवल साहित्य की भाषा ही नहीं अपितु विज्ञान और तकनीक की भाषा भी है. डॉ. संजय पंकज ने "हिंदी के प्रचार-प्रसार में भारतीय रेल का योगदान" विषय पर विस्तार से अपने विचारों को साझा किया. कार्यक्रम के अंत में अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया. इस बात की जानकारी पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है।

## बंद घर से लाखों का सामान चोरी

पूर्णिया (ईएमएस)। बिहार के पूर्णिया में बंद घर में घुसकर चोरों ने 4.50 लाख की संपत्ति चोरी की है। चोरों ने घर का ताला तोड़ अलमीरे में रखे 50 हजार के जेवर समेत करीब 4 लाख कैश अपने साथ ले गए। चोरी की घटना पर थाने में आवेदन दिया है। पुलिस पीड़ित के घर पहुंची और कमरे की तफ्तीश की। मामला शहर के सदर थाना क्षेत्र इलाके का है। पीड़ित संजय ने कहा कि मैं और मेरी पत्नी घर बंद कर अपने-अपने काम पर गए थे। घर लौटने पर देखा कि मेन गेट का ताला टूटा है। घर में प्रवेश करने पर सभी कमरों का ताला टूटा मिला। कमरे में रखा सारा सामान जमीन पर बिखरा था और अलमीरे का लॉक टूटा था। लॉकर में रखे गए 4 लाख कैश समेत 50 हजार के जेवरात गायब थे। शातिर चोर लॉकर तोड़ अपने साथ ले गए। अलमीरे में एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और अन्य जरूरी कागजात थे। इस चोरी को लेकर पीड़ित ने कहा कि इलाके में ये कोई पहली चोरी नहीं है। दो महीने पहले भी घर में घुसकर चोरों ने कुछ दिन पहले लाखों की चोरी की थी।

# खाली प्लॉट में कचरा मिला तो पड़ोसी पर होगी कार्रवाई

पटना (ईएमएस)। पटना नगर निगम में नया एक्शन प्लान तैयार हुआ है। अब किसी भी खाली प्लॉट में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई होगी। नगर निगम की सर्वे रिपोर्ट में सामने आया है कि शहर के 128 ऐसे खाली प्लॉट हैं जहां आसपास के लोग कचरा फेंक रहे हैं। उस जगह की पहचान के बाद नगर निगम ने यहां सफाई व्यवस्था के लिए नया फॉर्मूला तैयार किया है। यहां कचरा फेंकने वाले प्लाट पर जाकर वहां के आसपास के पड़ोसियों से शपथ-पत्र भरवायेंगे। इसमें खाली प्लॉट में कचरा नहीं फेंकने पर सहमति लेंगे। फिर निगम प्रशासन एक बार उस प्लॉट से कचरा साफ करा देगा। यदि फिर से उस प्लॉट में कचरा फेंका तो वहां के लोगों से ही उस जगह की सफाई करायेंगे। इसके लिए रहवासियों का श्रमदान भी लेंगे।फिर भी लोग नहीं माने तो निगम प्रशासन जुर्माना लगाएगा। इस नई व्यवस्था को निगम प्रशासन 17 सितंबर से लागू करने जा रहा है। पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि प्राइवेट जमीन और प्लॉट पर वहां के पड़ेसी किसी भी समय कूड़ा-कचरा फेंकते हैं। इन संबंधित जगहों का सर्वे कराकर इसकी पहचान कर ली है। इसकी सफाई नगर निगम एक बार करेगा। फिर वहां के लोगों से श्रमदान कराकर सफाई करायेंगे। कचरा फेंके जाने वाले प्लॉट को साफ करने से पहले उसकी वास्तविक फोटो ली जाएगी। पहचान किए गए ऐसे प्लॉटों की पूरी सफाई 2 अक्टूबर तक करने का लक्ष्य है। गंदगी से भरे प्लॉट को साफ करने के बाद उसकी दूसरी तस्वीर लेंगे। फिर इसे जारी करेंगे। सर्वे के दौरान यह पाया गया है कि खाली प्लॉट में किसी भी समय वहां के पड़ोसी कचरा फेंक रहे हैं। शहर में बाजार समिति और आसपास का एक ऐसा वार्ड है जहां डेढ़ लाख से अधिक लोग रहते हैं। यहां काफी सघन आबादी है। निगम प्रशासन ने यहां वार्ड 47 में नए सिरे से साफ-सफाई करने का निर्णय लिया है। चूंकि बाजार समिति में व्यापारिक गतिविधियां होती हैं। इसलिए यहां बेहतर सफाई जरूरी है।

# जमुई के अभिषेक को गूगल ने दिया 2 करोड़ रुपए सालाना का पैकेज

जमुई (ईएमएस)। बिहार के जमुई जिले के झाझा निवासी 24 साल के अभिषेक अब अमेरिकी कंपनी गूगल में जॉब करने वाले है। गूगल ने अभिषेक को 2 करोड़ रुपए सालाना का पैकेज दिया है। वे जॉइनिंग के लिए इसी महीने लंदन जाएंगे। गूगल से 2 साल पहले अभिषेक 1 करोड़ 8 लाख रुपए के पैकेज पर अमेजन कंपनी में थे। इस दौरान वे जर्मनी में रहे। कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने वाले अभिषेक का कहना है कि, गूगल में जॉब करना मेरा सपना था। बचपन से ही अभिषेक को कोडिंग का शौक था।अभिषेक की शुरुआती शिक्षा झाझा के प्राइवेट स्कूल में हुई है। उनके माता-पिता ने बताया कि बचपन से ही अभिषेक को कोडिंग के प्रति काफी लगाव था। वहां कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में ही कुछ करना चाहता था। इसके लिए कोटा में रहकर अभिषेक ने तैयारी की और 2018 में एनआईटी पटना में उसका दाखिला हुआ। अभिषेक के पिता सिविल कोर्ट में वकील हैं, और मां ग्रामीण हैं। उनके बड़े भाई अमित कुमार दिल्ली में रहकर सरकारी जॉब की तैयारी कर रहे हैं। वे कहते हैं, जर्मनी जाने के बाद मुझे नए मौकों के बारे में पता चला। अब लंबे वक्त तक गूगल में ही जॉब करने का इरादा है।अभिषेक के मुताबिक, बीटेक पास करने के बाद कई कंपनियों में जॉब के लिए आवेदन किया था, लेकिन अच्छा ऑफर अमेजन से मिला। मुझे अमेजन ने एक करोड़ 8 लाख रुपए पैकेज दिया था। यहां एक साल तक जॉब करने के बाद गूगल में आवेदन किया। 5 राउंड के इंटरव्यू के बाद गूगल से मुझे जॉब ऑफर किया है।अभिषेक ने बताया कि गूगल जैसी बड़ी कंपनी में जॉब लेने का प्रोसेस सबके लिए एक ही सामान होता है। बस हमें करियर पोर्टल पर जाकर अप्लाई करना होता है। अगर हम किसी दूसरे एम्पलाई से मदद लेते हैं, तब और भी आसान हो जाता है। फिर हमारे सीवी के बेसिस पर उसे शॉर्ट लिस्ट किया जाता है और इंटरव्यू कराया जाता है।

# नई रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी

गया (ईएमएस)। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने घोषणा की है कि गया से डालटनगंज तक एक नई रेल लाइन के निर्माण को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट के लिए 426 करोड़ रुपये आवंटित भी किए हैं। इससे गया को झारखंड से बेहतर रेल संपर्क और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। मांझी ने कहा कि गया के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए मोदी सरकार ने इस रेल लाइन के लिए फंड जारी किया है।इस लाइन के बनने से गया, बांकेबाजार, इमामगंज और सिमरिया जैसे कई महत्वपूर्ण शहर जुड़ेंगे। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री मांझी ने कहा कि गया से



डालटनगंज तक नई रेल लाइन वाया बांकेबाजार इमामगंज-सिमरिया में भी काम शुरू होनेवाला है। उन्होंने कहा कि गया से डालटनगंज तक नई रेल लाइन का निर्माण 426 करोड़ की लागत से होगा। इसकी भी मंजूरी मिल गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं से विकास को गति मिलेगी। इसे कोई नहीं रोक सकता है। मांझी ने गया में रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के गया जिले में रोजगार की कमी है। यहां रोजगार चाहिए। हम समूचे भारत में रोजगार के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गया के डोभी में 20 एकड़ में एक टेक्नोलॉजी सेंटर जल्द ही खुलेगा। साथ ही इमामगंज में भी एक साल में 20 एकड़ में एक और टेक्नोलॉजी सेंटर शुरू होगा। इन केंद्रों से 10 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। मांझी ने कहा कि इमामगंज में अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए एक हब भी बनायेंगे। शेरघाटी से डुमरिया तक स्टेट हाइवे 69 को चार लेन का बनाने का काम भी जल्द शुरू होगा। इमामगंज के पकरी गुरिया चुआवार नदी पर 18 करोड़ रुपये की लागत से एक पुल का निर्माण भी होगा।

## रेलवे गया-पटना के बीच मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलायेगा

गया (ईएमएस)। गया में पितृपक्ष मेला और आगामी पर्व-त्योहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे गया और पटना के बीच एक जोड़ी मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलायेगा। ताकि लंबे समय तक रेल यात्री मेमू पैसेंजर का लाभ ले सकें। मेमू पैसेंजर स्पेशल गया और पटना से 16 सितंबर से 31 दिसंबर तक रोज चलेगी। पितृपक्ष मेले के दौरान विशेष रूप से इसका संचालन किया जा रहा है। ताकि पिंडदानी गया से पटना और पटना से गया तक का सफर आसानी से तय कर सकें। इस बात की जानकारी पीआरओ ने दी है।ट्रेन 03656 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल 16 नवंबर से 31 दिसंबर तक गया से रोज 06.15 बजे खुलकर 06.42 बजे बेला, 07.35 बजे जहानाबाद, 08.05 बजे तरेगना, 08.36 बजे पुनपुन सहित अन्य स्टेशन/हॉल्ट पर रुकते हुए 09.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 03655 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल 16 नवंबर से 31 दिसंबर तक पटना से 10.30 बजे खुलकर 10.56 बजे पुनपुन, 11.27 बजे तरेगना, 11.58 बजे जहानाबाद, 12.46 बजे बेला सहित अन्य स्टेशन/हाल्ट पर रुकते हुए 13.40 बजे गया पहुंचेगी। ट्रेन का संचालन का समय गया से 6:15 और पटना से 10:30 बजे इसलिए रखा है कि गया से पटना जाने वालों की तादाद सुबह अधिक होती है। इसी तरह से पटना से भी सुबह के समय यात्रियों की ज्यादा संख्या देखी गई है। यही वजह है कि मेमू स्पेशल ट्रेन को सुबह के समय रखा है।

## फिर होटल में लगी आग पूरा बैंक्वेट जला

पटना (ईएमएस)। पटना में 4 महीने 16 दिन के बाद दूसरी बार कोतवाली थाना क्षेत्र के डाकबंगला चौराहे से सटे मारवाड़ी बासा में अगलगी की घटना हुई। होटल में सुबह आग लग गई। कुछ ही देर में पूरा बैंक्वेट जल गया। इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है। सिर्फ सामान को नुकसान पहुंचा है।इससे पहले 25 अप्रैल को कोतवाली थाना क्षेत्र के पटना जंक्शन गोलंबर स्थित होटल पाल और होटल अमृत में आग लगी थी। इस अग्निकांड में 8 लोगों की जान गई थी। 20 से अधिक लोग झुलस गए थे। मारवाड़ी बासा, होटल पाल, होटल अमृत महज 1.5 किलोमीटर के दायरे में हैं। होटल पाल और होटल अमृत की घटना पर सबकी निगाहें थी। पुलिस और प्रशासन से कार्रवाई की उम्मीद थी। वो केस भी ठंडे बस्ते में है। इस केस में अब तक दो आईओ बदले हैं। तीसरे अभी इस केस को समझ रहे हैं। पहले इस केस के आईओ थानेदार राजन बने। फिर शकील अहमद बने। अब वीरेंद्र हैं। जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। इस मामले में अब तक आरोपियों तक पुलिस पहुंच नहीं सकी है। पहले ही उन्हें कोर्ट से लाभ मिल गया। आग लगने की घटना के बाद जिला प्रशासन की ओर से एक कमेटी बना पटना के होटलों की जांच पड़ताल कराई थी।

पटना सदर एसडीएम, लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी, थानेदार, अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने होटलों, कोचिंग संस्थानों की जांच पड़ताल की थी। पटना में यह अभियान एक सप्ताह तक चला था। धीरे-धीरे समय के साथ यह अभियान भी ठंडे बस्ते में चला गया। क्या हुआ कुछ पता नहीं चला है।

## राहुल गांधी को आतंकवादी कहने पर भड़के विधायक अजीत शर्मा, बयान दुर्भाग्यपूर्ण

भागलपुर (ईएमएस)। भागलपुर में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आतंकवादी कहने पर नगर विधायक अजीत शर्मा ने आपत्ति जाहिर की है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि रेल राज्य मंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। क्या मंत्री राहुल गांधी के परिवार को नहीं जानते।उन्होंने कहा कि भारत को आजाद कराने से लेकर देश के विकास तक का काम कांग्रेस और गांधी परिवार ने किया है। और मोदी सरकार में मंत्री उस परिवार के युवराज को आतंकवादी कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष से आग्रह किया जाएगा कि वे रेल राज्य मंत्री पर मुकदमा दर्ज कराएं। इस बयान के लिए प्रधानमंत्री को मंत्री पर कार्रवाई कर पद से हटाना चाहिए। क्योंकि नेता प्रतिपक्ष को आतंकवादी कहना गलत है।अररिया में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी की ओर से विदेश यात्रा के दौरान आरक्षण के विरोध में दिए गए वक्तव्य को लेकर जिला भाजपा अत्यंत पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला दहन किया।इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगाए। मोर्चा के जिलाध्यक्ष पटेल ने कहां कि राहुल गांधी के द्वारा आरक्षण के विरोध में दिए गए वक्तव्य की जितनी भी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब भी विदेश के दौरे पर जाते हैं।भारत को नीचा दिखाने के लिए कुछ ना कुछ अनर्गल बयान बाजी करते रहते हैं।

## तीन नाबालिग लड़कियों ने की आत्महत्या की कोशिश

सहरसा (ईएमएस)। बिहार के सहरसा में 3 नाबालिग लड़कियों ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि पतरघट थाना क्षेत्र में कुछ युवकों द्वारा सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो डालने से परेशान होकर लड़कियों ने यह खतरनाक कदम उठाया। फिलहाल तीनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है जहां उनकी हालत नाजुक है।जब तीनों लड़कियां अपने घरवालों से छिपकर खेत में गईं और जहर खाया। लड़कियों की तबियत बिगड़ने पर उन्हें पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लड़कियों के परिजनों ने गांव के 3 युवकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इन युवकों ने मिलकर लड़कियों की फोटो अश्लील गाने के साथ सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इससे परेशान लड़कियों ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की है।

# बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार को युवक ने बनाया बंधक, घर पर पेट्रोल छिड़का और की फायरिंग

पूर्णियां, (ईएमएस)। बिहार के पूर्णिया में हुए एक हाई वोल्टेज ड्रामा में पहले एक युवक ने अपनी पत्नी को हथियार दिखाकर बंधक बनाया। इस दौरान उसने देशी पिस्तौल से फायरिंग भी की। इस बीच महिला मौका देखकर आरोपी के चंगुल से भाग निकली और दूसरे कमरे में जाकर छिप गई। सूचना मिलने पर जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो आरोपी ने घर पर पेट्रोल छिड़क दिया और घर को जलाने की धमकी देने लगा। हालांकि पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवती बिहार के तीन बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री की पुत्रवधू की भतीजी है। पुलिस ने बताया कि युवक-युवती ने अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ दिन बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद होने लगा। करीब 4 साल से दोनों



अलग रह रहे थे। युवक ने पूछताछ में बताया है कि इस शादी से उसके घरवाले भी नाराज थे। उसके पिता ने कहा कि उसे अपनी संपत्ति में से कोई हिस्सा नहीं देंगे। पिता की नाराजगी से वह घर छोड़कर अलग रहने लगा। पुलिस के मुताबिक, दोनों ने कम उम्र में शादी की थी। लड़की अभी पढ़ना चाहती है और अलग रह रही है। पूर्व मुख्यमंत्री की पुत्रवधू सुशीला भारती ने कहा कि युवक अचानक घर पहुंचा और पूरे परिवार को बंधक बना लिया। उसने बेटी पर पिस्टल तान दी। इस बीच, वह मौका देखकर भाग गई। इस दौरान उसने फायरिंग भी की। इसके बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस थाना को सूचना दी। थोड़ी देर बाद उनके घर पर पुलिस पहुंची। युवक अपने साथ गैलेन में भरकर पेट्रोल लेकर आया था। उसने घर के चारों तरफ पेट्रोल छिड़क दिया। युवक ने 6 राउंड फायरिंग भी की। इस संदर्भ में एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने कहा कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस समय पुलिस पहुंची, उसके हाथों में दो कट्टा था। पुलिस को उसके पास से 6 कारतूस भी मिले हैं। मौके पर कारतूस के दो खोखे भी मिले हैं। यह पति-पत्नी का विवाद है। युवक मानसिक रूप से परेशान दिख रहा था। उससे पूछताछ की जा रही है। बता दें कि पूर्णियां शहर के।हाट थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी में पूर्व सीएम की पुत्रवधू राजद नेत्री सुशीला भारती अपने परिवार के संग रहती हैं। एक ही कैंपस में उनकी गोतनी शांति देवी भी रहती हैं। सोमवार सुबह अचानक घर से मदद की आवाज आने लगी। इसके बाद मोहल्ले वाले घर की तरफ दौड़े। वहीं घर के पास जब लोग पहुंचे तो घर के अंदर से एक युवक फायरिंग करने लगा। युवक की पहचान बड़हरा कोठी निवासी रमण झा के 28 वर्षीय पुत्र मनोहर झा के रूप में हुई है। सुशीला भारती ने कहा कि युवक 10 साल पूर्व उसके घर उसकी गोतनी की बेटी को पढ़ाने के लिए आया करता था। इसके बाद दोनों ने प्रेम प्रसंग में शादी कर ली। बेटी की मर्जी को देखते हुए उनलोगों ने भी लड़के को स्वीकार कर लिया था। मगर लड़के के माता-पिता ने लड़की को रखने से इंनकार कर दिया। क्योंकि वे लोग अनुसूचित जाति (पासवान) से आते हैं। इसके बाद उसके घर में ही लड़का रहने वाला। 2014 में दोनों की शादी हुई थी। 2021 से कुटुंब न्यायालय में तलाक का मामला चल रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गौवंश मामले में महीनो से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भोपाल(ईएमएस)। थाना बैरसिया पुलिस ने गौवंश के मामले में महीनो से फरार चल रहे आरोपी करामत खां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी की थाना बैरसिया में गौवंश से संबंधित प्रकरण में फरार चल रहा आरोपी करामत खां नरेला जोड पर खडा है, जो शहर से बाहर भागने की फिराक में है। खबर मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल ही एक्शन में आते हुए घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान करामत खां पिता छोटे खां (37) साल निवासी ग्राम थानदेर थाना करारिया जिला विदिशा के रुप में हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस अवैध गौवंश परिवहन के संबंध मे उससे आगे की पूछताछ कर रही है।

### बाग में मिले युवक के शव की हुई शिनाख्त ट्रैन से गिरने के कारण मौत की आशंका

भोपाल(ईएमएस)। पुराने शहर के तलैया थाना इलाके में स्थित केवड़े वाले बाग में बीती सुबह मिली अज्ञात युवक की लाश की पुलिस ने पहचान कर ली है। आशंका है कि उसे ट्रैन से गिरने के कारण गंभीर चोंट आई होगी। बाद में घायल युवक यहॉ आ गया और चोंटो के कारण ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को पत्ती बाजार के पास दीवार के पास रखी फर्सियों पर एक युवक का शव लेटी हुई हालत में मिला था। उसके गले और पेट के नीचे गंभीर चोट थी, जिससे खून निकला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजते हुए उसकी पहचान जुटाने के प्रयास शुरु कर दिये। वहीं घटनास्थल की जॉच में पता चला कि मृतक के शरीर पर लगी चोट के खून निकला था, लेकिन मौके पर किसी तरह के संघर्ष के कोई निशान या अन्य स्थानो पर खून नहीं था। जांच के दौरान मृतक पहचान करीब 35 वर्षीय राजकुमार के रुप में हुई वह ट्रेनों में खाने का सामान बेचता था। पुलिस का अनुमान है, कि आउटर पर चलती ट्रेन से उतरने के दौरान उसे चोट लग गई। इसके बाद वह किसी काम से तलैया इलाके में आया और यहीं पर उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पीएम रिर्पोट का इंतेजार कर रही है।

### होटल में जमी थी जुए की फड़, आधा दर्जन जुआरियों धराये

भोपाल(ईएमएस)। मंगलवारा पुलिस ने क्षेत्र में स्थित होटल शीतल पैलेस में दबिश देते हुए यहॉ कमरा लेकर जुए की फड़ जमाए बैठे आधा दर्जन जुआरियों को दबोचा है। थाना पुलिस के मुताबिक बीती शाम मुखबिर से मिली सूचना पर होटल शीतल पैलेस के एक कमरे में दबिश दी गई थी। कार्यवाही के दौरान सामने आया कि होटल में कमरा लेकर आरोपी श्याम सिंह ठाकुर, कल्लू प्रजापति, दिनेश प्रजापति, हरिशंकर चौरसिया, दीपक कुमार, जितेंद्र और रिषी प्रजापति जुआ खेल रहे थे। आरोपियों के पास से हजारो की नगदी सहित ताश की गड्डी भी जप्त की गई है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

भोपाल(ईएमएस)। देहात क्षेत्र के सूखी सेवनिया इलाके में जहरीले कीड़े के काटने से युवक की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि ग्राम बरखेड़ी अब्दुल्ला में रहने वाला गोपाल सिंह (40) निजी काम करता था। बीते दिनों उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया था। उस समय उसने उस पर अधिक धयन नहीं दिया जिसके कारण बाद में उसके पैर में सूजन आ गई थी। तकलीफ अधिक होने के बाद शुक्रवार को परिवार वाले उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में एक दिन चले इलाज के बाद अगली सुबह गोपाल की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंप दिया है। आशंका है कि उसे सांप ने डसा होगा, हालांकि पुलिस का कहना है कि पीएम रिर्पोट आने पर ही मौत का सही कारण साफ हो सकेगा।

### स्वच्छता ही सेवा के तहत कार्यक्रम आयोजित

अशोकनगर (ईएमएस)। स्वच्छता ही सेवा है, पखवाड़ा के तहत जनपद पंचायत ईसागढ के पीसीओ शिवराम ने स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर जिला समन्वयक अनिता जाटव इस दौरान उपस्थित रही। सभी सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं ने साफ-सफाई के महत्व को जाना। साथ ही छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक के साथ ब्लॉक समन्वय तथा मेंटरों ने कक्षा के दौरान विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही सभी सीएमसीएलडीपी छात्र एवं छात्राओं अपने-अपने ग्रामों में स्वच्छता ही सेवा है और स्वच्छता ही हमारा स्वभाव हो, इस बात का सकल्प लिया।

### हिंदी दिवस पर शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया

राजनांदगांव (ईएमएस)। हिन्दी दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द, संकुल -भरेगांव में संकुल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में संकुल के सभी प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शालाओं के हिन्दी पढ़ाने वाले शिक्षक -शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया था। जिसमें रणजीत कुमार यादव, कन्हैया साहू, ज्योति साहू, अनुपमा सोनी, रेणुका साहू व पूजा चन्द्राकर उपस्थित रही। अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की पूजा अर्चना से हुई। मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए शाला की पूर्व छात्रा रमा साहू ने दिव्यता की अनुभूति कराई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए संस्था प्रमुख शिव कुमार सेवता जी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया; साथ ही हिन्दी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। पधारे हुए अध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा के महत्व, वर्तमान परिदृश्य में हिन्दी व बदलते समय में हिन्दी की भूमिका पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। उनके व्याख्यान से बच्चों में हिन्दी भाषा के प्रति और अधिक अपनत्व जागृत हुई। हिन्दी दिवस के आयोजन में बच्चों ने भी गीत, भाषण, कविता व नृत्य की प्रस्तुति दी। संगोष्ठी आयोजन को अविस्मरणीय बनाने के उद्देश्य से शाला परिवार द्वारा सम्माननीय शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत अजय सिंहमारे द्वारा रचित बहुत ही सुन्दर कविता के माध्यम से शाला की शिक्षिका श्रीमती विभा सिंहमारे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# पीएम मोदी के दिशादर्शन में गुजरात रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में लीडिंग स्टेट : मुख्यमंत्री




गांधीनगर (ईएमएस)| मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट और एक्सपो का उद्घाटन के अवसर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशादर्शन में गुजरात रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में लीडिंग स्टेट बना है। भूपेन्द्र पटेल ने जोड़ा कि प्रधानमंत्री ने ग्रीन-क्लीन एनर्जी – हरित ऊर्जा के लिए जो संकल्प किया है, उसे साकार करने में गुजरात अपनी रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी तथा ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी के साथ ग्रीन फ्यूचर के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ऐसे विजनरी नेता हैं, जो हमेशा समय से आगे की सोचते हैं। इस संदर्भ में उन्होंने जोड़ा कि गुजरात में देश के प्रथम क्लाइमेट चेंज डिपार्टमेंट तथा चारणका सोलर पार्क की शुरुआत नरेन्द्र मोदी के विशिष्ट विजन के परिचायक हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि राज्य में इन्स्टॉल्ड एनर्जी कैपेसिटी में रिन्यूएबल एनर्जी का योगदान 54 प्रतिशत है और सोलर रूफटॉप में गुजरात अग्रसर है। राज्य के 1600 किलोमीटर लंबे समुद्री तट पर 32 से 35 गीगावाट ऑफशोर विंड एनर्जी उत्पादन की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा लॉजिस्टिक सुविधाओं व बिजनेस फ्रेंड्ली पॉलिसीज के साथ गुजरात एनर्जी सेक्टर में इन्वेस्ट के लिए प्रिफर्ड डेस्टिनेशन बना है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के वर्ष 2070 में नेट जीरो तथा वर्ष 2030 में 100 गीगावाट के लक्ष्य की पूर्ति के संकल्प को साकार करने में गुजरात अग्रसर रहने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक एनर्जी सेक्टर में आत्मनिर्भरता के लिए एनर्जी को अधिक अफोर्डेबल, एक्सेसेबल एवं स्कैलेबल बनाने के लिए सभी से साथ मिल कर आगे बढ़ने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने ग्रीन, सस्टेनेबल तथा क्लीन उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए रिन्यूएबल एनर्जी का दायरा बढ़ाने के चिंतन-मंथन की इस समिट की मेजबानी का अवसर गुजरात को देने के लिए प्रधानमंत्री और केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

### ईद पर निकला चल समारोह

अशोकनगर (ईएमएस)। पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैही वसल्लम का यौमे विलादत (जन्म दिवस) जश्ने ईद मिलादुन्नबी सोमवार को सादगी, अकीदत और सम्मान के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मुस्लिम समुदाय ने अपने-अपने मकानों और मस्जिदों को रंग-बिरंगी लाइटिंग, झंडियों और फूलों से सजाया, साथ ही मिलाद शरीफ का आयोजन कर दीन-ए-इस्लाम का पैगाम फैलाया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए जो शहर में मुख्य मार्गों से गुजरते हुए मस्जिद पहुंचे। जुलूस के दौरान पैगंबर-ए-आजम के जीवन, कुरआन और हदीस से जुड़े तख्तियां, और मस्जिदों के मॉडल आकर्षण का केंद्र बने रहे। रविवार की शाम से ही मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मिलादुन्नबी की तैयारी शुरू हो गई थी।

# गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत खजराना मंदिर में विद्यार्थियों के लिये संपन्न हुई प्रतियोगिता

### विजेता स्कूलों को किया गया पुरस्कृत

इन्दौर (ईएमएस)। कलेक्टर एवं श्री गणपति मंदिर प्रबंध समिति खजराना इन्दौर के सह अध्यक्ष आशीष सिंह के निर्देश पर गणेश चतुर्थी महोत्सव में इन्दौर शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के लिये धार्मिक एवं सांस्कृतिक नृत्य कला प्रतियोगिता का आयोजन खजराना गणेश मंदिर में किया गया। इसमें अनेक स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। विजेता स्कूलों को पुरस्कृत भी किया गया।गणपति मंदिर प्रबंध समिति खजराना स्थित प्रवचन हॉल में गणेश चतुर्थी महोत्सव में



शालेय विद्यार्थियों द्वारा धार्मिक नृत्य, नाटकों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें चमेली देवी स्कूल, सिका स्कूल, आईडियल एकेडमी, अल्पाईन स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य पुजारी अशोक भट्ट, पुजारी विनित भट्ट, निर्णायक समिति व मुख्य अतिथि कथक गुरु डॉ. रागिनी मक्कर, मूर्तिकार खाडेराव पंवार एवं आयोजन के मुख्य दानदाता के रूप में विकास अग्रवाल और दीपक अग्रवाल उपस्थित थे। जिनके द्वारा प्रथम पुरस्कार आइडियल स्कूल, द्वितीय पुरस्कार चमेलीदेवी स्कूल, तृतीय पुरस्कार सिका स्कूल व चतुर्थ पुरस्कार अल्पाईन स्कूल को दिया गया। प्रस्तुति देने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मान के साथ भोजन प्रसादी कराकर दर्शन भी कराए गये। मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक भट्ट द्वारा प्रेरक उदबोधन दिया गया। उन्होंने कहा कि अटूट विश्वास एवं आस्था के साथ मेहनत की जाये तो सफलता अवश्य मिलेगी। मुख्य अतिथि डॉ. रागिनी मक्कर द्वारा बताया गया कि सच्चे भाव से लिया गया संकल्प सफलता के द्वार खोलते हैं। विश्वास के साथ अपने कार्य करते रहे।

### डोर टू डोर संपर्क कर आभा तिवारी ने ऑनलाइन बना कर दी भाजपा सदस्य कार्ड

राजनांदगाँव (ईएमएस)। जिला भाजपा उपाध्यक्ष जिला सदस्यता अभियान की प्रभारी सह संयोजक आभा तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 2 सितंबर को सदस्यता अभियान शुरू किया था और शुरुआती आठ दिनों में ही पार्टी ने दो करोड़ सदस्य बना लिए हैं. बीजेपी का सदस्यता अभियान बूथ स्तर पर जारी 2 सितंबर को सदस्यता अभियान शुरू की थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदस्यता अभियान के लिए पार्टी की ओर से जारी किए नंबर पर मिस्ड कॉल करके बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर इस अभियान की शुरुआत की थी. इसके बाद अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. मात्र आठ दिन की अवधि में बीजेपी ने दो करोड़ सदस्य बना लिए हैं. बीजेपी 10 करोड़ सदस्य बनाने का टारगेट लेकर चल रही है. आभा ने कहा इस टारगेट तक पहुंचने के लिए जमीन पर बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चल रहे है। आज मैं स्वयं बूथ में मतदाताओं से मिली और उन्हें सदस्यता कार्ड भी दी। जिला स्तर पर जिलाध्यक्ष रमेश पटेल जी और अन्य पदाधिकारियों को भी सदस्यता अभियान को लेकर लक्ष्य दिया है. बीजेपी नेतृत्व ने जिला अध्यक्षों और अन्य पदाधिकारियों से भी सदस्यता अभियान में जी-जान से जुट जाने को कहा है.

बीजेपी के पदाधिकारी सदस्यता अभियान की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सांसदों और विधायकों के साथ ही मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष,पार्षद जैसे जनप्रतिनिधियों को भी जिम्मेदारी दी है। आभा तिवारी ने आगे बताया कि पार्टी ने समय और चरणबद्ध तरीके से सभी कार्य सुनिश्चित किए हैं ।

## सीएम धामी के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर, युवाओं ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा

देहरादून (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी जीएमएस मंडल कैंट विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन को युवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर में युवाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जीएमएस मंडल कैंट विधानसभा के उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक लच्छू गुप्ता ने युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर शिविर का उद्घाटन प्रदेश कार्यालय सचिव कौस्तुभानंद जोशी,प्रदेश कोषध्यक्ष पुनीत मित्तल आईवीएफ के प्रदेश



अध्यक्ष रामगोपाल गोयल ने किया और शिविर युवाओं ने बाढ़ चढ़कर भाग लिया और जिसमे जिसमें रक्त जांच वह फलों का वितरण भी किया गया और शिविर में आए हुए लोगों की मुफ्त जांच भी कराई गयी। इस मौके पर प्रदेश सह संयोजक लच्छू गुप्ता ने लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। उन्होंने कहा कि खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। इस दौरान अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

## राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी पर भाजपा के दो नेताओं का पुतला जलाया

देहरादून (ईएमएस)। भाजपा सांसद रवनीत सिंह बिट्टू और भाजपा नेता व पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह के द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के लिए दिये गए अभद्र टिप्पणी एवं सार्वजनिक रूप से जान से मारने की धमकी दिये जाने के विरोध पर दोनों भाजपा नेताओं का पुतला फूंका गया। यहां आईएसबीटी में पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा एवं युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा के नेतृत्व में निवर्तमान पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा सांसद रवनीत सिंह बिट्टू और भाजपा नेता व पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंककर विरोध दर्ज किया गया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को हत्या की धमकी देने वाले भाजपा नेता व पूर्व विधायक तरविंदर मारवाह के खिलाफ अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं होने



का साफ मतलब है कि यह धमकी भाजपा नेतृत्व की ओर से दी गई है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी के आगे पीछे करके अपना पूरा राजनीतिक कैरियर बनाया और वह सत्ता के लालच में विरोधियों की गोदी में बैठ कर सस्ते बयान दे रहा है। उन्होंने भाजपा सांसद को रवनीत बिट्टू को शास्त्रों में आस्तीन का सांप कहा गया है। इस मौके पर युवा कॉंग्रेस महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर इस तरह की टिप्पणी करना व जान से मारने की धमकी देना भाजपा के अंदरूनी डर व बौखलाहट का एक तुच्छ प्रदर्शन है और जिस परिवार ने देश के लिए बलिदान दिए हो वह ऐसी धमकियों से न कभी डरे हैं और न ही कभी डरने वाले हैं, परंतु ऐसे लोगों पर कार्रवाई न होना दुर्भाग्यपूर्ण हैं और ऐसे कृत्यों का युवा कॉंग्रेस पुरजोर विरोध करती है और यह संघर्ष जारी रहेगा।

# जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही महारास है : पं. घनश्याम शास्त्री

ग्वालियर ( ईएमएस ) | सिकन्दर कंपू स्थित नेताजी गार्डन में गौरवशाली सामाजिक सस्था के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को छठवे दिन कथा सुनने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा के छठे दिन श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री महाराज ने सुनाया। इस दौरान विवाह उत्सव भी मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पंडाल में खड़े होकर फूल बरसाए भागवत कथा के छठे दिन उन्होंने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव-गोपी संवाद, उधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना व रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन के लिए शामिल हुए। शुक्रवार को पूरा प्रांगण श्रद्धालुओं से पूर्णरूपेण भरा था और सभी पुष्प वर्षा के साथ खूब झूम और नाच कर रहे थे कथा के दौरान शास्त्री जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा-परमात्मा का मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। जो भक्त प्रेमी श्रीकृष्ण-रुक्मणके विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।कृष्ण जी की बारात बहुत ही धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद थी।

# तिरंगा मंडल में सृष्टि के रचनाकार त्रिदेव त्रिशक्ति परिवार

राजनांदगाँव। संस्कारधानी की ऐतिहासिक विसर्जन झांकियों में अपनी अलग पहचान बनाने वाली तथा अपने देशभक्ति छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पौराणिक, धार्मिक विषयों पर उद्देश्य पूर्ण कथानक के साथ मनोरम झांकी प्रस्तूत करने वाली विसर्जन झांकी श्री तिरंगा गणेश मंडल जो कि पूर्ण रूप से स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार की जाती है तथा जनसामान्य को झांकी के विषय कथानक के लिए उत्सुकता के साथ-साथ प्रतिवर्ष सर्वाधिक लोकप्रियता के शिखर पर रहती है।तिरंगा मंडल के संरक्षक सागर चितलांग्या झांकी निर्देशक आशिर्वादक श्री गणेश प्रसाद शर्मा, गन्नू सर अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष श्री तिरंगा मंडल द्वारा प्राचीन धार्मिक विषय पर विशाल, झांकी तीन जीपो के साइज की प्रस्तुत की जा रही है । झांकी सृष्टि की रचना करने वाले त्रिदेवों श्री ब्रम्हा, श्री विष्णु, श्री महेश पर आधारित है । जिसमें श्री शिव श्री ब्रम्हा, श्री विष्णु जी व माता पार्वती पाताल भैरवी माता,सरस्वती माता,



माता लक्ष्मी, के साथ-साथ उनके परिवार श्री गणेश, श्री कार्तिकेय, श्री नारद, श्री गरूड़, श्री नंदी श्री हनुमान जी भी विराजित रहेंगे । इस के अलावा ब्रम्हा विष्णु महेश के बाल स्वरूप भी रहेंगे । २० फीट का आकर्षण झांकी व विशाल प्लेटफार्म लाईटो से सुसज्जित रहेंगे ।सभी मूर्तियों में आकर्षक मूविंग रहेंगी । झांकी के निर्माण में, मूर्तिकार, राजा राजपूत, देवा रंगारी, मंच सज्जा विक्की पेंटर, अर्जुन यादव, जिया, शंकर, किसुन रजक, पवन मूविंग, श्याम दुर्ग, कैलाश साहू, लाईट आदित्य डेकोरेशन, कमलेश अवचट हमालपारा, के साथ ही समिति, के जितेश सिमनकर, ज्ञानी मेश्राम, दिनेश खापर्डे, रजत भोईर, राजेश बाघमारे, संपत गुप्ता, नीलम मेश्राम, राजेश भोइर,अखिलेश ठावरे, संघप्रिय वासनिक, राहुल गौतम, युगल किशोर शर्मा,किशन रजक आदि का सहयोग रहा है ।तिरंगा मंडल के सभी सदस्यों ने संस्कारधानी वासियों से झांकी में पूर्व की तरह स्नेह, अशीष देकर सभी से झांकी के अवलोकन हेतु झांकी में शामिल होने का आग्रह किया है ।

# विश्व में शिखर पर बने रहना भारत का उद्देश्य : प्रधानमंत्री मोदी

### असंभव को संभव करने की शक्ति रखता है मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट और एक्सपो का किया शुभारंभ

भोपाल(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 140 करोड़ भारतीय भारत को विश्व की सर्वोच्च तीन अर्थ व्यवस्थाओं में से एक बनाने के संकल्प को लेकर कार्य कर रहे हैं। भारत की विविधता - विस्तार-क्षमता और दक्षता की विश्व में अलग पहचान और मान्यता है। इसीलिए हम इन्डियन सोलूशन्स फॉर ग्लोबल एप्लीकेशन की बात कहते हैं। आज देश- दुनिया के प्रतिनिधि ग्रीन एनर्जी के भविष्य पर चर्चा के लिए एकत्रित हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का कार्यक्रम भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने की कार्य योजना का भाग है। ग्रीन फ्यूचर और नेट ज़ीरो कोई सजावटी शब्द नहीं हैं, यह भारत और भारत के हर राज्य की प्रतिबद्धता है। भारत आज का नहीं अपितु आने वाले एक हजार साल का आधार तैयार कर रहा है। हमारा उद्देश्य विश्व में शिखर पर पहुंचना ही नहीं अपितु शिखर पर बने रहना भी है। हम हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं से भलीभांति परिचित हैं, यह भी जानते हैं कि भारत ऊर्जा में आत्मनिर्भर नहीं है, इसीलिए हमने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, न्यूक्लियर और हाईड्रो पॉवर के बल पर भविष्य का निर्माण करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के गांधीनगर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट और एक्सपो के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सौर ऊर्जा संबंधी कार्यों का दिया प्रेजेंटेशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट और एक्सपो समारोह में मध्यप्रदेश में क्लीन और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में किऐ जा रहे कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश असंभव को संभव करने की शक्ति रखता है। हम प्रधानमंत्री मोदी के सपनों को साकार करने के लिये प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करने को दृढ़संकल्पित हैं। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### रीवा सौर परियोजना को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ाया जाता है केस स्टडी के रूप में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने री-इन्वेस्ट 2024 के सत्र को संबोधित करते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश असंभव को संभव करने की शक्ति रखता है। वर्ष 2012 में प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा की क्षमता 500 मेगावॉट से भी कम थी, लेकिन प्रदेश में अलग से विभाग का गठन कर तथा नीतियों और विभिन्न प्रोत्साहन के फलस्वरूप ही पिछले 12 सालों में राज्य की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता में 14 गुना से अधिक वृद्धि हुई और आज राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता में 21 प्रतिशत नवकरणीय ऊर्जा का योगदान है। मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार करने में भी अग्रणी राज्य है। रीवा सौर परियोजना के अंतर्गत बड़े-बड़े सौर ऊर्जा पार्क स्थापित किए। जहां से पहली बार देश में कोयला उत्पादित ऊर्जा से भी सस्ती सौर ऊर्जा उपलब्ध कराई गई है। रीवा सोलर प्लांट से दिल्ली मेट्रो को बिजली दी गई और इसे विश्व स्तर पर एक आदर्श परियोजना के रूप में मान्यता मिली है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में भी रीवा सौर परियोजना को केस स्टडी के रूप में पढ़ाया जाता है। आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना के नीमच सौर पार्क में देश का न्यूतनम टैरिफ 2.14 रूपए प्रति यूनिट है।

### 2025 तक सभी सरकारी भवनों पर लगायेंगे सोलर रूफटॉप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगर-शाजापुर-नीमच में 1500 मेगावाट क्षमता का सोलर पार्क निर्माणाधीन है। माँ नर्मदा पर ओंकारेश्वर में 600 मेगावाट क्षमता की दुनिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजना विकसित की जा रही है। इसमें 200 मेगावाट परियोजना के पैनल लगाए जा चुके हैं। इस परियोजना से वाष्पीकरण से होने वाली जल की हानि भी कम होगी। मिशन मोड में 2025 तक सभी शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप लगाने का लक्ष्य है। आगर, धार, अशोकनगर, भिंड, शिवपुरी और सागर जिलों में 15 हजार हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है, जहां 7 हजार 500 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की जाएगी। उज्जैन, आगर, धार, मंदसौर और रतलाम में 3 हजार मेगावाट पवन ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य है। राज्य सरकार पंप हाइड्रो ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं के सुगम विकास के लिए राज्य की मौजूदा पंप हाईड्रो कार्य योजना में जरूरी बदलाव करने पर विचार कर रही है, ताकि सभी निवेशक आसानी से प्रदेश में निवेश कर सकें।

### नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन देने, दी जा रही रियायतें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम में 464.65 करोड़ रूपए की लागत से 227.54 एकड़ का अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग जोन स्थापित किया जा रहा है।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### 960 करोड़ लागत के राष्ट्रीय राजमार्ग 44 की बदहाल स्थिति

देश का पहला साउंडप्रूफ हाईवे, जिसका उद्घाटन बड़ी धूमधाम से 2021 में किया गया था। यह बदहाली का शिकार हो चुका है। 28 किलोमीटर लंबा हिस्सा बनाने में 960 करोड़ रुपये की लागत आई थी। सिवनी और नागपुर के बीच में इस राजमार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। खराब स्थिति के कारण यह हाईवे देश भर की सुर्खियों में बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 का यह खंड, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की महत्वाकांक्षी परियोजना थी। साउंड प्रूफ बनाने के लिए इस राजमार्ग में पानी की तरह पैसा बहाया गया था। वहां पर आज बड़े-बड़े गड्ढों और बातरतीब मरम्मत नहीं होने की वजह से सिंगल लाइन से गाड़ियां निकल रही हैं। इस कारण वाहन चालकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस पर भी यहां से गुजरने वाले वाहनों को टोल टैक्स पूरा देना पड़ रहा है। साउंडप्रूफ हाईवे को बनाने के लिए दोनों तरफ मेटल शीट्स लगाई गई हैं, ताकि वाहनों के शोर से पास के नेशनल टाइगर रिजर्व के जानवरों और पशु पक्षियों पर शोरगुल का प्रभाव न पड़े। इस हाईवे पर आवाजाही करते समय यात्रियों को न केवल आवाज वरन सड़कों की खराब स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 200 फीट लंबा हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है, जिसका पूरा पुनर्निर्माण किया जा रहा है। सड़कों के बीच बड़े-बड़े गड्ढे के कारण कई दुर्घटनाएँ हो गई हैं। एक ही साइड से यातायात को चलाया जा रहा है। दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी हुई हैं। राजमार्ग के 28 किलोमीटर के क्षेत्र में बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जिसके कारण वाहन चालकों का चलना दूभर हो गया है। इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के रखरखाव में गड़बड़ी को उजागर करती है। भारत के सबसे आधुनिक राजमार्गों में से एक इस राजमार्ग में सुरक्षा के विशेष उपाय किए गए थे। वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर काफी प्रयास के बाद इस राजमार्ग को बनाने की अनुमति मिली थी। उच्च लागत वाली परियोजनाओं का दीर्घकालिक लाभ तभी मिल सकता है। जब इनका उचित रख-रखाव हो निर्माण कार्य बेहतर हो, भ्रष्टाचार ना हो। पिछले 10 साल में इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर बहुत बड़े-बड़े दावे किए गए। अब एक-एक करके घपले-घोटाले बड़ी संख्या में खुलकर सामने आने लगे हैं। जिस तरह से राजमार्ग और पुल क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उससे वर्तमान केंद्र सरकार की बड़ी बदनामी हो रही है। विशेष रूप से राजमार्गों की गुणवत्ता और रख-रखाव को लेकर अब नितिन गडकरी के ऊपर भी निशाना साधा जा रहा है। पिछले कई वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में लागत से ज्यादा पैसा खर्च किया गया है। कैग की आडिट रिपोर्ट में कड़ी आपत्ति जताई गई थी। किसी तरह वह मामला दब गया था। अब एक-एक करके फिर मामले खुलने लगे हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर जिस तरह से टोल टैक्स वसूला जा रहा है। उसकी कड़ी आलोचना होने लगी है। पहले 60 किलो मीटर से कम में कोई टोल टैक्स नहीं होता था। अब 20 से 30 किलोमीटर में कई टोल नाके देखने को मिल जाते हैं। इस समय अंधेर नगरी चौपट राजा जैसे हालात हैं। जिसको जो मन में आ रहा है, वह कर रहा है। जिस तरह से रोजाना कपड़े बदले जाते हैं। उसी तरह बार-बार केंद्र सरकार अपने नियम एवं कानून बदल देती है। सरकार को लगता है, जनता से विभिन्न माध्यमों से जो टैक्स और शुल्क वसूल किए जा रहे हैं। जनता के पास बहुत पैसा है, सरकार जो टैक्स लगाती है। जनता उसे आसानी से स्वीकार कर लेती है। अभी तक टोल नाकों को लेकर देश में कोई आंदोलन नहीं हुआ है। जिस राष्ट्रीय राजमार्ग से लागत, ब्याज और मुनाफा वसूल हो चुका है। उस पर अभी भी टैक्स वसूल किया जा रहा है। जो नियमों के विपरीत है। टैक्स वसूली के लिए फास्ट ट्रैक के बाद अब एक नया जीपीएस सिस्टम लाया जा रहा है। इसमें 24 घंटे में यदि कोई वाहन 20 किलोमीटर राजमार्ग पर चलेगा, तो उसके बाद शुरू से लेकर पूरा टोल टैक्स किलोमीटर के हिसाब से जीपीएस के माध्यम से कट जाएगा। टोल नाके के आसपास के लोगों को भी रोजाना टोल टैक्स देना पड़ जाएगा। राजमार्ग परिवहन मंत्रालय ने 1,40,000 करोड़ रुपए का लक्ष्य टोल टैक्स से वसूल करने का बनाया है। वह टैक्स जीपीएस के माध्यम से सरकार वसूल करेगी। जो कि वर्तमान की तुलना में लगभग तीन गुना ज्यादा होगा। सरकार आम जनता के ऊपर तरह-तरह के टैक्स और शुल्क आये दिन लगा रही है। उसका विरोध शुरू होने लगा है। सरकार को यह ध्यान रखना होगा। जनता के ऊपर इस तरह से टैक्स का बोझ ना डाला जाए, जो जनता सहन नहीं कर पाए। अन्यथा आगे चलकर स्थिति कभी भी विस्फोटक हो सकती है।

### हालात पर नज़र- आज प्रजातंत्र का मुख्य आधार-स्तंभ न्यायपालिका...?

**ओमप्रकाश मेहता**

भारत की आजादी की 'हीरक जयंति' मनाने के बाद आज के हालातों को देखकर यह सहज ही महसूस होता है कि प्रजातंत्र की परिभाषा के चार अंगों से तीन अंग करीब-करीब निष्क्रीय हो चुके है और अब केवल और केवल न्यायपालकि ही प्रजातंत्र का मुख्य आधार स्तंभ बन गया है, जिस पर देश की जनता को आज भी पूरा भरोसा है, शेष तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और खबर पालिका अपने मूल अस्तित्व खो चुके है और समय के साथ आज की गैर प्रजातंत्री बाढ़ के साथ बहने लगे है। सिर्फ न्यायपालिका ही है जो प्रजातंत्र की हर जरूरत पूर कर रही है और उसकी मर्यादा रख रही है।

मेरी इस धारणा का ताजा उदाहरण पिछले दिनों उस समय सामने आया जब प्रधानमंत्री जी सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के निवास पर गणेशोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए और महाराष्ट्र के प्रमुख राजनीतिक दल शिवसेना (उद्धव) ने इस परिदृष्य पर अनाप-शनाप टिप्पणियां की और उनके प्रवक्ता ने तो यहां तक कह दिया कि- ''मोदी सरकार के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में उनके द्वारा दायर मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न करें तथा उसे किसी दूसरे न्यायाधीश को सौंप दे'', क्योंकि इस परिदृष्य को देखकर उन्हें उचित न्याय की उम्मीद नही रह गई है, किंतु सर्वोच्च न्यायालय ने दूसरे दिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानती मामले में मोदी सरकार पर जो पूर्वाग्रह पूर्वक काम करने की टिप्पणियां की, उसने यह सिद्ध कर दिया कि व्यक्तिगत सम्बंध न्याय की गरिमा में बाधक नही बन सकते और भारतीय प्रजातंत्र में आज न्यायपालिका ही सर्वोपरी है, जो अपने धर्म व कर्तव्य का निर्वहन बड़ी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कर रही है और न्यायपालिका ने ही प्रजातंत्र को देश में अब तक जीवित रखा हुआ है। श्री अरविंद केजरीवाल की जमानत वाले प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणियां की वे भारतीय न्याय व्यवस्था को शिखर पर बैढ़ाने वाली है, इन टिप्पणियों में भारत की मुख्य सरकारी जांच एजेंसी सीबीआई (केन्द्रीय जांच संगठन) की कार्यप्रणाली को लेकर तीखी टिप्पणियां की गई है और सर्वोच्च न्यायालय की ये टिप्पणियां स्पष्ट करती है कि- सीबीआई निष्पक्ष नही है तथा वह पूर्णतः सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार में विराजित राजनेताओं के राजनीतिक मकसदों की पूर्ति करती है, इस फैसले में उक्त सरकारी जांच एजेंसी सीबीआई पर अनेक सवाल खड़े किए गए है, खास करके एक न्यायाधीश की यह टिप्पणी कि- ''सीबीआई को अपने को, पिंजरें के तोते वाली छवि से मुक्त करना चाहिए।'' यह एक तथाकथित निष्पक्ष एजेंसी के लिए सबसे बड़ा आघात है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय का यह सवाल भी काफी महत्व रखता है कि- ''केजरीवाल को तब गिरफ्तार क्यों किया गया जब उन्हें ईडी के मामले में जमानत मिल गई थी?'' अब यदि इस सवाल के चलते आम आदमी पार्टी के नेता सीबीआई की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे है तो उन्हें गलत कैसे कहा जा सकता है? और सबसे बड़ी बात यह है कि यह पहली बार नही है, जब सीबीआई को सर्वोच्च न्यायालय से यह सुनना पड़ा हो कि यह सरकार प्रभाव व दबाव में काम कर रही है, इसके पहले मनमोहन सरकार के समय कोयला खदान आवंटन में घोटाले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को ''पिंजरे का तोता'' कहा था और यहां सबसे बड़ी खेद की बात यह है कि सीबीआई ने इतनी सख्त टिप्पणियों के बाद भी इस कथित छवि से बाहर आने की कौशिश भी नही की। यह अकेला ही उदाहरण नहीं है जब न्यायपालिका ने अपने आपकी निष्पक्ष छवि को प्रदर्शित किया है, इसके पहले भी अनेक प्रकरणों में सरकार को कटघरे में खड़ा कर अपनी निष्पक्षता प्रस्तुत की है, यद्यपि यह भी एक कटु सत्य है कि मोदी सरकार ने न्यायपालिका को अपने कब्जे में रखने के अनेक असफल प्रयास किए किंतु न्यायपालिका ने अनेक दबावों के बावजूद आज तक अपनी निष्पक्ष छवि बरकरार रखी है, जिसके लिए वह बधाई की पात्र है। इसीलिए यह कहना पड़ रहा है कि प्रजातंत्र के अन्य तीन स्तंभ खोखले हो चुके है, सिर्फ न्याय स्तंभ ही है, जिस पर आज के प्रजातंत्र का महल मजबूती से खड़ा है।

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज



**अनीता प्रवीण**

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरुआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है। भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है। समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित "पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई)" भी लागू कर रहा है। 'वर्ल्ड फूड इंडिया': वैश्विक स्तर पर 'फूड बास्केट' के रूप में भारत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिकल्पित 'वर्ल्ड फूड इंडिया' वैश्विक स्तर पर एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभरने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो खाद्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाता है, पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देता है, ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है और भारत को एक वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करता है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर 2024 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के आयोजन का लक्ष्य अपेक्षाकृत अधिक बड़ा और प्रभावशाली कार्यक्रम का संचालन करना है जो नेटवर्किंग और सहयोग के अद्वितीय अवसर प्रदान करे। मंत्रालय वैश्विक निवेशकों, व्यापारिक जगत की अग्रणी हस्तियों, खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, निर्यातकों, आयातकों, नवोन्मेषकों तथा सरकारी प्रतिनिधियों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने और भारत के विशाल खाद्य बाजार व आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है। वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में पेट फूड, एचओआरईसीए (होटल, रेस्तरां और कैटरिंग) और फसल की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्ट) उपयोग में आने वाली मशीनरी सहित कई नए क्षेत्रों को समर्पित विशेष खंड शामिल होंगे। ये नए समावेश खाद्य उद्योग के उभरते परिदृश्य को दर्शायेंगे और इनका उद्देश्य विविध किस्म के निवेश व नवाचारों को आकर्षित करना है। यह आयोजन उद्योग जगत के हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सहयोग की सुविधा की दृष्टि से डिजाइन किए गए विभिन्न विषयगत सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके मुख्य विषयों में टिकाऊ पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां; अपशिष्ट को न्यूनतम करना, मूल्य को अधिकतम करना; खाद्य-पदार्थ एवं व्यापार के मामले में क्रांतिकारी बदलाव लाना शामिल होंगे। ये सत्र विशेषज्ञों को चुनौतियों का समाधान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और सतत विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसी के समानांतर, 'रिवर्स बायर सेलर मीट' अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों एवं भारतीय विक्रेताओं के बीच सीधे बातचीत को संभव बनाएगी, बाजार तक पहुंच सुलभ करेगी और नई साझेदारियों को बढ़ावा देगी। उपरोक्त बातों के अलावा, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया के साथ किया जायेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक खाद्य नियामकों के बीच निरंतर बातचीत एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे। साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां विकसित भारत की आकांक्षाओं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के सपने को साकार करते हुए भारत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा।

# महान दार्शनिक और गणितज्ञ मार्क्विस डी कोंडोरसेट

**संजय गोस्वामी**

**जन्मतिथि पर विशेष**

मार्क्विस डी कोंडोरसेट(1743-1794) का जन्म 17 सितंबर, 1743 को रिबेमोंट, पिकार्डी में हुआ था मैरी-जीन-एंटोनी-निकोलस कैरिटेट, मार्क्विस डी कोंडोरसेट का जन्म 1743 में दक्षिणी फ्रांस के रिबेमोंट शहर में हुआ था। उनका जन्म ऑरेंज की रियासत के एक प्राचीन और कुलीन परिवार में हुआ था, निकोलस डी कोंडोरसेट, जिन्हें मार्क्विस डी कोंडोरसेट के नाम से भी जाना जाता है, एक फ्रांसीसी दार्शनिक, और गणितज्ञ व वैज्ञानिक थे। अपने कई समकालीनों के विपरीत, उन्होंने उदार अर्थव्यवस्था, स्वतंत्र और समान सार्वजनिक निर्देश, संविधानवाद और महिलाओं और सभी जातियों के लोगों के लिए समान अधिकारों की वकालत की1765 से 1774 तक, कोंडोरसेट ने विज्ञान पर ध्यान केंद्रित किया। 1765 में, उन्होंने गणित पर अपना पहला काम प्रकाशित किया जिसका शीर्षक था एसाई सुर ले कैलकुल इंटीग्रल जिसे अच्छी तरह से प्राप्त किया गया, जिसने एक गणितज्ञ के रूप में उनके करियर की शुरुआत की। उन्होंने कई और शोधपत्र प्रकाशित किए, और 1769 में, 26 वर्ष की आयु में, उन्हें एकेडमी रॉयल डेस साइंसेज (फ्रेंच रॉयल एकेडमी ऑफ साइंसेज) के लिए चुना गया। वे एक गणितज्ञ, एक दार्शनिक (वे डीएलम्बर्ट, वोल्टेयर और टर्गोट के मित्र थे), फ्रेंच एकेडमी ऑफ साइंसेज के स्थायी सचिव (1776 से) और फ्रांसीसी क्रांति के दौरान एक राजनीतिज्ञ थे (वे 1791 में विधान सभा के लिए चुने गए और बाद में इसके अध्यक्ष नियुक्त हुए, फिर 1792 में कन्वेंशन के सदस्य बने)।

वे कई समितियों में सक्रिय थे, जिन्होंने क्रांति के दौरान कानून बनाए (विशेष रूप से सार्वजनिक शिक्षा और संवैधानिक सुधार पर) लेकिन उदारवादी गिरोंडिन समूह को कन्वेंशन से निष्कासित किए जाने पर जैकोबिन दमन का शिकार हो गए। कोंडोरसेट की शिक्षा रिम्स के एक जेसुइट स्कूल में हुई थी और उन्होंने पेरिस विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ़ नवरे में कठोर वैज्ञानिक शिक्षा प्राप्त की थी। उनका प्रारंभिक शोध कैलकुलस और संभाव्यता सिद्धांत के क्षेत्रों में था, लेकिन बाद में उन्होंने मनुष्य का सामाजिक अंकगणित बनाने के लिए मानव व्यवहार और राजनीतिक संगठनों के अध्ययन में गणित को लागू करने का प्रयास किया। उनका निबंध निर्णयों की संभावनाओं का विश्लेषण करने के लिए आवेदन का बहुवचन पर निबंध(1785) यह दिखाने का एक प्रयास था कि कैसे संभाव्यता के गणित का उपयोग राजनीतिक निर्णय लेने को अधिक तर्कसंगत और इसलिए अधिक प्रबुद्ध बनाने के लिए किया जा सकता है। कोंडोरसेट ने इस विषय पर डिडेरो के विश्वकोश (1784-89) के पूरक के लिए लेख लिखे। जब टर्गोट नियंत्रक-जनरल बने और 1774-76 में अनाज व्यापार को मुक्त करने और फ्रांसीसी अर्थव्यवस्था को विनियमित करने का प्रयास किया, तो कोंडोरसेट ने अपना पूरा समर्थन दिया। उन्हें 1774 में टर्गोट द्वारा इंस्पेक्टर डेस मोनेईस के पद पर नियुक्त किया गया था और उन्होंने लेसेज-फेयर सुधार जैसे कि जबरन श्रम (कोर्वी) और सेग्न्यूरियल ड्यूज के उन्मूलन का बचाव करते हुए कई पर्चे लिखे। उनका वी डे एम. टर्गोट (1786) टर्गोट का एक उत्साही बचाव है और फ्रांसीसी अर्थव्यवस्था के किसी भी सुधार का विरोध करने वाले निहित स्वार्थों को दूर करने में टर्गोट की विफलता के बावजूद मुक्त बाजार नीतियों की निरंतर आवश्यकता है। कोंडोरसेट ने फ्रांसीसी समाज के अन्य प्रबुद्ध सुधारों की भी वकालत की, जैसे कि आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार, प्रोटेस्टेंटों को नागरिक अधिकार प्रदान करना और दासता का उन्मूलन। अपनी पत्नी सोफी डी ग्राउची (जिनसे उन्होंने 1786 में विवाह किया) के साथ, कोंडोरसेट ने पेरिस के उदार अभिजात वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण सैलून चलाया, जहाँ इन मुद्दों पर चर्चा की गई, साथ ही नए अमेरिकी गणराज्य की प्रगति और राजनीतिक रूप से सुधारित फ्रांस में प्रांतीय विधानसभाओं की भविष्य की भूमिका पर भी चर्चा की गई। फ्रांसीसी क्रांति के शुरुआती चरण के दौरान कोंडोरसेट सोसाइटी ऑफ थर्टी (जिसके लिए उन्होंने उदारवादी सुधार के लिए कैहियर या मांग तैयार करने में मदद की, जिसे एस्टेट्स जनरल के समक्ष प्रस्तुत किया गया) और सोसाइटी ऑफ 1789 (जिसके सदस्यों में मार्क्विस डे लाफायेट और ड्यूपॉंट डी नेमोर्स शामिल थे) में अन्य उदारवादी सुधारकों के साथ शामिल हो गए। कोंडोरसेट ने बाद के समूह की पत्रिका का संपादन किया और यहीं पर उन्होंने 1790 में महिलाओं के नागरिकता के अधिकारों पर बहुत महत्वपूर्ण निबंध प्रकाशित किया। कोंडोरसेट को 1791 में विधान सभा में पेरिस का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था, लेकिन राजशाही की शक्ति को कम करने के मुद्दे पर उदारवादी उदारवादियों से अलग हो गए। वह उदारवादी रिपब्लिकन ब्रिसोट और थॉमस पेन के साथ राजशाही के अंत और एक गणतंत्र संविधान की शुरूआत के लिए आह्वान करने में शामिल हो गए। उन्होंने विधान सभा की सार्वजनिक शिक्षा समिति में काम किया और अप्रैल 1792 में अपनी रिपोर्ट लिखी, लेकिन जिसे उनकी मृत्यु के बाद 1795 तक अपनाया नहीं गया।

# महान वास्तुकार थे भगवान विश्वकर्मा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**17 सितम्बर जयंती पर विशेष**

हर वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। हर साल 17 सितंबर को यह पूजा की जाती है। लेकिन इस बार लोगों के मन में 16 सितंबर को लेकर संशय बना हुआ है। इस बार सूर्य 16 सितंबर की शाम को 7 बजकर 29 मिनट पर कन्या राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए विश्वकर्मा जयंती अगले दिन यानी कि 17 सितंबर को मनाई जाएगी। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता। विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योंहार मनाते हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निर्माता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निर्माता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार




विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है। यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं। विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं। विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था। महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था। विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निर्माता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी। माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था। इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा को कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया। इस महल के पूजन के दौरान भगवान शिव ने राजा रावण को आंमत्रित किया। रावण महल को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया और जब भगवान शिव ने उससे दक्षिणा में कुछ देने को कहा तथा उसने महल ही मांग लिया। भगवान शिव ने उसे महल देकर वापस पर्वतों पर चले गए। विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए उड़ने वाले रथों का निर्माण किया था। विश्वकर्मा ने देवताओं के राजा इंद्र का हथियार वज्र का निर्माण किया था। वज्र को ऋषि दधीचि और अज्ञेयस्त्र की हड्डियों से बनाया गया है। भगवान कृष्ण का सुदर्शन चक्र उनकी शक्तिशाली रचनाओं में से एक था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कामगारों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर देश में एक नई योजना 'विश्वकर्मा योजना' को लॉन्च किया जाएगा। इस योजना के तहत देश में फर्नीचर या लकड़ी का काम करने वाले, सैलून चलाने वाले, जूते बनाने वाले और मकान बनाने वाले कामगारों को आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा विश्वकर्मा जयंती पर सरकार 13 से 15 हजार करोड़ रुपये की एक योजना को लॉन्च करेंगी। इस तरह उन लोगों की सहायता हो सकेगी जो परांपरिक तरीके के कौशल से अपनी जीवका चलाते है। ये अपना भरणपोषण औजारों और हाथ से काम करके करते है। उन्होंने कहा कि इनमें सुनार हों, राजमिस्त्री हों, कपड़े धोने वाले हों या बाल काटने वाले के परिवार हों। ऐसे लोगों को इस योजना से आर्थिक ताकत प्रदान की जा सकेगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### होटल में ठहरने वाले व्यक्तियों से उचित पहचान पत्र लेकर पंजी संधारित करें होटल संचालक : पुलिस उपाधीक्षक

दुमकाः नगर थाना दुमका में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय इक्कुड डुंगडुंग के अध्यक्षता में थाना क्षेत्र में संचालित सभी होटल संचालकों/मालिकों के साथ बैठक की गयी। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक ने थाना क्षेत्र में संचालित होटल मालिकों व संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि होटल में ठहरने वाले व्यक्तियों से उचित पहचान पत्र लेकर पंजी संधारित करें। इसमें किसी तरह की कोताही ना हो इसका ध्यान रखें।उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से विदेशी नागरिकों के होटल में ठहरने पर इसकी पूर्ण सूचना डिटेल के साथ नगर थाना को अविलम्ब उपलब्ध कराएं।

### पत्रिका के विमोचन समारोह में शामिल होंगे बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति झारखंड के प्रतिनिधि

दुमकाःअंतरराष्ट्रीय आमार भारत पत्रिका के विमोचन समारोह में शामिल होने बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्य उत्तम कुमार चटर्जी रविवार को कोलकाता के लिए रवाना हो गए है। सोमवार के अपराह्न में कोलकाता के नलिनी सभागार में अंतरराष्ट्रीय आमार भारत पत्रिका का विमोचन होगा। यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है, जिसमे झारखंड के एकमात्र भाषाई संगठन बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति के प्रदेश सचिव गौतम चटर्जी को आमंत्रित किया गया हैं। चटर्जी बीमार होने के कारण कार्यक्रम में हिस्सा नहीं ले रहे हैं उनकी जगह समिति के प्रतिनिधि उत्तम कुमार चटर्जी कार्यक्रम में शामिल होंगे।कार्यक्रम के आयोजक कवि अब्दुल करीम ने बताया कि कार्यक्रम में देश एवं विदेश के 180 लेखक, साहित्यिक, कवि एवं भाषाविदों को सम्मानित किया जायेगा।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका नगर इकाई द्वारा किया गया काला दस्तावेज का विमोचन

दुमकाःबीते 15 सितम्बर रविवार को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में छात्र गर्जना कार्यक्रम आयोजित कर झारखंड सरकार की शिक्षा, चिकत्सा, रोजगार, बंग्लादेशी घुसपैठ, महिला सुरक्षा पर पांच वर्षों के कुशासन का 16 पन्नो का काला दस्तावेज जारी किया गया. इसी निमित आज अभाविप दुमका नगर इकाई द्वारा काला दस्तावेज का विमोचन किया गया। अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष अमन कुमार ने कहा कि यह लड़ाई झारखंड की इज्जत और आबरू को बचाने, बहन बेटियों को सम्मान दिलाने, नौजवानों के रोजगार सृजन के लिए है और इस लड़ाई को लड़ने का काम विद्यार्थी परिषद का एक-एक कार्यकर्ता करेगा. आज हेमंत सोरेन सरकार से युवाओं का 5 वर्षों का हिसाब मांगने आए है.इस शासन काल में युवा खफा हैं, क्योंकि हेमंत सरकार बेवफा है. उन्होंने कहा कि युवा हेमंत सरकार से 5 साल का हिसाब मांगने आए हैं| वर्तमान सरकार को मंईयां सम्मान योजना नहीं, मंईयां बचाओ योजना चलाने की आवश्यकता है. आगामी 25 सितंबर को अभाविप दुमका नगर इकाई द्वारा हजारों की संख्या में जमा होकर जिला प्रशासन को यह काला दस्तावेज देते हुए वर्तमान झारखंड सरकार की खोखली नीति को समाज के बीच रखने का काम किया जाएगा। मौके पर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मनोज सोरेन, जिला संगठन मंत्री धनंजय साह, नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता, कॉलेज अध्यक्ष अमन कुमार, विवेक धर, अमित कुमार ठाकुर, शकेत कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### गांवों में काफी उत्साह के साथ मनाया गया मिलाद उन नवी दिवस

दुमकाःरानीश्वर विभिन्न मुस्लिम बहुल गांवों में काफी उत्साह के साथ मिलाद उन नबी दिवस मनाया गया। इस दिन को नवी दिवस भी कहा जाता हैं। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद के जन्म दिन को नवी दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। सोमवार को रांगालिया पंचयात के लाकड़ा घाटी गांव के ग्राम सभा के पूर्व अध्यक्ष वजीर हुसैन, सहायक अध्यापक नजीर हुसैन, शेखावत हुसैन ,जवीर हुसैन, सरफराज हुसैन में अगुआई में यहां जुलूस निकाला गया।

### कंपनी द्वारा काम से हटाने से आक्रोशित सैकड़ों महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

दुमकाःजामा प्रखंड के लगला पंचायत में सरकार के सहयोग से संचालित इसाफ कंपनी की शाखा सिडार प्राइवेट लिमिटेड वैसा द्वारा सैकड़ों महिलाओं को काम से हटाने से आक्रोशित महिलाओं ने सोमवार को सरसाबाद पंचायत के मुखिया सह समाजिक कार्यकर्ता राजू पुजहर के अगुवाई में कंपनी के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार इस कंपनी में कुछ दिन पूर्व 300 से 400 महिलाओं को स्वरोजगार मिल रहा था। कंपनी में महिलाओं द्वारा जलकुंभी से सोरमेट और बांस के द्वारा दर्जनों वस्तुओं का निर्माण किया जाता था। वहाँ काम कर चुकी पूजा कुमारी ने बताया कि करीब 300 महिलाओं से प्रशिक्षण के नाम पर इसाफ कंपनी द्वारा संचालित लंहती इंस्टीट्यूट आफ मल्टीपल स्कील्स द्वारा प्रति महिला 5 हजार रूपया लेकर प्रशिक्षण कराया गया और कहा गया कि सभी महिलाओं को 57 वर्ष उम्र तक इस कंपनी में काम कराया जाएगा। परंतु हमलोगों से मात्र 1-2 महीना कार्य करा कर काम से वंचित कर दिया हैं। अब इस कंपनी में मात्र 70 महिलाएं ही कार्य कर रही है और हमलोगों से काम नहीं कराया जा रहा है। जिसको लेकर हमलोग तीन दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर रिंकू देवी, कंचन देवी, प्रभा देवी, सुशीला देवी, गुडी देवी, रीना देवी, मनीषा देवी, सरिता देवी, महावती देवी, सुनीता देवी, फुलकुमारी देवी, चांदनी देवी, किरण देवी, रेखा देवी, नितु देवी, अनिता देवी, रिना देवी , प्रियंका देवी,ललीता देवी, शिम्पा कुमारी आदि महिलाओं मौजूद थे। इधर कंपनी के यूनिट निर्देशक आइना माथेव से बात करने पर बताया कि अभी यहाँ बन रहे वस्तुओं का आर्डर जिस अनुपात से मिल रहा था उस अनुपात से नहीं मिल रहा है।जिस कारण हमलोग सभी को नहीं रख पा रहे हैं साथ ही जलकुंभी भी नहीं मिल पा रहा है, जिससे हमलोग सारमेट बनाते थे।इस कारण अभी हम सभी को रोजगार नहीं दे पा रहे हैं।जैसे ही आर्डर मिलेगा और हमें मेटेरियल उपलब्ध होगा हम सभी को रोजगार से जोड़ेंगे।

### लाखों के जेवरात चोरी मामले में मुम्बई पुलिस ने किया रानीश्वर थाना क्षेत्र से पति-पत्नी को गिरफ्तार

दुमकाः रानीश्वर प्रखंड के पाथरा गांव से मुम्बई पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी को मुम्बई पुलिस अपने साथ मुम्बई ले गयी।प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीश्वर प्रखंड के पाथरा गांव निवासी रिस्तम सेख एवं उसकी पत्नी मुम्बई में एक उद्योगपति के घर में काम कर रहे थे।कुछ दिन पहले मकान मलिक अपने किसी निजी काम से बाहर गया था, उसी का फायदा उठाकर दोनों ने घर में रखे लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गए ।मकान मलिक के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज करते हुए दोनों के विरुद्ध वारंट जारी कर दिया। सोमवार को उसी वारंट के तामिला हेतु मुम्बई पुलिस दुमका जिला अन्तर्गत रानीश्वर थाना क्षेत्र के पाथरा गांव से दोनों पति पत्नी को गिरफ्तार कर मुम्बई ले गयी।

### लगातार हो रही बारिश व विद्युत आपूर्ति ठप होने से आम जनजीवन प्रभावित

दुमकाःनोनीहाट समेत आसपास के इलाकों में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश व 24 घंटे से बिजली गुल रहने से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीण इलाकों में बिजली नहीं रहने के वजह से अंधेरा पसरा हुआ है, लोग ढिबरी जलाकर किसी तरह गुजारा करने को विवश हो गए हैं।लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के अलावा देहात में भी लाइट गुल हो गई है ।शहरी इलाकों में 24 घंटे से विधुत आपूर्ति ठप है। देहात की स्थिति इससे ज्यादा खराब है। 200 गांवों से ज्यादा की बत्ती गुल हो गई है।जिससे मीट्रिक और इंटर वर्ग में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की पढ़ाई भी बाधित है।

# डाक्टरों को अब मरीजों को रेफर करने की बतानी होगी वजह अनियमित लैब को एक साल में कराना होगा नियमितिकरण

**स्वास्थ्य मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सीएमएचओ, सीएस और नोडल अधिकारियों से की समीक्षा**

**निजी प्रेक्टिस करने वाले चिकित्सकों को निर्देश, नियम विरुद्ध कार्य करने पर होगी कार्रवाई**



रायपुर, (ईएमएस)। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभी जिलों के सीएमएचओ को निर्देश देते हुए कहा है कि वह एक महीने के भीतर अपने जिले में संचालित निजी पैथोलॉजी सेंटर की सूची तैयार करें। उन्होंने यह निर्देशित किया कि इनमें से अनियमित पैथोलॉजी लैब को 1 वर्ष के भीतर नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। यदि इन पैथोलैब के पास वैध दस्तावेज नहीं हैं तो इन्हें आयुष विश्वविद्यालय से डिप्लोमा का कोर्स करने का मौका दिया जाएगा ताकि एक वर्ष के भीतर नियमित हो जाएं। श्री जायसवाल ने शासकीय अस्पतालों में स्थित पैथोलॉजी लैब को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज अपने शंकर नगर स्थित निवास कार्यालय में राज्य के सीएमएचओ, सीएस,नोडल अधिकारी तथा डीपीएम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ , एमडी एनएचएम जगदीश सोनकर तथा एमडी सीजीएमएससी श्रीमती पद्मिनी भोई भी उपस्थित थीं। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निजी प्रेक्टिस करने की शिकायतों को लेकर हिदायत दी है। श्री जायसवाल ने कहा है कि शासकीय चिकित्सकों को नियमानुसार भत्ता भी दिया जा रहा है, इसके बाद भी यदि चिकित्सक नियम विरुद्ध कार्य करेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि अब शासकीय अस्पतालों से मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर करने के लिए ठोस कारण बताना होगा,उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर रेफर करने के कारणों का रिव्यू भी किया जायेगा और यह पता लगाया जाएगा कि आखिर किन परिस्थितियों में अस्पताल ने मरीज को दूसरे अस्पताल के लिए रेफर किया। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वो तीन माह के भीतर राज्य में मोदी की गारंटी के अंतर्गत 500 जन औषधि केंद्र खोलने की तैयारी पूरी कर लें ताकि जनता को जल्दी ही सस्ती दवा उपलब्ध कराई जा सके। श्री जायसवाल ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मौसमी बीमारियों के संबंध में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाने की कोशिश करें ताकि मरीज मौसमी बीमारियों के प्रति सतर्क रहें और बीमार ना पड़े । श्री जायसवाल ने कहा कि मौसमी बीमारियों से संबंधित मरीज के इलाज में किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए, इसके लिए अस्पतालों में दवाइयों तथा जांच किट की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। उन्होंने स्वाइन फ्लू को लेकर विशेष रूप से निर्देश देते हुए कहा स्वास्थ्य विभाग को सजग रहने की आवश्यकता है,तथा इसके रोकथाम के लिए पर्याप्त जांच होनी चाहिए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा मरीजों की पहचान करने के लिए जांच की संख्या को भी बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि जांच के बाद सैंपल के आने तक का इंतजार ना करके मरीज का तुरंत ही इलाज शुरू करें। समीक्षा बैठक में डेंगू डायरिया और मलेरिया को लेकर भी समीक्षा की गई और स्वास्थ्य अधिकारियों को इन बीमारियों से निपटने के लिए उचित दिशा निर्देश जारी किए गए।

### शांतिपूर्वक मनाया गया ईद ए मिलाद उन नबी,तकरीर में दिया गया अमन चैन और शांति का पैगाम

दुमकाःलगातार हो रही भारी बारिश के बाबजूद पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर जामा प्रखंड अंतर्गत आसनसोल कुरवा, गेनूवामारनी, पहरीडीह, लोधना आदी जगहों में ईद ए मिलाद उन नबी धूमधाम से मनाया गया। ईद ए मिलाद उन नबी के मौके पर मस्जिदों में गाजे बाजे के साथ तकरीर हुई और कुरान सरीफ पढ़ा गया। मौलवी मो निजामुद्दीन ने बताया कि तकरीर के माध्यम से अपने समाज के लोगों से नबी के रास्ते पर चलने की अपील की। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा अपने घरों में जश्न ए मिलाद उन नबी से तहत फतेहा कराते हुए एक-दूसरे को मुबारकबाद पेश किया गया।इस दौरान मस्जिदों आस पास सभी ने मिलकर शांति का पैगाम सुनाया और मुल्क में लोगों के लिए अमन और चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के सत्तार खान,फिरोज भाट, गफ्फार खान, मो याकूब, मो महफूज, नूर हुसैन के साथ-साथ काफी संख्या में समुदाय के लोग मौजूद थे।

## मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया 26.58 लाख रूपए के कार्यों का भूमिपूजन

**मंत्री श्री देवांगन ने कहा हर वार्ड में तेजी से कार्य कराए जा रहे प्रारंभ**

कोरबा, (ईएमएस)। कोरबा नगर निगम क्षेत्र के वॉर्ड क्रमांक 48 सेमीपाली बस्ती में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री लखन लाल देवांगन ने जिला खनिज न्यास मद से वॉर्ड क्रमांक 47 जमनीपाली केपीएस स्कूल के पास से रमला देवी से होते हुए ग्राम सभा भवन के सामने तक नाली निर्माण, गोपालपुर में कोसगाई दाई प्रांगण चबुतरा में छत का निर्माण लागत राशि 7.99 लाख, वॉर्ड क्रमांक 48 प्राथमिक शाला सेमीपाली में नवीन भवन का निर्माण कार्य लागत 13.64 लाख, वार्ड क्रमांक 53 तुलसी नगर स्वीपर मोहल्ला मे पंडाल निर्माण कार्य लागत 4.95 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा की ऐसा कोई वार्ड, बस्ती या फिर क्षेत्र विकास कार्यों से वंचित नहीं रहेगा। जितनी भी निधि या फिर मद है उनका सदुपयोग करते हुए प्राथमिकताएं तय की गई है। विष्णु देव सरकार की मंशा है की सभी वार्डों में एक साथ विकास कार्य प्रारंभ किए जाएं। इसके लिए डीएमएफ, अधोसंरचना मद के अलावा अन्य मद से कार्यों को तत्कल स्वीकृत करा कर प्रारंभ किए जा रहे हैं। सड़क नाली के साथ-साथ अन्य अधोसंरचना के कार्य जैसे मंच, सामुदायिक भवन और पंडाल समेत अन्य कार्य भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की अभी एक सप्ताह पहले ही मुख्यमंत्री ने कोरबा शहर को 7 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति दी है, इस सूची में भी सभी वार्ड के जरूरी कार्यों को स्वीकृत किया जा चुका है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद विजय साहू ने कहा की बीते साढ़े 4 साल से सड़क और नाली निर्माण के लिए परेशान थे, वार्ड के साथ भेदभाव किया जा रहा था। मंत्री श्री देवांगन ने सिर्फ 8 महीने में ही सभी रुके हुए कार्यों की स्वीकृति दिलाकर आज कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। इस अवसर पर वॉर्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, एमआईसी सदस्य सुनील पटेल, वॉर्ड क्रमांक 48 के पार्षद विजय साहू, वार्ड क्रमांक 47 के पार्षद पुष्पा देवी कंवर, बूथ अध्यक्ष थनेस्वर सिंह, अतिराम कंवर, विशाल सिंह, रतन बाई, कलेश कंवर, सुमित्रा कंवर, नकुल सिंह, आनंद सिंह कंवर, सुमिरन सिंह समेत अधिक संख्या में वॉर्ड वासी उपस्थित रहे।

## डिजीटल क्रॉप सर्वे प्रारंभ, पटवारी व राजस्व अधिकारी खेतों में जाकर करेंगे सर्वे का कार्य पूरा

**स्वामी करपात्री स्टेडियम से पीजी कॉलेज तक निकाली जाएगी स्वच्छता रैली**

कवर्धा,(ईएमएस)। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशा पर जिले के सहसपुर लोहारा तहसील में डिजीटल क्रॉप सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके तहत पटवारी सहित अन्य राजस्व अधिकारी खेतों में जाकर सर्वे का कार्य पूर्ण करेंगे। डिजिटल क्रॉप सर्वे में सर्वेयर की भूमिका जियो फ्रेंस के रूप में होगी, जो डिजिटल रूप से फसल का सर्वे सभी खेतों में जाकर करेंगे। सर्वेयर को प्रतिदिन 30 से 50 खसरों का टास्क दिया जाएगा। जिसे सर्वेयर खेत में जाकर लॉगिन करेंगे।उनसे तहसीलदार पूछेंगे क्या आप अवलेबल हैं और हां में जवाब आएगा। वैसे ही एप में प्लॉट की स्थिति, खसरा नंबर, एरिया ऑनर का नाम अपने आप फीड हो जायेगा। जो क्रॉप लगी है उसका तीन फोटो लॉन्गिट्यूट लैटिट्यूट के साथ अपलोड करना है। इस प्रकार एक नंबर का कार्य पूर्ण होगा। जिसमें पटवारी की भूमिका पर्यवेक्षक और राजस्व निरीक्षक की भूमिका सत्यापनकर्ता तथा तहसीलदार व नायब तहसीलदार की भूमिका जांचकर्ता अधिकारी के रूप में की गई है। सर्वेक्षकों द्वारा संपादित सभी खसरे आरआई के पास नहीं आयेंगे। सर्वेक्षकों द्वारा सर्वे किये गए खसरे पटवारी के पास आयेंगे। पटवारी या अनुमोदन करेगा या रिसेंड करेगा। पटवारी द्वारा दो बार रिजेक्ट होने की स्थिति में आरआई के आईडी में आयेगा। ऐसे खसरों की संख्या बहुत कम होगी, जहां मौके में जाकर आवश्यकतानुसार सत्यापन किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में बताया गया है कि फील्ड में क्या बोया गया है फसल की जींस का नाम, मिश्रित फसल की स्थिति में सभी फसलों का अनुमानित रकबा, सिंचित- असिंचित फसल, एकवर्षीय या बहुवर्षीय, सीजनल फसल की जानकारी आदि भरी जायेगी। सर्वेयर द्वारा साफ्टवेयर में बोये गये जींस व एकल व मिश्रित फसल की स्थिति में बोये गये फसल या पड़त रकबा की अनुमानित प्रविष्टि करेगा। जब तक साफ्टवेयर में जियोरिफ्रेंस्ड रकबा के अनुसार सर्वे किए गए रकबा का योग एक समान नहीं आयेगा, तब तक डेटा सेव नहीं होगा। सर्वेयर किसी भी खसरा नंबर की भूमि के मेड़ में खड़े होकर फोटो कैप्चर नहीं करेगा। यदि ऐसा वे करते हैं तो आसपास के खसरा नंबर के लैटलांग मिस्डमैच होगा। इसलिए सर्वेयर प्रत्येक खसरा नंबर की भूमि के अंदर कम से कम मेड़ से 10 मीटर की दूरी पर जाकर प्रयोग संपादित करेगा। यदि पिक्चर में गेहूं फसल दिख रहा पर सर्वेक्षक ने धान प्रविष्ट किया हो अथवा प्लाट खाली है और फोटो गन्ना का अपलोड किया है, तो वही डेटा को पटवारी रिसेंड करेगा।

## इस्पात मंत्री स्पष्ट करें प्लांट नीलामी का जायजा लेने या मोदी की गारंटी पूरी करने आए हैं बस्तर : जावेद खान

**विनिवेशीकरण की सूची में अब भी नगरनार इस्पात संयंत्र का है नाम**

जगदलपुर(ईएमएस)। केंद्रीय इस्पात मंत्री एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी के बस्तर प्रवास और नगरनार इस्पात संयंत्र के निरीक्षण को लेकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने सवाल दागते हुए पूछा है कि बस्तर की जनता इस्पात मंत्री के बस्तर दौरे को लेकर चिंतित है और बड़ी उम्मीद भी लगाए बैठी है। बस्तर की जनता चिंतित इसलिए है कि क्या विनिवेशीकरण की तैयारियों का जायजा लेने इस्पात मंत्री बस्तर आए हैं? या फिर जो उम्मीद और वादा करके चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह गए थे कि नगरनार इस्पात संयंत्र बस्तर के लोगों का है और इसका निजीकरण नहीं किया जाएगा उस वादे को पूरा करने विनिवेशीकरण की सूची से नगरनार इस्पात संयंत्र का नाम हटाने वे बस्तर आए हैं? आज उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि बस्तर की जनता यह जानना चाहती है। जावेद ने कहा कि बस्तर की जनता के अंदर भय और भ्रम का माहौल है। कुछ दिन पूर्व मीडिया के माध्यम से यह बात निकल कर आई थी कि इस्पात मंत्रालय नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण की तैयारी पूरी कर चुका है और प्लांट की 50.79 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में है। इसके लिए वह पीएमओ की हरी झंडी का इंतजार कर रहा है। जावेद ने कहा भाजपा मोदी की गारंटी देकर चुनाव में वोट बटोरती है और वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में बस्तर की जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा करके दोबारा केंद्र तथा छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। ऐसे में यदि मोदी की गारंटी जो नगरनार इस्पात संयंत्र को लेकर है उसे पूरा नहीं किया गया तो यह कृत्य बस्तर की जनता के साथ भाजपा का सबसे बड़ा छल होगा। जावेद खान ने बस्तर सांसद महेश कश्यप से भी मांग करते हुए कहा है कि जब-जब कांग्रेस कहती है कि मोदी सरकार नगरनार इस्पात संयंत्र को बेचना चाहती है तो सांसद कहते हैं कांग्रेस भ्रम फैला रही है। आज सांसद बस्तर के पास एक सुनहरा अवसर है कि वे इस भ्रम को हमेशा के लिए खत्म करवाएं, केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से लिखित में नगरनार इस्पात संयंत्र के विनिवेशीकरण पर रोक लगाने का आदेश जारी करवाएं, विनिवेशीकरण की सूची से नगरनार स्टील प्लांट का नाम हटवाएं। जैसे विनिवेशीकरण की सूची से दुर्गापुर के एलॉय प्लांट का नाम हटाया गया, इसी प्रकार नगरनार इस्पात संयंत्र का भी नाम उक्त सूची से पृथक करने का आदेश जारी करवाएं और इसे सार्वजनिक कर बस्तर की जनता के सामने लगातार खोते हुए विश्वास को दोबारा कायम करें। जावेद ने कहा कि बस्तर की जनता अब नगरनार इस्पात संयंत्र को लेकर किसी भी तरह के मौखिक आश्वासन से संतुष्ट नहीं होने वाली। बस्तर की जनता अब किए हुए चुनावी वादे को पूरा करने की मांग कर रही है। यदि बस्तर सांसद इस्पात मंत्री से लिखित में आदेश लेने असमर्थ होते हैं तो नगरनार इस्पात संयंत्र को लेकर कांग्रेस और बस्तर की जनता से माफी मांगते हुए इस मामले में अपनी व्यक्तिगत स्थिति स्पष्ट करें कि वो नगरनार संयंत्र को बेचने वालों की तरफ हैं या बचाने वाले बस्तरवासियों के साथ खड़े होंगे।

### मूसलाधार बारिश के बीच निकाला जुलूस

दुमकाःमूसलाधार बारिश के बाबजूद पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस को रामगढ़ में ईद ए मिलाद उन नबी के रूप में धूमधाम के साथ मनाया गया। ईद ए मिलाद उन नबी के मौके पर रामगढ़ के धोबा गांव से जुलूस ए मोहम्मदी गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। जुलूस रामगढ़ बाजार से होते हुए सारमी स्थित ईदगाह तक गई जहाँ मुस्लिम भाइयों ने जुलूस के माध्यम से अपने समाज के लोगों से नबी के रास्ते पर चलने की अपील की। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा अपने घरों में जश्न ए मिलाद उन नबी से तहत फतेहा कराते हुए एक-दूसरे को मुबारक बाद पेश किया। जुलूस का समापन सारमी गांव में किया गया। इस दौरान सभी ने मिलकर देश के लोगों के लिए अमन और चैन की दुआ मांगी तथा जमकर हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए। जुलूस में रामगढ़ के मोहम्मद अजीम, मोहम्मद सरफुद्दीन, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद सिराजुद्दीन, मोहम्मद असलम , मो अनवर, मो मंसूर ,मो सलीम, मो कलीम, मो अफरोज, मो फिरोज, मो राजा, मो साहिल, मो तोशीफ, के साथ-साथ काफी संख्या में समुदाय के लोग मौजूद थे।

### पूरे जिले में तेज हवा के साथ लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त

दुमका-रामगढ़ प्रखंड सहित पूरे जिले में दो दिनों से हो रही लगातार तेज बारिश से पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वर्षा के साथ साथ तेज हवा के झोंके की वजह से करीब 24 घंटे से भी अधिक समय से पूरे रामगढ़ प्रखंड की बिजली भी गायब है। बिजली नहीं रहने के कारण लोग मोमबत्ती और ढीबरी के सहारे अपना काम करने को विवस हो गए हैं। बिजली से चलने वाले सभी उपकरण डेड हो गए हैं। यहां तक की लोगों को मोबाइल चार्ज करना भी दुस्वार हो गया है। आखिर 24 घंटे से बिजली क्यों खराब है इसका जवाब देने वाला कोई नही है। विभाग के कनीय अभियंता सहित सभी कर्मचारियों का मोबाइल स्विच ऑफ है। इधर लगातार हो रही तेज बरसात ओर जोरदार हवा के कारण किसानों को भी काफी नुक़सान हुआ है। तेज हवा के कारण मकई एवं धान की खड़ी फसल पलट गई है, जबकि सब्जी की फसल को भी काफी नुक़सान हुआ है। प्रखंड में कहीं भी घर गिरने समेत जान माल के नुकसान जैसी सूचना समाचार लिखे जाने तक नहीं मिली है।

### नकली पुलिस बनकर बायपास मार्ग पर लूटपाट करने के आरोप में 5 गिरफ्तार

कोरबा (ईएमएस) जानकारी के अनुसार कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा थाना में 14 सितंबर दिन शुक्रवार को प्रातः 3 से 4 बजे के मध्य सूचना प्राप्त हुई की कटघोरा थाना क्षेत्र के ढेलवाडीह बायपास मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा अपने आपको टीआई व पुलिस बताकर उनके द्वारा भारी वाहन रोककर वसूली की जा रही है। कटघोरा पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंच 5 लोगों को गिरफ्तार किया। प्रार्थी ट्रक मालिक के वाहन चालक ने कटघोरा थाना में लिखित शिकायत करी है कि वह ट्रक में रायपुर से चावल लोड कर फरबेसगंज बिहार जा रहा था। रात्रि लगभग 3:15 ढेलवाडीह बायपास जब वो पहुंचे तो उसी वक्त एक बोलेरो वाहन सायरन बजाते हुए वाहन के पास आकर वाहन से 5 लोग उतरे और अपने आपको टीआई व पुलिस बताते हुए डराने-धमकाने लगे। गाड़ी का पेपर व बिल्टी मांगने लगे। गाड़ी के सभी पेपर दिखाने के बाद वो मुझे जबरदस्ती गाड़ी से खींचकर बाहर निकालने लगे। सभी 5 लोग गाड़ी के कागजात सही नही कहते हुए मुझसे पैसे की मांग करने लगे।

## नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण की बात से इस्पात मंत्री कुमार स्वामी ने किया इंकार

**फिर झूठ कौन बोल रहा है कांग्रेस, कुमार स्वामी या केंद्र सरकार की वेबसाइट!**

जगदलपुर(ईएमएस)। बस्तर के इकलौते बड़े उद्योग नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण की बात से इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी ने साफ इंकार किया है। ऐसे में अब एक नया सवाल पैदा हो गया है कि इस स्टील प्लांट के बारे में झूठ आखिर कौन परोस रहा है - कांग्रेस, केंद्र सरकार की वेब साइट या फिर इस्पात मंत्री। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम का नगरनार स्टील प्लांट अपनी स्थापना के आरंभिक दिनों से ही चर्चाओं के केंद्र में रहा है। कांग्रेस शुरू से आरोप लगाती आई है कि केंद्र की मोदी सरकार नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण करने वाली है। कई अखबारों ने भी इस बात को हवा दी। संसद से लेकर सड़क तक संयंत्र के निजीकरण का मसला छाया रहा। तत्कालीन सांसद दीपक बैज इस मसले को लोकसभा में निरंतर उठाते रहे हैं। उन्होंने लोकसभा में यह भी दलील दी थी कि नगरनार इस्पात संयंत्र को बेचा जाना बस्तर के आदिवासियों के साथ विश्वासघात होगा। संयंत्र का निजीकरण हो जाने से वहां आरक्षण का क्राईटेरिया लागू नहीं हो पाएगा और वहां बस्तर के आदिवासी युवा नौकरी पाने से वंचित हो जाएंगे। श्री बैज ने सदन में यह भी मांग उठाई थी कि नगरनार इस्पात संयंत्र को छत्तीसगढ़ सरकार के हवाले कर दिया जाए, छग सरकार उसका बेहतर संचालन कर लेगी। बतौर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सार्वजनिक मंचों से भी इसके निजीकरण का पुरजोर विरोध करते रहे हैं।. कई बार कहा गया कि नगरनार स्टील प्लांट को केंद्र सरकार अडानी ग्रुप के हाथों बेचने जा रही है। वहीं सर्व आदिवासी समाज भी संयंत्र के निजीकरण के विरोध में सड़क पर उतर आया था। इसके विरोध में बस्तर बंद का भी आह्वान किया गया था। वहीं विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों के दौरान बस्तर दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भरी सभा में ऐलान किया था कि नगरनार इस्पात संयंत्र को हरगिज बेचा नहीं जाएगा। उस पर पहला और पूरा हक बस्तर के आदिवासियों का है। अब एक नया मामला सामने आया है कि केंद्र सरकार की वेब साइट में नगरनार इस्पात संयंत्र को बेचे जाने की प्रक्रिया का जिक्र है। इसे लेकर भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी पर सवालों की बौछार कर दी। उन्होंने कहा कि कुमार स्वामी इस बारे में अपना स्टैंड क्लियर करें। इन्हीं चर्चाओं और कयासों के बीच केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी का सोमवार को बस्तर आगमन हुआ।

जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में मीडिया से चर्चा करते हुए इस्पात मंत्री कुमार स्वामी ने कहा कि वह नगरनार स्टील प्लांट के विजिट पर जा रहे हैं। वहां के कामकाज की समीक्षा करेंगे। जिन विषयों पर आज ही निर्णय लिया जा सकता है, लेंगे। अन्य विषय जिन पर अभी निर्णय नही हो सकता उसके लिए समय सीमा तय की जाएगी। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि क्या एनएमडीसी के नगरनार स्टील प्लांट को निजी हाथों में दिए जाने की कोई योजना है ? कुमार स्वामी ने साफ कहा कि ऐसी कोई प्लानिंग ही नहीं है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों राजधानी रवाना

जशपुरनगर,(ईएमएस)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संवाद कार्यक्रम हेतु आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को रायपुर रवाना आज किया गया है। योजनांतर्गत राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम हेतु जिले के हितग्राही रायपुर के लिए रवाना हुए जहां प्रधानमंत्री प्रदेश के हितग्राहियों से विडियो कांफ्रेंस से संवाद स्थापित करते हुए वर्ष 2024-25 के स्वीकृत हितग्राहियों को डिजिटल रूप से स्वीकृति पत्र वितरण एवं प्रथम किस्त सहायता राशि जारी की जाएगी साथ ही प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करेंगे।

### छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से झारखंड के लोगों को भी मिल रहा लाभ

जशपुरनगर,(ईएमएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के हो रहे विस्तार का लाभ पड़ोसी राज्य झारखंड को भी मिल रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग 26 किलोमीटर दूर जशपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लोदाम झारखंड बॉर्डर के समीप है। यहां पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोदाम में झारखंड के आसपास के गावों के लोग अपना इलाज कराने आते हैं। इसके साथ ही उनका आयुष्मान कार्ड भी यहां पर बन रहा है। लोदाम सीएचसी की बीपीएम के अनुसार झारखंड के मांझा टोली सहित अन्य ग्राम पंचायतों के लोग यहां की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण इलाज के लिए आते हैं। पिछले 4 महीनों में यहां 27 झारखंड निवासियों की सामान्य प्रसव सफलतापूर्वक कराई गई है। इसके अलावा 10 से अधिक टाइफाइड के मरीजों की जांच और उपचार किया गया है। इसके अलावा अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी लोग यहां आते हैं।

## शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद




मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स करीब 98 अंक की बढ़त के साथ ही 82,988.78 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 82,832.82 और 83,184.34 के बीच कारोबार हुआ। वहीं 50 शेयरों वाल एनसएसई निफ्टी 27.25 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी ऊपर आकर 25,383.75 पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 25,336.20 और 25,445.70 के बीच कारोबार हुआ। आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 शेयर लाभ के साथ ही बढ़त पर बंद हुए। एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एलएंडटी, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे । इसके अलावा, नेस्ले इंडिया, कोटक बैंक, एमएंडएम, सन फार्मा, टाटा स्टील, एचडीएसफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल के शेयर भी ऊपर आये। दूसरी ओर सेंसेक्स के 15 शेयर गिरावट पर बंद हुए। इसमें बजाज फाइनैंस, एचयूएल, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स और टाइटन सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। इसके अलावा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, एसबीआई, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, आईटीसी, मारुति, टीसीएस, एचसीएल टेक और रिलायंस के शेयर भी नीचे आये। बाजार जानकारों के अनुसार आज घरेलू बाजार में सीमित दायरे में सकारात्मक रुझान के साथ करोबार हुआक क्योंकि निवेशक इस हफ्ते फेड के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। अमेरिका के जॉब मार्केट में कमजोरी और नियंत्रित महंगाई से ब्याज दरों में कटौती की भी संभावन है। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को तेजी के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 180.92 अंक चढ़कर 83,071.86 पर कारोबार कर रहा था। साथ ही निफ्टी-50 में भी बढ़त देखी गई और यह 55.1 अंक के साथ 25,411.60 पर कारोबार रहा था। बाजार में तेजी का रुझान बना हुआ है।

## मोदी सरकार के फैसले से रॉकेट बने चावल से जुड़ी कंपनियों के शेयर

मुंबई (ईएमएस)। चावल से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में सोमवार को भारी तेजी दिखाई दी और इस दौरान कोहिनूर फूड्स के शेयर 20 फीसदी चढ़ गए। बता दें कि मोदी सरकार ने बासमती चावल पर 950 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) हटा दिया है, जिसके चलते यह तेजी हुई। कोहिनूर फूड्स के शेयरों में 20 फीसदी, एलटी फूड्स में 9.72 फीसदी, केआरबीएल में 7.67 फीसदी और चमन लाल सेतिया एक्सपोर्ट्स में 5.92 फीसदी की तेजी आई। मोदी सरकार ने कहा था कि बासमती चावल पर 950 डॉलर प्रति टन न्यूनतम निर्यात मूल्य हटा दिया गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस कदम से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## अदाणी पावर, अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में आठ फीसदी तक तेजी

नई दिल्ली (ईएमएस)। अदाणी समूह को महाराष्ट्र में लंबी अवधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय और ताप बिजली आपूर्ति का ठेका मिलने के बाद सोमवार को अदाणी पावर के शेयर में लगभग आठ प्रतिशत की तेजी आई। इस ठेके के लिए समूह की 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली ने जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टोरेंट पावर जैसी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया। बीएसई पर अदाणी पावर का शेयर 7.53 प्रतिशत बढ़कर 681.30 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 7.59 प्रतिशत बढ़कर 681.55 रुपये पर कारोबार कर रहा था। अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर भी बीएसई पर 7.39 प्रतिशत बढ़कर 1,920 रुपये पर पहुंच गए। एनएसई पर यह 7.25 प्रतिशत बढ़कर 1,918 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

## अमेजन और फ्लिपकार्ट पर जल्द शुरू होगी बड़ी सेल




नई दिल्ली (ईएमएस)। ई-कॉमर्स साइट अमेजन और फ्लिपकार्ट पर साल की सबसे बड़ी सेल जल्द ही शुरूआत हो सकती है। इन सेल का नाम फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज और अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिबल सेल है। इस सेल में उपभोक्ताओं को मोबाइल, होम एप्लाइसेंस, घर की डेकोरेशन, कंप्यूटर, मोबाइल असेसरीज पर बेपर डिस्काउंट मिलने जा रहा है। साथ ही कस्टमर को बैंक ऑफर्स का भी फायदा मिलेगा। सूत्रों से पता चला है कि फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज सेल 2024 की शुरूआत 27 सितंबर से हो सकती है। इस दौरान यूजर्स को एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ट पर इंस्टैंट कैशबैक देखने को मिलेगा। फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज सेल 2024 के दौरान एप्पल, सैमसंग और गूगल जैसे ब्रांड अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन की कीमतों में कमी कर सकते हैं। स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के अलावा लाइफस्टाइल, किराना, घर और फर्नीचर उत्पादों पर छूट मिलेगी। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल की भी जल्द ही शुरूआत होनी वाली है। हालांकि इसकी तारीखों का खुलासा नहीं हुआ है। इस सेल के दौरान ग्राहकों को स्मार्टफोन, कंप्यूटर, लैपटॉप और टैबलेट आदि पर अच्छा डिस्काउंट मिलेगा।

# फोर्ड के चेन्नई कारखाने में पुनः होगा उत्पादन शुरू

## कंपनी दो साल पहले समेट चुकी थी अपना बोरिया बिस्तर






नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिकी कार निर्माता फोर्ड ने घोषणा की कि वह अपने चेन्नई स्थित कारखाने में उत्पादन फिर से शुरू करेगी, जिसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजार के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण करना होगा। फोर्ड ने सितंबर 2021 में भारत से अपना कारोबार समेटने का निर्णय लिया था, और इसके बाद अगस्त 2022 में चेन्नई के मरैमलाई नगर कारखाने में उत्पादन बंद कर दिया था। अब, कंपनी इस कारखाने में दो साल के बाद वापसी कर रही है। फोर्ड के अंतरराष्ट्रीय बाजार समूह के अध्यक्ष के हार्ट ने बताया कि कंपनी ने तमिलनाडु सरकार को एक आशय पत्र सौंपा है, जिसमें कारखाने के निर्यात के लिए उपयोग करने की योजना का उल्लेख किया गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हाल ही में मिशिगन के डियरबॉर्न में फोर्ड के मुख्यालय का दौरा किया और कंपनी के शीर्ष प्रबंधन से अपने राज्य में उत्पादन फिर से शुरू करने की अपील की थी। यह खबर तब आई है जब कई वैश्विक ब्रांड भारत में वापसी कर रहे हैं। चीन का फास्ट फैशन ब्रांड शीन और फ्रांस की मल्टीब्रांड रिटेल कंपनी कारफू भी भारतीय बाजार में अपने कदम जमा रहे हैं। वाहन क्षेत्र में रेनो ने भी हाल ही में बड़ी वापसी की है।
फोर्ड के हार्ट ने कहा, हमें खुशी है कि हमने भारत में तमिलनाडु सरकार को एक आशय पत्र सौंपा है, जिसमें चेन्नई कारखाने का उपयोग निर्यात के लिए करने की योजना की जानकारी दी गई है। राज्य सरकार के कई वर्षों के प्रयासों से फोर्ड की वापसी संभव हो पाई है। जुलाई 2024 में तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने मिशिगन का दौरा किया और फोर्ड के साथ बातचीत की, जो अंततः इस वापसी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। अमेरिकी कार निर्माता फोर्ड ने भारतीय बाजार से अलविदा कहने के करीब दो साल बाद एक नई शुरुआत की योजना बनाई है।

# संयुक्त परिवार परम्परा को बढ़ाए हिन्दू समाज : जस्टिस कोकजे

इन्दौर (ईएमएस)। हिन्दू समाज के लिए अब समय है कि संयुक्त परिवार को बढ़ावा दिया जाएं। धर्म, मातृ भूमि और समाज के प्रति जिम्मेदारियों का बोध समाजजनों को करवाया जाए ताकि अलगाववादी ताकसे अपने मंसूबे में कामियाब ना हो सके। यह बात पूर्व राज्यपाल जस्टिस वीएस कोकजे ने कही। वे चेन्नै की सामाजिक संस्था स्मार्ट और संस्था मित्र मेला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिन्दू समाज की वर्तमान स्थिति चुनौतियां और समाधान विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा यह समय उपयुक्त है की जब परिवार के बुजुर्ग, जागरूक सदस्य इन समस्याओं की चर्चा अपने घर में प्रारंभ करें। इसके बाद यह चर्चा सामाजिक स्तर पर हो। बच्चों को हमारे इतिहास और धर्म का जानकारी होना चाहिए। कार्यक्रम में अयोध्या फाउंडेशन की मीनाक्षी शरण, अधिवक्ता कुणाल भंवर और वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जोशी भी मौजूद थे। संस्था की जानकारी तथा विषय प्रस्तावना अनामिका तिवारी ने रखी।

### हिन्दुओं को शत्रुबोध नहीं है

अयोध्या फाउंडेशन की मीनाक्षी शरण ने कहा कि हिन्दू अपने अस्तित्व पर मंडराते खतरे से अभी तक अनभिज्ञ हैं। दरअसल उन्हे मित्र बोध तो है परंतु शत्रु बोध नहीं है। इतिहास पर नजर डाले तो बीते चौदह सौ सालों में लगातार समाज पर हमले हुए है। हमारे पूर्वजों ने हर हमले का डट कर मुकाबला किया मगर हमारी एकजुटता नहीं होने के कारण मुगल आततायियों को हमारे धर्म क्षेत्र को अपवित्र करने तोड़ने और विरासत को मिटाने का मौका मिलता गया। आज राम मंदिर बनने के बाद इसका गौरव पूरा समाज कर रहा है। ऐसे में अब आवश्यक है कि समाज को संगठित किया जाए। हमारे धार्मिक संस्थानों,




मंदिरों से इसका व्यापक प्रसार हो ताकि भविष्य में कोई खतरा समाज के सामने खड़ा ना हो सके।

### वक्फ बोर्ड को खत्म करना देशहित में

अधिवक्ता कुणाल भंवर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया के कई देशों में हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है। इन घटनाओं पर खुल कर और हर स्तर के प्लेटफार्म पर चर्चा होना चाहिए ताकि देश दुनिया के लोग हकीकत जान सके। उन्होंने वक्फ बोर्ड की देश में उपयोगिता पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने वक्फ कानून को गैरजरूरी बताते हुए इसे तत्काल प्रतिबंधित करने की भी पैरवी की। उनका कहना था कि सामाजित स्तर पर इकोसिस्टम तैयार होना चाहिए जिसके जरिए नरेटिव क्रियेट हो ताकि समाज में जागरूकता का प्रसार हो सके। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मौजूद लोगों के प्रश्नों का समाधान भी किया। इस मौके पर रितिक नामदेव, गोविंद सिंह बेस, विनय यादव सहित कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कॉलेज विद्यार्थी, अधिवक्तागण मौजूद थे।

## एलआईसी ने डिजिटल मंच के लिए इंफोसिस को चुना




नई दिल्ली (ईएमएस)। जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने सोमवार को कहा कि उसने अगली पीढ़ी के डिजिटल मंच को अपनाकर अपने डिजिटल रूपांतरण को आगे बढ़ाने के लिए इंफोसिस को चुना है। इस पहल के तहत ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर अनुभवों और डेटा आधारित वैयक्तिकरण पर ध्यान दिया जाएगा। कंपनी ने इस सौदे की राशि के बारे में नहीं बताया। एक बयान के अनुसार इंफोसिस ने भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ अपने सहयोग की घोषणा की, ताकि एलआईसी डीआईवीई नामक अपनी डिजिटल रूपांतरण पहल को आगे बढ़ा सके। सौदे के तहत इंफोसिस अगली पीढ़ी का डिजिटल मंच तैयार करेगी, जो एलआईसी के ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों के लिए बेहतर जुड़ाव और डेटा आधारित वैयक्तिकृत अनुभव देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। बयान में कहा गया कि एलआईसी ने बैंकिंग, वित्तीय और बीमा क्षेत्रों में इंफोसिस की गहन विशेषज्ञता और अनुभव को देखते हुए उसे चुना।

# रुपया बढ़त पर बंद



मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ ही 83.87 रुपये पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने और विदेशी कोषों की खरीदारी और लिवाली बढ़ने से सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 83.87 पर पहुंच गया। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि बाजार में प्रतिभागी अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें ब्याज दरों में कटौती लगभग तय है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सक्रिय हस्तक्षेप के चलते रुपया एक अच्छी तरह से परिभाषित सीमा के भीतर स्थिर बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 83.89 पर खुला और बढ़त दर्ज करते हुए 83.87 के स्तर पर आ गया। इस तरह रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे ऊपर आया। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे बढ़कर 83.92 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 फीसदी नीचे आकर 100.85 पर पहुंच गया।

## नियमों का पालन नहीं करने वाले बैंकों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार बैंकों के लिए जुर्माना बढ़ाने के बारे में विचार कर सकती है, यदि वे नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने जानकारी दी कि सरकार इस सिलसिले में नियामक प्रणाली की समीक्षा कर सकती है, जिसके लिए बैंकिंग विनियमन (बीआर) अधिनियम 1949 और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम 1934 में संशोधन किया जा सकता है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि वर्तमान में जुर्माना राशि बहुत कम है। हम इस पर नियामक के साथ चर्चा करेंगे और प्रावधानों में संशोधन की संभावनाओं पर विचार करेंगे। मौजूदा व्यवस्था में रिजर्व बैंक बीआर अधिनियम की धारा 46 और 47 ए समेत अन्य प्रावधानों के तहत जुर्माना लगा सकता है, जो नियामकीय दिशानिर्देशों के उल्लंघन पर लगाया जाता है।

## टोरेंट पावर हरित परियोजनाओं के लिए 64,000 करोड़ निवेश करेगी

गांधीनगर (ईएमएस)। टोरेंट पावर ने सोमवार को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 64,000 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। कंपनी ने बताया कि इससे करीब 26,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। विविध क्षेत्र में काम करने वाली टोरेंट समूह की एकीकृत बिजली कंपनी टोरेंट पावर लिमिटेड ने हरित और टिकाऊ भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कंपनी ने सोमवार को गांधीनगर में री-इन्वेस्ट कार्यक्रम के चौथे संस्करण में केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को दो शपथ पत्र सौंपे। री-इन्वेस्ट का आयोजन नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सीआईआई के साथ मिलकर किया है। बयान के अनुसार कंपनी ने 2030 तक 57,000 करोड़ रुपये के निवेश से 10 गीगावाट की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता हासिल करने के लिए एक शपथ पत्र सौंपा है। इस निवेश से लगभग 25,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की उम्मीद है। दूसरा शपथ पत्र 7,200 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक लाख किलो टन प्रति वर्ष (केटीपीए) क्षमता वाले ग्रीन अमोनिया उत्पादन संयंत्र के लिए है।

# असम-छत्तीसगढ़ में महंगा हुआ पेट्रोल, हरियाणा में घटे दाम

नई दिल्ली (ईएमएस)। कच्चे तेल में बड़ी गिरावट के बाद अब भाव में हल्की तेजी आई है। वैश्विक बाजार में क्रूड की कीमत 68.97 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि ब्रेंट क्रूड में 71.83 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार हो रहा है। कच्चे तेल के कीमतों में उतार-चढ़ाव असर का पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर दिखता है। हालांकि, भारत में ईंधन की कीमतों में ज्यादा असर नहीं पड़ा है लेकिन कुछ राज्यों में कीमतों में घटी-बढ़ी हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के भाव अपडेट कर दिए हैं। चेन्नई में पेट्रोल-डीजल




की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है जबकि 3 अन्य महानगर दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अरुणाचल प्रदेश, असम और छत्तीसगढ़ समेत कुछ राज्यों में ईंधन की कीमतें बढ़ी हैं। वहीं आंध्र प्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल के दाम कम हुए हैं। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.85 रुपये और डीजल 92.43 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर एक्सेसिबल लग्जरी खंड में प्रवेश करेगी

गुरुग्राम (ईएमएस)। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया अगले दो वर्षों में चार नई ऊर्जा वाले वाहन पेश करने की योजना के साथ एक्सेसिबल लग्जरी खंड में प्रवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसके लिए एक नयी खुदरा श्रृंखला एमजी सेलेक्ट' की स्थापना की जा रही है। एक्सेसिबल लग्जरी में ऐसे उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद आते हैं, जो कीमत के लिहाज से सामान्य उत्पादों और अत्यधिक महंगे उत्पादों के बीच में होते हैं।
कंपनी की योजना पहले साल में भारत के 12 शहरों में विशेष अनुभव वाले केंद्र स्थापित करने की है। अधिकारी ने बताया कि एमजी सेलेक्ट के साथ हम अगले दो वर्षों में चार नये उत्पाद लाएंगे। उन्होंने कहा कि हम नये मंच और उत्पाद लाएंगे और ये नयी ऊर्जा वाहनों (एनईवी) के मंच होंगे। इसलिए इसमें प्लग-इन हाइब्रिड, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन होंगे।

# इस हफ्ते आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल कर सकती है स्विगी




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत की प्रमुख फूड-डिलीवरी कंपनी स्विगी लिमिटेड इस सप्ताह अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए दस्तावेज दाखिल करने की तैयारी कर रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार बेंगलूरु स्थित स्विगी 1 बिलियन डॉलर (लगभग 8,300 करोड़ रुपये) से अधिक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी इस समय आईपीओ फाइलिंग के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी का इंतजार कर रही है। सूत्रों के अनुसार आईपीओ का आकार और समय को लेकर अभी भी चर्चाएं जारी हैं और इनमें बदलाव हो सकता है। 2014 में स्थापित स्विगी भारत में 150,000 से अधिक रेस्टोरेंट्स के साथ साझेदारी करती है और अपने प्रतिद्वंद्वियों जोमैटो, अमेज़न और टाटा समूह के बिगबास्केट के साथ प्रतिस्पर्धा करती है।
सॉफ्टबैंक ग्रुप द्वारा समर्थित स्विगी इस आईपीओ के जरिए भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और वैश्विक निवेशकों की रुचि का लाभ उठाना चाहती है। इस साल भारतीय शेयर बाजार में अब तक 7.8 बिलियन डॉलर से अधिक की राशि आईपीओ के माध्यम से जुटाई जा चुकी है, जो पिछले दो वर्षों की तुलना में अधिक है। विशेषज्ञों के अनुसार स्विगी के आईपीओ के बाद अन्य बड़ी कंपनियों की भी लिस्टिंग होने की उम्मीद है, जिनमें हुंडई मोटर और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। हुंडई मोटर की भारतीय इकाई की संभावित लिस्टिंग को भारत की सबसे बड़ी लिस्टिंग में से एक माना जा रहा है, जबकि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का भारतीय कारोबार 1.5 बिलियन डॉलर तक जुटा सकता है। इन कंपनियों के कदम से भारतीय शेयर बाजार में और अधिक सक्रियता आने की संभावना है।

# एजीईएल और अदाणी पावर ने एमएसईडीसीएल के साथ किया बिजली खरीद समझौता

### समझौते के तहत दोनों कंपनियां कुल 6.6 गीगावाट की ऊर्जा आपूर्ति करेंगी




नई दिल्ली (ईएमएस)। अदाणी ग्रुप की कंपनियों अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और अदाणी पावर ने महाराष्ट्र राज्य इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के साथ एक महत्वपूर्ण बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत, दोनों कंपनियां कुल 6.6 गीगावाट की ऊर्जा आपूर्ति करेंगी। एजीईएल ने 5 जीडब्ल्यू की सौर ऊर्जा आपूर्ति के लिए एक लंबे समय के पीपीए पर हस्ताक्षर किया है। यह सौर ऊर्जा परियोजना 25 वर्षों के लिए प्रति किलोवाट घंटे 2.70 रुपये की फ्लैट दर पर बिजली आपूर्ति करेगी। सौर परियोजनाएं तीन वर्षों के भीतर चरणबद्ध तरीके से विकसित की जाएंगी और इनका संचालन गुजरात के कच्छ जिले में स्थित खवड़ा में एजीईएल के नवीकरणीय ऊर्जा पार्क से किया जाएगा। इसके साथ ही अदाणी पावर ने एमएसईडीसीएल के साथ 1496 मेगावाट (नेट) की थर्मल पावर सप्लाई के लिए एक लॉन्ग-टर्म पावर सप्लाई एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना के तहत, अदाणी पावर महाराष्ट्र को नए 1600 मेगावाट के अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट से बिजली सप्लाई करेगी, जिसे डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन एंड ऑपरेट आधार पर विकसित किया जाएगा। ईंधन की आपूर्ति शक्ति नीति के तहत कोयला लिंकिंग से होगी। कंपनियों ने बताया कि यह समझौता 2020 के बाद से विश्व की सबसे बड़ी सोलर एनर्जी टेंडर में से एक है और थर्मल एनर्जी का टेंडर भी हाल के वर्षों में प्राइवेट सेक्टर को दिया गया भारत का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। यह समझौता एजीईएल की भारत में लीडिंग भूमिका को और मजबूत करेगा और अदाणी पावर की क्षमता को भी दिखाता है।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची भारतीय हॉकी टीम

### चीन से होगा खिताबी मुकाबला



बीजिंग (ईएमएस)। भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। भारतीय टीम टीम अब मंगलवार को फाइनल में मेजबान चीन से खेलेगी। इससे पहले चीन ने एक अन्य सेमीफाइनल में पाकिस्तान को शूटऑउट में 2-0 से हराकर सभी को हैरान कर दिया। पाक और चीन के बीच तय समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा पर पैनल्टी शूटआउट में दो गोल कर चीन ने बाजी मार ली।

वहीं भारतीय हॉकी टीम ने कोरियाई टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन का सिलसिला बनाये रखा। भारतीय टीम ने अभी तक इस टूर्नामेंट में सभी मैच जीते हैं। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाकर दबाव बनाये रखा। भारत के लिए पहला गोल शुरु में ही उत्तम कुमार ने किया। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में भी आक्रामक खेल दिखाया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिये गोल दाग दिया। इस प्रकार भारतीय टीम की बढ़त 2-0 हो गई। टीम ने ये बढ़त हाफ टाइम तक बरकरार रखी। जरमनप्रीत सिंह ने तीसरे क्वार्टर के 32वें मिनट में एक और गोल कर भारत को 3-0 से आगे कर दिया।

दक्षिण कोरिया ने 33वें मिनट में अपना पहला गोल किया और वापसी के प्रयास किये पर भारतीय टीम ने 45वें मिनट में एक गोल कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यह गोल भी कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया। यह हरमन का मैच में दूसरा और टूर्नामेंट में सातवां गोल था। इसके बाद बचे हुए समय में कोरियाई टीम कोई गोल नहीं कर पायी। अब भारतीय टीम के पास चीन को हराकर आठवीं बार खिताब जीतने का सुनहरा अवसर है।



क्रोएशिया में महिलाओं के 78 किलो वर्ग मुकाबले में भाग लेती हुई फ्रांस की लिज निगेलीबेया।

## मनु ने नीरज के शीघ्र ठीक होने की कामना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के हाथ की हड्डी टूटने पर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र ठीक होने की कामना की है। इससे पहले नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहने के बाद सोशल मीडिया में एक पोस्ट शेयर कर बताया था कि वह बांए हाथ में फ्रैक्चर के बाद भी फाइनल में उतरे थे। नीरज ने इस प्रतियोगिता में 87.86 मीटर का थ्रो किया और दूसरे स्थान पर रहे। पहले स्थान पर रहे एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर का थ्रो किया। इस पोस्ट के बाद लोगों ने नीरज के जज्बे की प्रशंसा की है। वहीं मनु ने भी नीरज को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 2024 में शानदार सीजन के लिए बधाई नीरज चोपड़ा। आपके जल्दी स्वस्थ होने और आने वाले वर्षों में और अधिक सफलता की उम्मीद करती हूं। नीरज ने सोशल मीडिया पर अपने बाएं हाथ की एक्स-रे रिपोर्ट साझा की, जिसमें उनकी चौथी मेटाकार्पल हड्डी टूटी हुई दिखाई दे रही थी।

नीरज ने ट्विटर पर लिखा, 2024 के सत्र के अंत के साथ, मैं इस साल की सीखी गई हर बात पर गौर कर रहा हूं। सुधार, असफलताएं, मानसिकता और बहुत कुछ। मैं अभ्यास के दौरान चोटिल हो गया और एक्स-रे से पता चला कि मेरे बाएं हाथ की चौथी मेटाकार्पल हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है। यह एक और दर्दनाक अनुभव था। नीरज हालांकि दाएं हाथ से थ्रो करते हैं, इसलिए वह इस प्रतियोगिता में भाग ले सके। बावजूद इसके दर्द के कारण वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## अश्विन ने बुमराह को सबसे मूल्यवान भारतीय क्रिकेटर बताया

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑफ स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह सबसे मूल्यवान भारतीय क्रिकेटर हैं। अश्विन के अनुसार अगस्त 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद से ही बुमराह ने शानदार प्रदर्शन किया है।

साथ ही कहा कि बूमराह ने 2023 एकदिवसीय विश्व कप में 20 विकेट लिए थे और वह इतने अधिक विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज थे। वह फरवरी 2024 में टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर एक रैंक पर भी पहुंचे थे। बुमराह ने इसी साल टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की जीत में भी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 4.17 के रिकॉर्ड इकॉनमी रेट के साथ 8 मैचों में 15 विकेट लिए थे। अश्विन ने कहा, हम चेन्नई के लोग गेंदबाजों की बहुत सराहना करते हैं। वह 4-5 दिन पहले एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आए थे। उनके साथ चैंपियन जैसा व्यवहार किया गया क्योंकि वह इस समय सबसे मूल्यवान भारतीय क्रिकेटर हैं।

पीठ की चोट से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद से ही बुमराह ने छह टेस्ट मैचों में 15.35 की औसत से 31 विकेट लिए हैं, जिसमें दो बार पांच विकेट भी शामिल हैं।

## आईसीसी के अगस्त माह के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने दुनिथ और हर्षिता



दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के दुनिथ वेलालागे और हर्षिता समरविक्रमा को अगस्त माह के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी के लिए नामांकित किया है। दुनिथ ने भारत के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था। जबकि हर्षिता ने आयरलैंड दौरे पर बेहतरीन प्रदर्शन किया था। ये दूसरी बार है जब दोनो ही पुरस्कार किसी एक देश के खिलाड़ियों को ही मिल रहे हैं। इससे पहले जून में भारत के जसप्रीत बुमराह और और स्मृति मंधाना को महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। दुनिथ ने रेस में दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता। हर्षिता ने ओर्ला प्रेंडरगास्ट और गैबी लुईस की आयरलैंड की जोड़ी को पछाड़ा। हर्षिता ने आयरलैंड में शतकीय पारी खेली थी।

दुनिथ को भारत के खिलाफ श्रीलंका के 2-0 से श्रृंखला जीतने के दौरान श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने नाबाद 67, 39 और दो रन की पारियां खेलने के अलावा तीसरे मैच में 27 रन देकर पांच विकेट लेने के साथ ही सीरीज में कुल सात विकेट भी लिए थे। यह पुरस्कार शुरू होने के बाद यह पांचवां अवसर है जब श्रीलंका के पुरुष क्रिकेट को यह पुरस्कार मिला है। इससे पहले एंजेलो मैथ्यूज (मई 2022), प्रबाथ जयसूर्या (जुलाई 2022), वानिंदु हसरंगा (जून 2023) और कामिंदु मेंडिस (मार्च 2024) यह पुरस्कार जीत चुके हैं। वेलालागे और हर्षिता ने कहा कि यह पुरस्कार बहुत प्रोत्साहन देने वाला है।

## अभ्यास सत्र के दौरान विराट के शॉट से दीवार तोड़कर निकली गेंद

चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास सत्र में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे। विराट ने यहां के चेपक स्टेडियम में नेट अभ्यास के दौरान एक ऐसा छक्का लगाया जिससे दीवार में ही छेद हो गया। विराट का ये शाट इतना तेज था कि गेंद गोली की रफ्तार से भारतीय ड्रेसिंग रूम के नजदीक की दीवार को भेदती हुई निकल गयी।

भारत-बांग्लादेश सीरीज के आधिकारिक प्रसारणकर्ता ने अपनी वेबसाइट पर एक वीडियो भी साझा किया है। ये भारतीय टीम के दूसरे अभ्यास सत्र का है। इस वीडियो में विराट के अभ्यास को दिखाया गया है। इसमें विराट एक तेज छक्का लगाते हैं। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट मैच से पूर्व अपने दो अभ्यास सत्र पूरे कर लिए हैं। भारतीय टीम इंडोर अभ्यास कर रही है। इसमें टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित टेस्ट दल के लिए चुने गए सभी 16 खिलाड़ी शामिल हैं। टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों को देख रहे थे। टीम के साथ नये गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल भी जुड़ गये हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट 19 सितंबर से शुरु होगा।

## बटलर चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से बाहर हुए

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड की एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर पिंडली की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गये हैं। बटलर को द हंड्रेड टूर्नामेंट की तैयारी के दौरान यह चोट लगी थी। इसी कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में भी नहीं खेल पाये। बटलर के फिट होने की उम्मीद थी। इसलिए उन्हें एकदिवसीय सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया था पर वह तय समय तक उबर नहीं पाये। इसी कारण उन्हें एकदिवसीय सीरीज से भी बाहर कर दिया गया है। बटलर ने अंतिम बार इंग्लैंड की ओर से टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेला था। बटलर के बाहर होने से युवा बल्लेबाज हैरी ब्रुक को एकदिवसीय टीम की कप्तानी मिली है। ब्रुक ने अब तक 15 वनडे मैच खेले हैं और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वह उपकप्तान भी रह चुके हैं। बटलर के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हल भी फिट नहीं होने के कारण एकदिवसीय बाहर हो गए हैं। हल ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में डेब्यू किया था। हालांकि, वह अक्टूबर में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल रहेंगे। वहीं ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। यह सीरीज 19 सितंबर को ट्रेंट ब्रिज में शुरू होगी और अन्य मैच हेडिंग्ले, लॉर्ड्स और चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले जाएंगे।

इंग्लैंड की एकदिवसीय टीमः हैरी ब्रुक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथल, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, लियाम लिविंगस्टोन, विल जैक्स, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जेमी स्मिथ, रीस टोपली, जॉन टर्नर और ओली स्टोन। हासिल की जबकि रुहान अल्वा दूसरे और बेंगलुरु स्पीडस्टर्स के अभय मोहन तीसरे स्थान पर रहे।

## गंभीर के मार्गदर्शन में बांग्लादेश के खिलाफ पहली टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम तैयार



चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय ओर बांग्लादेश के बीच पहला क्रिकेट टेस्ट मैच यहां के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 19 सितंबर से शुरु होगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में यह भारत की पहली टेस्ट सीरीज होगी। दो टेस्ट मेचों की इस सीरीज के लिए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल भी टीम से जुड़ गये हैं। इस सीरीज में भारतीय टीम जहां जीत की प्रबल दावेदार हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान को हराने के बाद बांग्लादेश का मनोबल भी बढ़ा हुआ है। उसका लक्ष्य भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच जीतना होगा हालांकि बांग्लादेश ने टेस्ट क्रिकेट में आज तक भारत को नहीं हराया है।

पहला टेस्ट जहां चेन्नई में वहीं दूसरा टेस्ट कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा।

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल ,कुलदीप यादव,मो. सिराज, आकाश दीप, जसप्रित बुमरा, यश दयाल।

बांग्लादेश की पूरी टीमः नजमुल हुसैन शान्तो, महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन कुमेर दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, जेकर अली अनिक।



चीन में स्लोवाकिया के नोरबर्ट गोमबोस डेविस कप टेनिस में खेलते हुए।

## शंटो की कप्तानी में बांग्लादेश क्रिकेट टीम भारत दौरे पर पहुंची

चेन्नई (ईएमएस)। नजमुल हुसैन शंटो की कप्तानी में बांग्लादेश क्रिकेट टीम आज भारत पहुंची। भारत दौरे में बांग्लादेश की टीम को 2 टेस्ट और 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। पाकिस्तान के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप से बांग्लादेश टीम के हौसले बढ़ हुए हैं। ऐसे में उसका लक्ष्य भारतीय टीम को भी कड़ी टक्कर देना रहेगा।

शंटो ने कहा 'यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण सीरीज होगी। पाक के खिलाफ एक अच्छी सीरीज होने से हमारी टीम का मनोबल बढ़ा है जिसका लाभ उसे मिलेगा। हर सीरीज एक अवसर है, हमारा लक्ष्य दोनों मैच जीतना रहेगा।' भारतीय टीम अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर है पर बांग्लादेश के कप्तान का मानना है कि मैच का प्रदर्शन रैंकिंग पर निर्भर नहीं होता और यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि उनकी टीम उन पांच दिनों के दौरान कैसा प्रदर्शन करती है.

शंटो ने कहा, 'रैंकिंग में उनकी टीम हमसे काफी आगे है पर हमने हाल ही में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमारी सीरीज अच्छी रही है। ऐसे में हमारा लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन रहेगा। ' आंकड़ों पर नजर डालें तो मेहमान टीम के लिए हालांकि भारत को उसके घर में हराना आसान नहीं रहेगा। उसे आज तक भारतीय टीम के खिलाफ जीत नहीं मिली है।भारत और बांग्लादेश की टीमें अभी तक 13 टेस्ट में आमने-सामने आई हैं। इमसें से 11 मैचों में टीम इंडिया जीती है जबकि दो टेस्ट बराबरी पर रहे हैं।

## बाबर ने शाहनवाज दहानी के ओवर में लगाये पांच चौके



लाहौर (ईएमएस)। पिछले काफी समय से खराब बल्लेबाज को लेकर आलोचना झेल रहे पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने घरेलू टूर्नामेंट वन डे कप में आक्रामक बल्लेबाजी की है। आजम ने मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली यूएमटी मार्खोर्स की ओर से खेलते हुए मोहम्मद हारिस की अगुआई वाली एलाइड बैंक स्टैलियंस के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने का पूरा प्रयास किया पर वह सफल नहीं हुए। बाबर ने इस मुकाबले में विरोधी टीम के गेंदबाज के खिलाफ लगातार 5 चौके लगाये। इस मैच में रिजवान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी शुरु की। बाबर ने इस मुकाबले में 45 रन की तेज पारी खेली। उसने शाहनवाज दहानी के ओवर में लगातार 5 चौके मारे। इस पारी से ऐसा लग रहा है कि उन्होंने वापसी कर ली है। गौरतलब है कि बाबर ने टेस्ट क्रिकेट में दिसंबर 2022 में अंतिम बार बड़ी पारी खेली थी। इसके बाद से ही वह एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं।

## इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज 1-1 से ड्रॉ

### अब गुरुवार को होगी एकदिवसीय सीरीज




साउथम्पटन (ईएमएस)। खराब मौसम और बारिश के कारण इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टी20 क्रिकेट मैच रद्द हो गया है। इसी के साथ ही तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही है। अब दोनो ही टीमें गुरुवार से ट्रेंट ब्रिज में एकदिवीसीय सीरीज खेलने उतरेंगी। जो बटलर के फिट नहीं होने से इस सीरीज हैरी ब्रूक इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी मिचेल मार्श करेंगे।

5 मैचों की एकदिवसीय सीरीज 19 सिंतबर से शुरू होगी। इसका पहला एकदिवसीय 19 को, दूसरा 21 को, तीसरा 24 को, चौथा 27 को और पांचवा एकदिवसीय 29 तारीख को होगा।

इंग्लैंड टीम इस प्रकार हैः हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्से, जॉर्डन कॉक्स, बेन डकेट, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल रशीद, फिल साल्ट, जेमी स्मिथ, ओली स्टोन, रीस टॉपले, जॉन टर्नर।

ऑस्ट्रेलियाई टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स केरी, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कैमरून ग्रीन, एरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, एडम जाम्पा।



मिलान में सीरीज ए फुटबॉल में खेलती हुई मोंजा और इंटर मिलान की टीमें।

## रयान ने इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में पहला मुकाबला जीता

चेन्नई (ईएमएस)। चेन्नई टर्बो राइडर्स के रेसर मोहम्मद रयान ने मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) में आयोजित इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में पहली जीत हासिल की है। रयान ने तीसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए ये जीत दर्ज की। रयान ने पोल पोजीशन से शुरुआत करते हुए घरेलू ट्रैक पर बेहतरीन लैप्स पूरे किए और अपनी टीम को जीत दिलायी। इससे पहले उनके साथी जॉन लैंकेस्टर ने रेस-1 में जीत हासिल की भी।

रयान ने जीत के बाद उत्साहित होकर कहा, मेरी शुरुआत अच्छी रही और मैंने पूरी रेस में अपना ध्यान बनाए रखा। हमारी टीम ने दोनों रेस जीतकर बड़े अंक हासिल किए, जिससे मैं काफी खुश हूं। फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप में भी रविवार को काफी रोमांचक मुकाबले हुए। इसमें तीन रेसरों ने जीत हासिल की। पहली रेस में श्राची रारह बंगाल टाइगर्स के रुहान अल्वा ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए जीत हासिल की। वहीं दूसरी रेस में जेडन परियत बढ़त के बाद भी पिछड़ गये। दक्षिण अफ्रीकी रेसर अलीभाई से टक्कर के बाद वह नीचे खिसक गये। इस घटना के कारण परियत पर 20 सेकंड की पेनल्टी भी लगायी गयी। इस रेस में अहमदाबाद एपेक्स रेसर्स के वीर शेठ ने जीत हासिल की जबकि रुहान अल्वा दूसरे और बेंगलुरु स्पीडस्टर्स के अभय मोहन तीसरे स्थान पर रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### मयूर शेखर झा ने ईद - उल - मिलादुन्नबी पर दी मुबारकबाद





धनबाद, युवा नेता मयूर शेखर झा ने ईद - उल - मिलादुन्नबी की सभी को मुबारकबाद दी। साथ ही धनबाद की बेहतरी और खुशहाली की कामना की। इस संदर्भ में उन्होंने कहा इंसानियत, सद्भावना और समर्पण का यह मुबारक अवसर आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। सभी स्वस्थ, सुखी और खुशहाल रहें, यही दुआ करता हूं। मयूर शेखर झा ईद - उल - मिलादुन्नबी के अवसर पर धनबाद के नौजवान कमेटी पुराना बाजार,मरहूम मो० इरफान खान वेलफेयर कमेटी, रांगांटांड़ पहुंचे। यहाँ एक दूसरे से गले मिलकर ईद - उल - मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। नौजवान कमेटी पुराना बाजार के संस्थापक सदस्य सोहराब खान ने उन्हें पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। मरहूम मो० इरफान खान वेलफेयर कमेटी, रांगांटांड़ के कैंप में भी मयूर शेखर झा का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। मो० आमिर खान, हुमायूं राजा, मो० वासिम, विश्वनाथ सहित अन्य ने श्री झा का स्वागत किया।
इस दौरान श्री झा ने जुलूस में शामिल लोगों के बीच फल, स्नेक्स और पानी का वितरण किया।
मौक़े पर श्री झा के साथ कांग्रेस नेता कुमार संभव,सूरज कुमार ,याजुद्दीन अंसारी, मकसूद अंसारी, निर्मल दास, जितेन्द्र, अफरिदी, सुनिल, अखिलेश, एहसान , शिवा आदि उपस्थित थे।

# इंजीनियर्स डे पर भिलाई स्टील प्लांट द्वारा आयोजित टेकक्वेस्ट 4.0 क्विज़ में बोकारो स्टील प्लांट की टीम विजयी





बोकारो । इंजीनियर्स डे के उपलक्ष्य में भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) द्वारा बहुप्रतीक्षित मेगा टेक्निकल क्विज, टेकक्वेस्ट 4.0 का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में सेल की विभिन्न इकाइयों, जिनमें राउरकेला स्टील प्लांट, दुर्गापुर स्टील प्लांट, बोकारो स्टील प्लांट, भिलाई स्टील प्लांट इत्यादि शामिल हैं, का प्रतिनिधित्व करने वाली लगभग 70 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रारंभिक, सेमीफाइनल और फाइनल सहित कई चुनौतीपूर्ण राउंड के बाद, बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के गैस यूटिलिटीज विभाग की टीम ने टेकक्वेस्ट 4.0 क्विज़ में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए जीत हासिल की. विजेता टीम में ऋषि कांत गुप्ता, (एजीएम) और एस. डब्ल्यू. किस्पोट्टा, एजीएम शामिल थे। भिलाई स्टील प्लांट की टीम ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया, जबकि बोकारो स्टील प्लांट की एक अन्य टीम, जिसका प्रतिनिधित्व शुभम वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, कॉन्ट्रैक्ट सेल - वर्क्स, और राहुल रंजन पांडा, वरिष्ठ प्रबंधक, हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) ने किया, ने दूसरे उपविजेता का पुरस्कार जीता. इन शीर्ष प्रदर्शन करने वालों के अलावा, बोकारो स्टील प्लांट की दो अन्य टीमें भी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल दौर में पहुँची. इनमें से एक का नेतृत्व श्री देबब्रत चौधरी, महाप्रबंधक, एचएसएम, और जनीशर इमाम, एजीएम, (एसआईजीएस) तथा दूसरी दुर्गा प्रसाद और नयन चक्रवर्ती, दोनों ओसीटी, (डीएनडब्ल्यू विभाग) ने किया. टेकक्वेस्ट 4.0 क्विज़ में कई तरह के विचारोत्तेजक प्रश्न शामिल थे, जिनमें स्टील रोलिंग में उपयोग किए जाने वाले सेंडज़िमिर मिल (जेड-मिल) का विकास, क्राउड-सोर्स्ड वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम, ज़ोमैटो की वेदर यूनियन पहल, कॉफ़ी फ़िल्टर का आविष्कार और जंग और क्षरण के आर्थिक प्रभाव जैसे विषय शामिल थे. विजेताओं को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए. अपने संबोधन में श्री दासगुप्ता ने टेकक्वेस्ट जैसे कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया, जो सेल के कर्मचारियों के विकास और तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ावा देते हैं.

# ब्लास्ट फर्नेस 01 के वाइब्रेटर में नए वी एफ डी सिस्टम का उद्घाटन







बोकारो । 16 सितम्बर को ब्लास्ट फर्नेस विभाग में निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा ब्लास्ट फर्नेस #01 के वाइब्रेटर में नए वी एफ डी (वैरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव) सिस्टम का उद्घाटन किया गया. उद्घाटन के समय अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य ) श्री राजन प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक (अनुरक्षण) श्री पी के बैसाखिया , मुख्य महा प्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस ) श्री एम पी सिंह, ब्लास्ट फर्नेस विभाग के महा प्रबंधक श्री मानस सरकार, श्री विजय कुमार, उप महा प्रबंधक श्री सरोज कुमार के साथ वरीय अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे. इस नए सिस्टम से ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता बढ़ाने के साथ विद्युत् ऊर्जा के खपत में कमी लाने में मदद मिलेगी.

## कसमार में झमाझम बारिश के बीच निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस



बोकारो(ईएमएस)।कसमार प्रखंड के मुस्लिम बहुल गांवों में सोमवार को हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब के जन्मदिन पर ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय से सटे सुरजुडीह, कुलागुजु, गर्री, तेलमुंगा, मोचरो, मंजुरा, बगियारी, बगदा, खैराचातर, करमा, मधुकरपुर, कुरको, मायापुर व आसपास के गांवों में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया।झमाझम बारिश के बावजूद सैकड़ों लोग अपने-अपने घरों से छाता लेकर जुलूस में शामिल हुए। जुलूस में शामिल लोगों ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन की बधाई देते हुए तकरीर व नात भी पेश किया। सरकार की आमद मरहबा, हुजूर की आमद मरहबा के नारे से वातावरण गूंजित रहा। इस दौरान चिस्तिया जामा मस्जिद खानकाह सुरजुडीह व मदरसा मोहम्मदिया रिजविया खुशहाल बाग सुरजुडीह की ओर से मक्का मदीना व काबा बनाकर पूरे सुरजुडीह समेत कसमार व गर्री तक जुलूस निकाला गया।मौके पर मौलाना रूहूल होदा, पीरे तरीकत हाजी शमशुल होदा, मुफ्ती हारून रसीद, रइस कौसर, मौलवी मसिउल्लाह, सोहेल अंसारी, हाफिज तोहिद, फारूक अंसारी, गुलाम साबिर, गुलाम हसनैन, मौलवी कलीमुल्लाह, हफीज सुल्तान, हाफिज मेराज, इदरीश अंसारी, रहमगुल अंसारी, मुफ्ती एहसानुल होदा, नजरुल होदा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## लोयाबाद में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

### लोयाबाद पुलिस प्रशासन रहे मुस्तैद



लोयाबाद।लोयाबाद क्षेत्र में सोमवार को भारी बारिश के बावजूद भी मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा पैगम्बर मोहमाद सल्लाहों अलेह वसल्लम साहब का जन्मोत्सव के अवसर पर ईद-ए-मिलाद उन नबी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया।इस अवसर पर लोयाबाद मोड़ के चौक चौराहों को रंगीन गुब्बारों तथा रंगीन पताखों से सजाया गया था। साथ ही लोयाबाद सात नंबर, लोयाबाद आठ, लोयाबाद पांच नंबर,लोयाबाद छह नंबर,मदनाडीह,आदि लोयाबाद के विभिन्न क्षेत्रों से ताजिया व गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाली गई। जुलूस में छोटे- छोटे बच्चों भी शामिल होकर नारा ए तकबीर अल्लाह हु अकबर नारा ए रिशालत या रसूल अल्लाह के नारे लगाते हुए तथा हाथों में धार्मिक चिन्ह झंडा लेकर चल रहे थे। इस दौरान लोयाबाद मोड़ पर केक बटा गया। वही लोयाबाद पोस्ट ऑफिस के समीप खिचडी, खीर, तथा फल,समेत अनेकों प्रकार की मिठाइयां भी बटा गया। वहीं लोयाबाद आठ नंबर स्थित मुस्लिम कमिटि के कार्यालय के समीप मुस्लिम कमेटी इलाका लोयाबाद की ओर से केक बाटीं गई।जुलूस लोयाबाद मोड़ होते हुए पंचायत भवन तक पहुंचा वहाँ से सभी जुलूस सेन्द्रा मोड़ तक गया। जहां से सभी जुलूस वापस अपने अपने घर की ओर लौट गए।वहीं लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार अपने दल बल के साथ मुस्तैद थे।

# बारिश से नदियां उफान पर, कई गांवों का संपर्क टूटा



लोहरदगा(ईएमएस)।जिले में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से नदियों और तालाबों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। सभी नदियां खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रही हैं।इधर तेज बारिश का पानी लोहरदगा- बेड़ो मुख्य मार्ग पर स्थित सीठियो सेरेंगहातू से गुजरने वाली दक्षिण कोयल नदी पर पुरानी पुल के ऊपर से बह रहा है।बरही के पास पुलिया से ऊपर पानी भर जाने से घंटों लोहरदगा-रांची भाया बेड़ो का आवागमन बाधित रहा। लोहरदगा के कई गांवों का संपर्क मुख्यालय से टूट गया है। लोहरदगा शहरी क्षेत्र स्थित विकटोरिया टैंक बड़ा तालाब में पहाड़ी क्षेत्र से उतरने वाले पानी से बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है।बारिश की वजह से कई लोगों की जान जोखिम में है। कई गरीबों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लोहरदगा शहरी क्षेत्रों में भी कई जगहों पर जलजमाव से लोगों को परेशानी हो रही है।कुल मिलाकर यह बारिश लोहरदगा में कहर बरपा रही है।साथ ही जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत कुजरा-किस्को भाया होंदगा रोड का पुल टूटने से कुजरा-किस्को का संपर्क टूट गया।यहां पर बता दें कि किस्को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरकी से नवाडीह पंचायत को जोड़ने वाले पुल टूट जाने से लोगों का संपर्क टूट गया है।बारिश से दक्षिण कोयल नदी, शंख, फुलझर नदी, बंजारी नदी, उपर तुरियाडीह, हेसाग, गम्हरिया, केरार, हुसरू, सुकरी नदी उफान पर है. लोहरदगा-भंडरा-रांची रोड पर आवागमन बंद है। पहाड़ी नदियों के तेज बहाव की वजह से नदी और नाले के किनारे लगे सैकड़ों एकड़ पर लगी फसल भी बह गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।धान के खेत बह गए।सब्जी की खेती जिले भर में लगभग नष्ट हो गयी है।बराटपुर, बाघा, लालपुर तिगरा, हरमू, थाना टोली, कोयला टोली आदि गांव में जलजमाव परेशानी का सबब बन गया है। उल्लेखनीय है कि कुडू प्रखंड में भी कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।हनहट, जिंगी और कोलसिमरी में कोयल का पानी पुल के ऊपर आ गया है।उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर जिला प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है. जिले के सभी नदियां उफान पर हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से एसडीओ अमित कुमार मुख्य रूप से लगे हैं।लोहरदगा-बेड़ो मुख्य पथ पर बैरिकेड कर आवागमन रोक दिया गया था।साथ ही पुलिस फोर्स के साथ दंडाधिकारी भी तैनात किए गए हैं। शहर के कार्यपालक पदाधिकारी समेत जिले में सभी अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, जनसेवकों और पंचायत सेवकों को बरसात से हुए नुकसान का आकलन करने को कहा गया है।कई घरों के गिरने की भी सूचना है। पंचायत सेवकों को निर्देश दिया गया है कि वह पंचायत भवनों समेत अन्य सरकारी भवनों को आश्रय गृह के रूप में उपयोग करते हुए पीड़ित जनों को वहां रखकर आपदा प्रबंधन के तहत राहत पहुंचाएंगे।उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से बताया कि सुबह से ही तमाम प्रभावित इलाकों का जिला एवं पुलिस प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए हैं। उपायुक्त द्वारा निर्देशित सभी जगहों पर फोर्स तैनात कर दी गई है।

## लगातार हो रही बारिश के चपेट में आकर एक घर अचानक से गिर गया

### हीरालाल रविदास और उनके पत्नी समेत तीन छोटे छोटे बच्चे घर से भाग कर किसी तरह जान बचाया



लोयाबाद।लोयाबाद एकडा हरिजन बस्ती में रविवार तड़के सुबह करीब तीन बजे लगातार हो रही बारिश के चपेट में आकर एक घर अचानक से गिर गया, जिससे हीरालाल रविदास और उनके पत्नी समेत तीन छोटे छोटे बच्चे भाग कर किसी तरह जान बचाया। घटना के संबंध हीरालाल भुक्त भोगी ने बताया कि उनका घर ईंटा तथा करकट का था और लगातार भारी बारिश के कारण जमीन धंसने से घर गिर गया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भी घर के पास जमीन में भूधंसान हुआ था, जिसे गांव वालों ने मिलकर किसी तरह भरा था, लेकिन बारिश के कारण जमीन फिर से धंस गई। हमलोग सभी परिवार दहशत में है। कभी भी हमलोगों की जान जा सकती है । लेकिन न तो कोलियरी प्रबंधन और न ही जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई सुनवाई कर रहा है। जिसको लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने चुनाव में इसका विरोध करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वे अब नेताओं की उदासीनता को बर्दाश्त नहीं करेंगे।इस घटना के बाद बीसीसीएल प्रबंधक की ओर से कोई पहल नहीं की गई है।जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।लेकिन इस हादसे ने ग्रामीणों में आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि गोपालीचक में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा हेवी ब्लास्टिंग करने की वजह से जमीन और घर फटकार जमीन दोज हो रहा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता सिर्फ वोट मांगने आते हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं करते हैं।



धनबाद में लगातार भारी वारिश के कारण गोल्फ ग्राउंड की ओर जाने वाली रोड पर पेड़ गिर जाने के कारण यातायात बाधित रहा।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन





हाजीपुरः पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा हाजीपुर एवं पटना में अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर तीन आयु वर्ग के बच्चों को प्रतियोगिता में शामिल किया गया । पहले आयुवर्ग में 6 से 9 वर्ष, दूसरे आयुवर्ग में 9 से 12 वर्ष तथा तीसरे आयुवर्ग में 12 से 15 वर्ष के बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती रंजना द्वारा बच्चों को उपहार एवं अल्पाहार वितरित किया गया । इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा श्रीमती अर्चना चौधरी, श्रीमती प्रियंका सिंह एवं श्रीमती विनीता प्रसाद भी उपस्थित थीं ।

## बीते तीन दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के बीच धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अपने क्षेत्र का किया दौरा





धनबाद, अधिक वर्षा के कारण बाबुडीह के कई इलाके जलमग्न है, विधायक राज सिन्हा नें पूर्व पार्षद, अशोक पाल के साथ इलाके का दौरा कर नगर निगम के पदाधिकारियों से वार्ता कर पानी निकासी की तत्काल व्यवस्था करने की बात कही। इस पर पदाधिकारियों नें कहा की तत्काल जल की निकासी के लिए अतिरिक्त निकास मार्ग खोले गए है, जल्द ही सड़कें पानी से मुक्त होंगी।

# बी एस एल के एसएमएस-II और सीसीएस विभाग में वित्तीय और लागत प्रबंधन पर "जागृति" कार्यशाला का आयोजन





बोकारो । बी एस एल के एसएमएस-II & सीसीएस विभाग में वित्तीय और लागत प्रबंधन पर "जागृति" कार्यशाला का आयोजन मुख्य महा प्रबंधक (एसएमएस-II&सीसीएस) की अध्यक्षता में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के द्वारा आयोजित किया गया. कार्यशाला में एसएमएस-II & सीसीएस विभाग के 24 वरीय अधिशासियों ने भाग लिया था. वर्तमान व्यावसायिक परिदृश्य में बोकारो स्टील के विभिन्न विभागों में वित्तीय और लागत प्रबंधन विषय पर जागरूकता बढ़ाने और इस्पात बाजार में अग्रणी बने रहने के लिए कार्यकुशलता का निर्माण और सुधार के उद्देश्य से "जागृति" कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है.कार्यशाला के प्रारम्भ में सुश्री नीता बा, महा प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) के द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया तथा इस्पात बाजार के वर्तमान व्यावसायिक परिदृश्य के बारे में बताया गया.
तदोपरांत वित्त एवं लेखा विभाग के महा प्रबंधक श्री निर्मल कुमार सिंह, उप महा प्रबंधक श्री अनुराग सिंघल, वरीय प्रबंधक श्री ज्ञान प्रकाश एवं उप प्रबंधक श्री निशांत कुमार की टीम के द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एसएमएस-II & सीसीएस विभाग के कॉस्ट ऑफ़ प्रोडक्शन तथा बीएसएल के समग्र प्रदर्शन पर उसके प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रभाव के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी. कार्यशाला का सञ्चालन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सहायक महा प्रबंधक श्री अमित आनंद के द्वारा किया गया जिसमे श्री सिद्धो चरन मुर्मू , अनुदेशक का विशेष योगदान था.

# संपूर्ण कोयलांचल में भारी बारिश के बावजूद मनाया गया ईद मिलादुन्नबी





### सरकार की आमद मरहबा,दिलदार की आमद मरहबा,आका की आमद

धनबाद, संपूर्ण कोयलांचल में भारी बारिश के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी,ज्ञात हो की इस्लाम धर्म के आखरी संदेश वाहक मोहम्मद साहब के दुनिया में आगमन का दिन 12 रबी उल अव्वल जश्न ईद मिलादुन्न नबी कोयलांचल में धूमधाम के साथ मनाया गया l भारी बारिश के बावजूद सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग अपने अपने घरों से बाहर निकलने लगे l सड़कों पर इस्लामी हरा झंडा और तिरंगा हाथों में लिए मुस्लिम समुदाय के लोग सरकार की आमद मरहबा,दिलदार की आमद मरहबा,आका की आमद मरहबा के गगनचुंबी नारा लगा रहे थे l रमिक चौक रांगाटाड़ के समीप नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार द्वारा भव्य मंच बनाया गया था l जिसकी साज सज्जा आकर्षण का केंद्र बना हुआ था l श्रद्धालुओ पर पुष्प वर्षा की गई और फल वितरण किया गया l ड्रोन द्वारा जुलूस की मॉनिटरिंग की जा रही थी l नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार द्वारा पेय जल,फर्स्ट एड और एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई थी l नौजवान कमिटी के सदस्य सड़क पर ट्राफिक व्यवस्था में यातायात पुलिस के साथ सहयोग करते हुए नज़र आए l

जुलूस को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से पुलिस बल की चौक चौराहों पर मुकम्मल व्यवस्था की गई थी l नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार के संस्थापक सदस्य सोहराब खान और इमरान अली ने हिंदी दैनिक समाचार पत्र कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार, सह ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को बताया की पिछले 14 वर्षों से नौजवान कमिटी अपनी सामाजिक कार्य में जुटी हुई है l सोहराब और इमरान अली ने आगे बताया की नौजवान कमिटी के सक्रिय सदस्य हाजी मो०इमरान को हम लोगों ने इस वर्ष खोया है,आज हम लोग बड़ी शिद्दत से अपने प्रिय सदस्य मरहूम हाजी मो.इमरान को याद कर रहे हैं l विदित हो की नौजवान कमिटी के सदस्य हाजी मो०इमरान कैंसर से पीड़ित थे और इस वर्ष अगस्त में उनका निधन हो गया था,उनकी याद में नौजवान कमिटी द्वारा जगह जगह पोस्टर भी लगाए गए थे l नौजवान कमिटी के मंच पर धनबाद विधायक राज सिन्हा,पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल,समाजसेवी कुंभनाथ सिंह,कांग्रेस नेता अभिजीत राज,मयूर शेखर झा,तबरेज खान,रविन्द्र वर्मा,रितेश सिंह,संदीप कुमार,अनवर शमीम,राजेश्वर यादव, सुल्तान अहमद खान,कुमार सम्भव डॉक्टर नुमान सिद्दीकी,जावेद खान,यातायात पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार सिंह,बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार, हाजी नायब अली, रियाज खान, पूर्व पार्षद अशोक पॉल, पूर्व पार्षद निसार आलम,जामा मस्जिद सादर अफजल खान, विजय सैनी, फारूक काजी,साबिर आलम, जुहैर आलम, आनंद चौरसिया, सहित धनबाद के कई गण्यमान लोग उपस्थित थे l यातायात पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार सिंह और बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार के साथ नौजवान कमिटी पुराना बाज़ार के सदस्यों द्वारा शांति का प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाया l कार्यक्रम को सफल बनाने में नौजवान कमिटी के सोहराब खान, इमरान अली, फिरोज अली,परवेज खान, मुमताज आलम,अफजल अंसारी, तनवीर अंसारी, सलाउद्दीन महाजन,गुलाम मुरसलीन, हिमायूं रज़ा, मोइन अंसारी, मो०शहाबुद्दीन, आरजू आलम, मंजर खान, मिस्टर खान, अफरोज खान, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा l

## मैथन सबस्टेशन का ब्रेकर ब्लास्ट 50 हजार की आबादी अंधेरे में

धनबाद(ईएमएस)।मैथन के संजय चौक स्थित बिजली सबस्टेशन का ब्रेकर सोमवार सुबह करीब आठ बजे ब्लास्ट कर गया। इससे सबस्टेशन से जुड़े क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई है। करीब 50 हजार की आबादी अंधेरे में है।बिजली गुल होने से मैथन, संजय चौक, वनमेढ़ा, प्रोफेसर कॉलोनी, ईएसआई अस्पताल, मेढ़ा, शिवलीबाड़ी, कालीमंडा, गलफरबाड़ी आदि क्षेत्र प्रभावित हैं।इन क्षेत्रों में ब्लैकआउट की स्थिति है। बिजली नहीं रहने से क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों का उत्पादन प्रभावित है। जेबीवीएनएल की लचर व्यवस्था का आलम यह है कि शाम चार बजे तक सबस्टेशन में मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया था। ज्ञात हो कि ब्रेकर ब्लास्ट होने से पहले से ही क्षेत्र के उपभोक्ता लोड शेडिंग की समस्या झेल रहे थे। बीवीएनएल के लापरवाही के कारण पिछले दो दिन में पीएचईडी फीडर, बरमुड़ी फीडर करीब आठ-आठ बार ब्रेकडाउन हो चुका है। जिसके कारण पिछले दो दिन में बमुश्किल से मात्र आठ घंटे ही बिजली आपूर्ति हो पाई है। जेबीवीएनएल, निरसा टू के कनीय अभियंता ने बताया कि ब्रेकर की मरम्मत के लिए धनबाद से टीम आ रही है।टीम के आने के बाद ब्रेकर ठीक करने में करीब छह घंटे का समय लगेगा। देर रात तक बिजली बहाल होने की संभावना है।

## धनबाद में 10 घंटा से बिजली नहीं रहना दुर्भाग्यपूर्ण : ब्रजेंद्र सिंह

धनबाद, जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की सुबह 8 बजे से संध्या 7 बजे तक धनबाद में बिजली की आपूर्ति लगभग जिला के 90% जगह पर नहीं हुई है l साथ ही बिजली नहीं रहने के चलते सप्लाई का पानी भी नहीं चल पा रहा है l जिससे धनबाद की जनता त्राहिमाम बोल रही है l बिजली विभाग के कई अधिकारियों से बात करने का प्रयास करने पर अंत में जी एम ने बताया की कही कही पेड़ गिर जाने के चलते बिजली सप्लाई में रुकावट हुई है l लेकिन उम्मीद की जाती है कि एक घंटा में बिजली आ जानी चाहिए l धनबाद ऐसे जगह में जो औद्योगिक नगरी और कोयले की राजधानी के नाम से जाना जाता है, वहां इतनी देर बिजली नहीं रहने से क्या स्थिति हो सकती है, इसका आकलन करना मुश्किल है l यही स्थिति है तो धनबाद स्मार्ट सिटी कैसे बन पाएगा l बिजली विभाग के अधिकारियों को अबिलम्ब ध्यान देना चाहिए और पूरे शहर और गांव में बिजली की सप्लाई शुरू होनी चाहिए आगे उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन सरकार को बदनाम करने के लिए भी वैसे पदाधिकारी कुछ धनबाद में स्थापित है l

## बीसीसीएल जल्द से जल्द गोफ भराई कर तार से घेरा बंदी करें : रागिनी सिंह

**बस्ताकोला स्थित नागेश्वर मंदिर पहुंची रागिनी सिंह, कहा बीसीसीएल अधिकारियों की है लापरवाही**




भगतडीह, (धनबाद ), बस्ताकोला स्थित नागेश्वर श्री मंदिर परिसर में हुई गोफ को देखने सोमवार सुबह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह पहुंची। रागिनी सिंह ने बीसीसीएल अधिकारियों से बात कर जल्द से बात काम पूरा करने को कहा। उन्होंने आगे कहा की काम में किसी तरह की लापारवाही न बरती जाए। जिससे कि आम जनता को दिक्कत न हो। रागिनी सिंह ने कहा कि एनएचआई के आला अधिकारी से भी बात करेंगी। दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए जल्द गोफ की भराई कर तार से घेरा बंदी की जाए, ताकि कोई अनहोनी न हो। बीसीसीएल यहां लाइट की भी व्यवस्था करे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष तरुण राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी, रामदेव शर्मा, संजय रवानी, बलराम हरी, काजू राय, देशराज चौहान, राजू दास, जवाला पासवान, रूपेश गुप्ता, रंजीत दास उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ऑफ धनबाद कोल कैपिटल का तृतीय पदस्थापना समारोह संपन्न







धनबाद, वसुधा रेस्टोरेंट सरायढेला में वर्ष 2024-25 के लिए लायंस क्लब ऑफ कोल कैपिटल के तृतीय पदस्थापना समारोह में नवीन पदाधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण लिया गया। जिसमें वर्ष 2024-25 के अध्यक्ष मुकेश बर्मन, सचिव, संतोष यादव, कोषाध्यक्ष प्रज्जवल भट्टाचार्य समेत सभी नये पदाधिकारियों को पदस्थापना अधिकार लायन एल. सी. राठी द्वारा शपथ दिलाए गये। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप लायन इंद्र मोहन मेनन तथा पदस्थापना अधिकारी के रुप मे लायन लक्ष्मी चंद राठी ने सभी सदस्यों का हौसला अफजाई करते हुए बधाई दी। मुख्य अतिथि लायन आइ.एम. मेनन को क्लब के वरीय सदस्य लायन परेश ठक्कर ने शॉल एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किए। तत्पश्चात क्लब के सदस्य लायन डॉ.राजीव गोप को उनके व्यक्तिगत उपलब्धियों तथा यूएसए से डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करने के उपलक्ष्य में शॉल एव पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे अन्य क्लब से आये हुये सभी पदाधिकारी को भी शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में धनबाद के सभी क्लब के सदस्यों ने तृतीय पदस्थापना समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराके कार्यक्रम को सफल बनाया। इसमें मुख्य रूप से लायंस क्लब धनबाद, लायंस क्लब गोविंदपुर, लायंस क्लब सिंदरी, लायंस क्लब कतरास, लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल के सदस्यो ने भाग लिया । जिसमे से लायन सोमनाथ प्रूथी, लायन राजेश चौरासिया,रौशन अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहें।

लायन क्लब ऑफ कोल कैपिटल के मेन्टर लायन प्रशांत पांडे एवं लायन सुनील सिंह ने कार्यक्रम का सफल मंच संचालन किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में कोल केपिटल के लायन राजीव गोप, लायन विजय सिंह, लायन कंवर गोप, लायन सुरेंद्र प्रसाद, लायन परेश ठक्कर, लायन भृगु प्रामाणिक, लायन संजय कुमार, लायन संदीप कौशल, लायन विक्रम सिंह, लायन दिलीप विश्वकर्मा, लायन सत्यवान रवानी,लायन नीलु दत्ता, लायन, एन विलोचन एव लायन, गंगाधर गोप आदि उपस्थित थे।

## जामाडोबा में कार्यरत सिक्योरिटी राजेश यादव पर अज्ञात अपराधियों द्वारा किया गया हमला



धनबाद, जोड़ापोखर, टाटा स्टील जामाडोबा में कार्यरत एस आई एस ( SIS ) सिक्योरिटी के राजेश यादव पर रविवार की रात जानलेवा हमला अपराधियों ने किया । उक्त घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी टाटा स्टील कंट्रोल रूम को दी l जिसके बाद जोड़ापोखर पुलिस और टाटा स्टील के सुरक्षा कर्मियों पहुँच गए और गंभीर रूप से घायल राजेश यादव को जामाडोबा में भर्ती कराया गया l जहां से बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। घायल राजेश की नाक का हड्डी टूट गई है, ऑपरेशन किया गया है। दाहिना हाथ क्रेक कर गया हैं l दोनों पैरों में हॉकी स्टिक और रड से बुरी तरह पिटाई की गई है। घटना के संबंध में गम्भीर रूप से घायल राजेश ने बताया कि टाटा कोलयरी जामाडोबा में डियूटी करते है रविवार की रात करीब साढ़े नो बजे मोटरसाइकिल से ड्यूटी जा रहे थे, ज्यो ही पंजाबी धौड़ा कम्युनिटी सेंटर के पास पहुंचा तो छह- सात अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया । जिसके बाद उनकी स्थिति नाजुक हो गई और सड़क पर ही गिर गए । घटना की खबर मिलने के बाद यादव महासभा के अशोक यादव पहुचे और पीड़ित से घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमलावरो की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है l थाने में लिखित शिकायत भी कर दिया गया हैं । अगर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश यादव महासभा पुलिस अधीक्षक से मिलकर सारी घटना से अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि जोडापोखर में अपराधियों का मनोबल बढ़ने से आए दिन कोयला कर्मियों पर जानलेवा हमला हो रहा है। पिछले दिनों बरारी कोलियरी के छह कर्मियों को लोहा चोर पिटाई कर दिया था। बरारी के ओवरमेंन पर जानलेवा हमला हुआ था । पुलिस के नाकामी से घरो में चोरी,लौह अयस्क चोरी, के साथ साथ अपराधिक घटनाएं बढ़ गई है।

## करकेंद निवासी बिट्टू कुमार सिंह को केंदुआ करकेंद नगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया



धनबाद, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह के द्वारा सुदामडीह कॉलोनी ,करकेंद निवासी बिट्टू कुमार सिंह को केंदुआ करकेंद नगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनित किया है l बिट्टू सिंह कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता है और कांग्रेस को इस क्षेत्र में अपने कार्य से मजबूती देते रहे है l उनके नगर अध्यक्ष मनोनयन होने पर वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता बासुदेव गुप्ता, श्री राम चौरसिया, जिला महासचिव संजय जायसवाल, अवधेश पासवान, नवीन पासवान, सेवा लाल सोनकर, राजीव झा ,पवन रजक,गणेश पासवान,संदीप यादव, प्रमोद यादव,अरुण कुमार,आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी l साथ ही कांग्रेस के धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिट्टू सिंह जैसे समर्पित कार्यकर्ता के सक्रियता से क्षेत्र में कॉंग्रेस कार्यक्रम में तेजी आएगा l जिससे संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत होगा ।

## कोयला भवन सभागार में हिंदीतर भाषियों के लिए अनुवाद एवं शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन




धनबाद । 16 सितम्बर को कोयला भवन सभागार में हिंदीतर भाषियों के लिए अनुवाद एवं शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री सरोज कुमार पांडेय, महाप्रबंधक (कल्याण), श्री सुनील कुमार, महाप्रबंधक (कार्मिक) और श्री सत्यप्रिय रॉय, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें हिंदी में कार्य करने के लाभ और सरलता के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।

श्री सरोज कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा, "विकसित राष्ट्रों ने अपनी स्वभाषा को अपनाकर ही प्रगति की है। हमें भी हिंदी को कार्य में शामिल कर इसे सहज और प्रभावी बनाना चाहिए।" इस प्रतियोगिता में लगभग 35 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की और अपने अनुवाद कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत महान साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। दिलीप कुमार सिंह, प्रबंधक (हिन्दी) ने निराला के जीवन और साहित्यिक योगदान का परिचय प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित लोगों को उनकी साहित्यिक धरोहर से परिचित कराया गया।

यह प्रतियोगिता हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हिंदीतर भाषी कर्मचारियों को हिंदी में दक्षता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# हिंदी साहित्य विकास परिषद 29 सितंबर को एक सौ साहित्यकारों को करेगी सम्मानित

### शाम को पार्श्व गायिका पलक मुच्छाल व पलाश मुच्छाल के द्वारा गोल्फ ग्राउंड में होंगी संगीतमयी प्रस्तुति,




धनबाद, हिन्दी साहित्य विकास परिषद् ट्रस्ट द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें ट्रस्ट के सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि आगामी 29 सितम्बर दिन रविवार को हिन्दी साहित्य विकास परिषद् ट्रस्ट अपने 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड के 100 साहित्यकारों सम्रग साहित्य, सृजन एवं साधना के लिए हिन्दी सेवी सम्मान से सम्मानित करेगी। साथ ही राज्य एवं शहर के 11 समाजसेवियों को समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय आनंद ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बॉलीबुड की प्रसिद्ध पाश्व गायिका पलक मुच्छाल व पलाश मुच्छाल के द्वारा संगीतमयी प्रस्तुति होगी। यह कार्यक्रम शहर के गोल्फ ग्राउण्ड में संध्या 7 बजे से प्रारम्भ होगा। गायिका पलक मुच्छाल हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाती है। इस कार्यक्रम से भी अर्जित राशि भी पलक हार्ट फाउण्डेशन को दी जायेगी l जिससे हार्ट से ग्रसित बच्चों की हार्ट सर्जरी की जायेगी। कार्यक्रम में प्रवेश पास के माध्यम से आम जन इस कार्यक्रम में भाग ले सकते है। प्रवेश पास मधुलिका ग्रुप के सभी आउटलेट पर उपलब्ध होगा। आगामी समय में हिन्दी साहित्य विकास परिषद् हिन्दी के उत्रोत्तर विकास के लिए साहित्य ग्रन्थ भाग - 2 कहानी संग्रह का भी लोकापर्ण करने जा रही है। जिसका एक मात्र उद्देश्य साहित्य को आम जनों से जोड़ना है। हिन्दी साहित्य विकास परिषद् ट्रस्ट बहुत जल्द साहित्य सदन की नींव भी रखने जा रही है।प्रेस वार्ता में राकेश शर्मा, संजय आनंद, रितेश गुटगुटिया, भरत नरूला, शिवबालक सिंह, जय प्रकाश अग्रवाल, अशोक चौरसिया आदि मौजूद थे।

## ईद मिलाद उन नबी पर पगड़ी पहनाकर किया स्वागत




धनबाद, श्रमिक चौक के समीप मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर इरफान खान मेमोरियल कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मंच पर वार्ड नंबर 20 के समाजसेवी बसंत कुमार यादव,कावेरी रेस्टोरेंट के सुदीस्ट कुमार, ओबीसी एससी एसटी एवं माइनॉरिटी के जिला महासचिव गोपाल यादव, नरेश यादव समेत अन्य को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इन सभी ने ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर धनबाद वासियों सहित कमेटी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।